kanwhizztimes
@kanwhizztimes
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

वर्ष-14 | अंक-229 | रविवार, 21 सितम्बर 2025 | नगर संस्करण | लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित | मूल्य- ₹ 3.00 | पृष्ठ-12



कभी-कभी अधिकारी अपनी जान बचाने के लिए अदालत या कैट के आदेशों को चुनौती देने के लिए अपील दायर करते हैं, क्योंकि फैसलों में उनके द्वारा लिए गए निर्णयों पर सवाल उठाए गए होते हैं। अर्जुन राम मेघवाल

शौर्य और पराक्रम की छह दशक लंबी विरासत छोड़ जायेगा मिग-21 11

गोबर से अब हरित ऊर्जा बनेगी दिल्ली : रेखा गुप्ता 12

## संक्षेप

### ऑनलाइन-ऑफलाइन के फ़ेर में फंसे दो हजार शिक्षकों के तबादले

**लखनऊ।** सहायता प्राप्त इंटर कॉलेजों में ऑफलाइन आवेदन करने वाले शिक्षकों के तबादले फंस गए हैं। ऑनलाइन आवेदन करने वाले करीब 1200 शिक्षकों के तबादले हो चुके हैं। ऑफलाइन आवेदन करने वाले शिक्षक अब पछता रहे हैं। ऑफलाइन आवेदन करने वालों की संख्या करीब 2000 बताई जा रही है। प्रदेश में एडेड माध्यमिक स्कूलों में वर्तमान शैक्षिक सत्र में स्थानांतरण के लिए पहले ऑफलाइन आवेदन फॉर्म मांगे गए। लगभग 2000 शिक्षकों ने इसके लिए आवेदन किए। फिर बीते 27 जून को आदेश जारी हुआ कि स्थानांतरण के लिए ऑनलाइन आवेदन फॉर्म भरे जाएंगे। इस आदेश में कहा गया कि जिन शिक्षकों ने 7 जून तक ऑफलाइन आवेदन किए हैं उसे मान्य माना जाएगा, लेकिन इनका अभी तक स्थानांतरण नहीं हुआ।

### राहुल गांधी के बयान पर कोर्ट ने लिया संज्ञान

**लखनऊ।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी के एक कथित राष्ट्र विरोधी बयान को लेकर मुश्किलें बढ़ गई हैं। लखनऊ की एमपी-एमएलए कोर्ट ने राहुल गांधी समेत 6 कांग्रेस नेताओं के खिलाफ दायर एक परिवाद पर संज्ञान लिया है। कोर्ट ने मामले में वादी के बयान दर्ज करने के लिए एक अक्तूबर की तारीख तय की है। कांग्रेस मुख्यालय के लोकार्पण के अवसर पर राहुल गांधी के राष्ट्र विरोधी बयान 'वह भारत राष्ट्र के खिलाफ लड़ रहे हैं पर दाखिल परिवाद का कोर्ट ने संज्ञान लिया।

### भारत से अमेरिका के लिए एयर टिकट की बुकिंग अचानक बढ़ी

**नयी दिल्ली।** अमेरिका द्वारा एच-1बी वीजा के शुल्क में अचानक कई गुणा वृद्धि के बाद भारत से अमेरिका के लिए तत्काल यात्रा के लिए टिकट बुकिंग शनिवार को अचानक बढ़ गयी है, जिससे किराये में भी बढ़ोतरी देखी जा रही है। ऑनलाइन टूर एंड ट्रैवल कंपनी मेकमाईट्रिप के एक प्रवक्ता ने एक बयान में कहा, अमेरिका के लिए अंतिम क्षणों में करायी जाने वाली बुकिंग में आज सुबह उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। लंबी दूरी के मार्गों पर उसी दिन या अगले दिन की यात्रा के लिए इस तरह से बुकिंग बढ़ना असामान्य है। उल्लेखनीय है कि अमेरिका द्वारा शुल्क बढ़ाकर एक लाख डॉलर करने के बाद अमेजन और माइक्रोसॉफ्ट समेत कुछ कंपनियों ने एच-1बी वीजा पर अमेरिका में काम करने वाले अपने ऐसे कर्मचारियों को तत्काल देश लौटने के लिए कहा है, जो इस समय किसी दूसरे देश में हैं। इस कारण टिकट की बुकिंग बढ़ी है। मांग बढ़ने से भारत से अमेरिका का किराया भी 50 प्रतिशत तक बढ़ गया है। आम तौर पर इस समय किराया 35 से 40 हजार रुपये के बीच होता है, लेकिन 20 और 21 सितंबर की यात्रा के लिए एयर इंडिया का किराया 55 हजार से 60 हजार रुपये के बीच है।

# अब ट्रंप ने फोड़ा 'वीजा बम'

## एच1बी वीजा शुल्क 100,000 अमेरिकी डॉलर करने की घोषणा, भारतीयों पर सबसे ज्यादा असर

एजेंसी

न्यूयॉर्क/वाशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को एक घोषणापत्र पर हस्ताक्षर किए जिसके तहत एच1बी वीजा शुल्क को सालाना 100,000 अमेरिकी डॉलर तक बढ़ा दिया जाएगा।

ट्रंप के इस कदम से अमेरिका में काम करने वाले भारतीय पेशेवरों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका है। व्हाइट हाउस के स्टाफ सचिव विल शार्फ ने कहा कि एच1बी गैर-प्रवासी वीजा कार्यक्रम देश की वर्तमान आव्रजन प्रणाली में 'सबसे अधिक दुरुपयोग की जाने वाली वीजा' प्रणालियों में से एक है। उन्होंने कहा कि इससे उन उच्च कुशल कामगारों को अमेरिका में आने की अनुमति दी जाती है जो उन क्षेत्रों में काम करते हैं जहां अमेरिकी काम नहीं करते। ट्रंप प्रशासन ने कहा कि 100,000 डॉलर का शुल्क यह सुनिश्चित करने के लिए लगाया गया है कि देश में लाए जा रहे लोग वास्तव में अत्यधिक कुशल हों और अमेरिकी कामगारों का स्थान नहीं लें। इस कदम का उद्देश्य अमेरिकी कामगारों की सुरक्षा और यह सुनिश्चित करना है कि कंपनियों के लिए 'वास्तव में असाधारण लोगों' को नियुक्त करने और उन्हें अमेरिका लाने का रास्ता साफ हो। ट्रंप ने वाणिज्य मंत्री हॉवर्ड लुटनिक की मौजूदगी में ओवल ऑफिस में घोषणापत्र पर हस्ताक्षर करते हुए कहा, '' हमें कामगारों की जरूरत है, हमें बेहतरीन कामगारों की जरूरत है और इससे यह सुनिश्चित होगा की ऐसा ही हो। लुटनिक ने कहा कि




रोजगार आधारित ग्रीन कार्ड कार्यक्रम के तहत प्रति वर्ष 281,000 लोगों को प्रवेश मिलता है, तथा वे लोग औसतन प्रति वर्ष 66,000 अमेरिकी डॉलर कमाते हैं, तथा सरकारी सहायता कार्यक्रमों में शामिल होने की उनकी संभावना पांच गुना अधिक होती है। उन्होंने कहा, '' तो हम निचले चतुर्थक (बॉटम क्वार्टाइल) वर्ग को, औसत अमेरिकी से नीचे दर्जे पर भर्ती कर रहे थे। यह अतार्किक था, दुनिया का एकमात्र देश जो निचले चतुर्थक वर्ग को भर्ती कर रहा था। लुटनिक ने कहा,'' हम ऐसा करना बंद करने जा रहे हैं।

हम शीर्ष पर केवल असाधारण लोगों को ही लेंगे न कि उन लोगों को जो अमेरिकियों से नौकरियां छीनने की कोशिश कर रहे हैं। वे व्यवसाय शुरू करेंगे और अमेरिकियों के लिए नौकरियां पैदा करेंगे। और इस कार्यक्रम के तहत अमेरिका के खजाने के लिए 100 अरब अमेरिकी डॉलर से ज़्यादा धनराशि जुटाई जाएगी। ट्रंप ने कहा कि देश इस राशि का इस्तेमाल करों में कटौती और कर्ज चुकाने में करेगा। ट्रंप ने कहा, '' हमें लगता है कि यह बहुत सफल होगा। लुटनिक ने कहा कि 1,00,000 अमेरिकी डॉलर का शुल्क सालाना लिया जाएगा। इस कदम का उन भारतीय कर्मचारियों पर गहरा असर पड़ेगा जिन्हें प्रौद्योगिकी क्षेत्र की कंपनी और अन्य कंपनियां एच1बी वीजा पर नियुक्त करती हैं। ये वीज़ा तीन साल के लिए वैध होते हैं और इन्हें अगले तीन साल के लिए नवीनीकृत किया जा सकता है।

### उद्योग और नीति निर्माता समाधान निकालेंगे : भारत

**नई दिल्ली।** एच-1बी वीजा को लेकर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नए शुल्क और सख्त नियमों की घोषणा पर भारत सरकार ने संतुलित प्रतिक्रिया दी है। विदेश मंत्रालय की तरफ से जारी बयान में इस कदम को दोनों देशों के आर्थिक हितों को प्रभावित करने वाला बताया गया है , साथ ही उम्मीद जताई है कि उद्योग और नीति ● शेष पेज 11 पर

## नरेन्द्र मोदी एक 'कमजोर प्रधानमंत्री' हैं : कांग्रेस

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने अमेरिका द्वारा एच-1बी वीजा पर एक लाख डॉलर (88 लाख रुपये) का शुल्क लगाए जाने के बाद शनिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधा और दावा किया कि वह एक 'कमजोर प्रधानमंत्री' हैं।

पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने जुलाई, 2017 में 'एक्स' (उस समय के ट्विटर) पर किए गए अपने एक पोस्ट को साझा करते हुए प्रधानमंत्री को निशाने पर लिया। उस पोस्ट में भी कांग्रेस नेता ने प्रधानमंत्री मोदी पर 'कमजोर प्रधानमंत्री' होने का आरोप लगाया था।


लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने शनिवार को दावा किया, 'मैं इस बात को दोहराता हूं, भारत के पास एक कमजोर प्रधानमंत्री हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 'कुछ गैर आप्रवासी कामगारों के प्रवेश पर रोक' संबंधी सरकारी आदेश पर शुक्रवार को हस्ताक्षर किए। इस फैसले के तहत उन कामगारों के अमेरिका में प्रवेश पर रोक लगाई जाएगी, जिनके एच1बी आवेदन के साथ एक लाख अमेरिकी डॉलर का भुगतान नहीं किया गया होगा। उधर, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने प्रधानमंत्री मोदी पर कटाक्ष करते हुए कहा कि 'गले लगना ● शेष पेज 11 पर

# 100 दुखों की एक ही दवा है आत्मनिर्भर भारत

एजेंसी

भावनगर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को गुजरात के भावनगर पहुंचे। यहां पीएम मोदी ने 'समुद्र से समृद्धि' कार्यक्रम में भी हिस्सा लिया और 34,200 करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इसके बाद पीएम मोदी एक जनसभा को संबोधित किया। पीएम मोदी ने कहा, ये कार्यक्रम तो भावनगर में हो रहा है, लेकिन ये कार्यक्रम पूरे हिंदुस्तान का है। पूरे भारत में समुद्र से समृद्धि से जाने की ओर हमारी दिशा क्या है, उसके लिए आज इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम का केंद्र भावनगर को चुना गया है। गुजरात और भावनगर के लोगों को बहुत बहुत बधाई। 17 सितंबर को आप सबने अपने नरेन्द्र भाई को जो शुभकामनाएं भेजी हैं, देश और दुनिया से जो मुझे शुभकामनाएं मिली हैं... व्यक्तिगत तौर पर सबका धन्यवाद करना संभव नहीं है, लेकिन भारत के कोने-कोने से, विश्वभर से ये जो प्यार मिला है, आशीर्वाद मिले हैं। ये मेरी बहुत बड़ी संपत्ति है, ये मेरी बहुत बड़ी ताकत है। इसलिए मैं आज सार्वजनिक रूप से देश और दुनिया के सभी महानुभावों का हृदय से आभार व्यक्त करता हूं।

पीएम मोदी ने आगे कहा, भारत आज विश्वबंधु की भावना से आगे बढ़ रहा है। दुनिया में हमारा कोई बड़ा दुश्मन नहीं है। सच्चे अर्थ में अगर हमारा कोई दुश्मन है तो वो है दूसरे देशों पर हमारी निर्भरता...। यही हमारा सबसे बड़ा दुश्मन है और हमें मिलकर भारत के इस दुश्मन को हराना ही होगा। जितनी ज्यादा विदेशी निर्भरता...



- चिप हो या शिप... हमें बनाने होंगे : मोदी
- कांग्रेस सरकार की नीतियों ने देश के नौजवानों का बहुत नुकसान किया

उतनी ज्यादा देश की विफलता। विश्व में शांति, स्थिरता और समृद्धि के लिए... दुनिया की सबसे बड़ी आबादी वाले देश को आत्मनिर्भर बनना ही होगा। 140 करोड़ देशवासियों के भविष्य को हम दूसरों पर या उनकी निर्भरता पर नहीं छोड़ सकते। भावी पीढ़ी के भविष्य को दांव पर नहीं लगाया जा सकता है। 100 दुखों की एक ही दवा है और वह है आत्मनिर्भर भारत, इसलिए हमें चुनौतियों से टकराना होगा और भारत को आत्मनिर्भर बनकर दुनिया के सामने खड़ा होना होगा। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए पीएम मोदी ने कहा कि भारत में सामर्थ्य की कोई कमी नहीं है, लेकिन आजादी के बाद कांग्रेस ने भारत के हर सामर्थ्य को नजरअंदाज किया, इसलिए आजादी के ● शेष पेज 11 पर

# व्यवधान के वास्तविक मामलों में फिर से होगी परीक्षा

## एसएससी सीजीएलई परीक्षा

एजेंसी

नयी दिल्ली। कर्मचारी चयन आयोग (एसएससी) ने शनिवार को कहा है कि संयुक्त स्नातक स्तरीय परीक्षा (सीजीएलई) 2025 के दौरान जिन सेंटरों पर वास्तविक व्यवधान पाया जायेगा वहां के प्रभावित उम्मीदवारों को दोबारा परीक्षा देने का अवसर दिया जाएगा।

आयोग के अनुसार फिर से होने वाली परीक्षाएं 26 सितंबर, 2025 या उससे पहले निर्धारित की जाएंगी। आयोग द्वारा शुरु किए गए फीडबैक पोर्टल को संयुक्त स्नातक स्तरीय परीक्षा (सीजीएलई) 2025 में शामिल होने वाले उम्मीदवारों से उत्साहजनक प्रतिक्रिया मिली है। पोर्टल के शुरु होने के एक सप्ताह के अंदर करीब 10,000 उम्मीदवारों ने अपने परीक्षा अनुभव साझा किया है। आयोग के अधिकारियों ने बताया कि लगभग 2,000 उम्मीदवारों ने कंप्यूटर आधारित परीक्षा के दौरान तकनीकी व्यवधानों की सूचना दी है। आयोग के अनुसार वह अपने क्षेत्रीय



कार्यालयों के माध्यम से प्रत्येक मामले का सावधानीपूर्वक विश्लेषण कर रहा है। इस संबंध में एक अधिकारी ने कहा, ''जहां व्यवधान वास्तविक पाए जाते हैं, प्रभावित उम्मीदवारों को दोबारा परीक्षा देने का अवसर दिया जाएगा। पुनर्परीक्षाएं 26 सितंबर, 2025 को या उससे पहले निर्धारित की जाएंगी। आयोग ने कहा कि अब तक देश भर में 7.16 लाख उम्मीदवार सफलतापूर्वक परीक्षा दे चुके हैं। अधिकारियों ने यह भी पुष्टि की कि 19 सितंबर को किसी भी पाली को रद्द या पुनर्निर्धारित नहीं किया गया, जिससे यह संकेत मिलता है कि परीक्षा प्रक्रिया पूरे दिन सुचारू रूप से ● शेष पेज 11 पर

## मोहनलाल को प्रतिष्ठित दादा साहब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित किया जायेगा

नयी दिल्ली। मलयालम फिल्मों के जाने-माने अभिनेता मोहनलाल को भारतीय सिनेमा में उनके अतुलनीय योगदान के लिए प्रतिष्ठित दादा साहब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित किया जायेगा। सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने शनिवार को मोहनलाल को यह पुरस्कार दिये जाने की घोषणा करते हुए कहा कि अभिनेता को यह सम्मान मंगलवार को 71वें राष्ट्रीय फ़िल्म पुरस्कार समारोह में प्रदान किया जाएगा। मंत्रालय ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर एक पोस्ट में कहा दादा साहब फाल्के पुरस्कार चयन समिति की सिफ़ारिश पर भारत सरकार को यह घोषणा करते हुए प्रसन्नता हो रही है कि श्री मोहनलाल को प्रतिष्ठित दादा साहब फाल्के पुरस्कार 2023 प्रदान किया जाएगा। पोस्ट में कहा गया है मोहनलाल की उल्लेखनीय सिनेमा यात्रा आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करती है! इस महान अभिनेता, निर्देशक और निर्माता को भारतीय सिनेमा में उनके विशिष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया जा रहा है। उनकी बेजोड़ एवं बहुमुखी प्रतिभा और अथक परिश्रम ने भारतीय फ़िल्म इतिहास में एक स्वर्णिम मानक स्थापित किया है।

# 'गैर न्यायिक ट्रिब्यूनल सदस्य नहीं पारित करते सरकार के खिलाफ आदेश : गवई

एजेंसी

नई दिल्ली। मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) बीआर गवई ने न्यायाधिकरणों (ट्रिब्यूनल) के गैर न्यायिक सदस्यों को लेकर अहम टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि न्यायाधिकरणों के कुछ गैर-न्यायिक सदस्य सरकार के खिलाफ आदेश पारित करने से बचते हैं। इसमें से अधिकतर गैर न्यायिक सदस्य पूर्व नौकरशाह होते हैं। उनको इस पर विचार करना चाहिए। नई दिल्ली में केंद्रीय प्रशासनिक न्यायाधिकरण 2025 के 10वें अखिल भारतीय सम्मेलन सीजेआई बीआर गवई ने ट्रिब्यूनल और न्याय प्रणाली से जुड़े मुद्दों को लेकर बात की।

केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल और केंद्रीय राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह की मौजूदगी में हुए आयोजन में सीजेआई गवई ने कहा कि प्रशासनिक न्यायाधिकरण न्यायालयों से अलग हैं। वे कार्यपालिका और न्यायपालिका के बीच एक विशिष्ट स्थान रखते हैं। उनके कई सदस्य



प्रशासनिक सेवाओं से आते हैं जबकि अन्य न्यायपालिका से आते हैं। उन्होंने कहा कि यह विविधता एक ताकत है, जो न्यायिक कौशल और प्रशासनिक अनुभव को एक साथ लाती है। लेकिन सदस्यों को लगातार प्रशिक्षित करने की जरूरत है। साथ ही पात्रता और आचरण के समान मानकों का पालन कराना चाहिए।

सीजेआई ने कहा, ''इससे न्यायिक सदस्य लोक प्रशासन की बारीकियों से परिचित हो सकेंगे, जबकि प्रशासनिक सदस्यों को कानूनी तर्क-वितर्क में प्रशिक्षण जरूरत होगी। मेरी बात को अन्यथा नहीं लिया जाना चाहिए, क्योंकि आपको पता ही नहीं होता कि आप क्या कह रहे हैं और सोशल मीडिया पर क्या आ रहा है। उन्होंने कहा, ''एक न्यायाधीश के रूप में मैंने व्यक्तिगत रूप से देखा है कि कुछ प्रशासनिक सदस्य या प्रशासन से आने वाले कुछ न्यायाधीश... यह नहीं भूलते कि वे प्रशासन से आते हैं और सरकार के खिलाफ आदेश पारित करने से कतराते हैं। मुझे लगता है कि उन्हें इस पर विचार करना चाहिए। उन्होंने कहा कि न्यायिक शिक्षाविदों की नियमित कार्यशालाएं, सम्मेलन और प्रशिक्षण कार्यक्रम इसमें अमूल्य साबित हो सकते हैं। यह न्यायाधिकरण के सदस्यों की प्रभावशीलता को काफी बढ़ा सकते हैं। इसके अलावा अगर स्पष्ट पात्रता मानदंडों के साथ एक समान नियुक्ति प्रक्रिया लागू की जाती है तो मनमानी के सभी प्रश्न समाप्त हो जाएंगे और नागरिकों का न्यायाधिकरण ● शेष पेज 11 पर

# त्योहारी सीजन में एलडीए के फ्लैटों पर दो लाख रुपये तक की छूट

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। एलडीए इस त्योहरी सीजन में विशेष छूट देने जा रहा है। इसके तहत 'पहले आओ पहले पाओ योजना में उपलब्ध फ्लैटों पर एक से दो लाख रुपये तक की सीधी छूट मिलेगी। यह पेशकश 22 सितम्बर से 22 अक्तूबर यानी एक माह के लिए वैध होगी। इसके साथ पूर्व में दी जा रही सभी प्रकार की छूट भी प्रभावी रहेंगी। एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि प्राधिकरण की विभिन्न योजनाओं में रिक्त फ्लैटों को 'पहले आओ-पहले पाओ योजना के तहत विक्रय किया जा रहा है। खरीदारों को कई प्रकार की सहूलियत व छूट मिलती है। इसके तहत 45 से 90 दिनों के अंदर फ्लैट की पूर्ण धनराशि जमा करने पर 06 से 03 प्रतिशत की छूट दी जाती है।

अब नवरात्र, दशहरा व दीपावली के उपलक्ष्य में 'पहले आओ पहले पाओ योजना में उपलब्ध फ्लैटों पर बम्पर ऑफर निकाला जा रहा है। इसके अनुसार 20




लाख से 50 लाख रुपये कीमत के फ्लैटों का पंजीकरण/आवंटन कराने पर एक लाख, 50 लाख से 75 लाख के फ्लैटों पर 1.50 लाख और 75 लाख रुपये से अधिक कीमत के फ्लैटों पर दो लाख रुपये की छूट दी जाएगी। निर्धारित अवधि में फ्लैट खरीदने वाले लोगों को इस बम्पर ऑफर का लाभ तो मिलेगा ही। साथ में पहले से दी जा रही सभी प्रकार की छूट अलग से मिलेंगी। 500 से 1900 वर्गफुट क्षेत्रफल के फ्लैट उपलब्ध एलडीए की विभिन्न योजनाओं में 500 से 1900 वर्ग फिट के 01 बीएचके, 02 बीएचके व 03 बीएचके फ्लैट हैं। इनकी कीमत लगभग 22 लाख रुपये ● शेष पेज 11 पर

# पहले बेटियां सुरक्षित नहीं थीं, आज खुद बना रही अपना रास्ता : योगी

## सीएम योगी ने नारी सुरक्षा, सम्मान और स्वावलम्बन को समर्पित मिशन शक्ति-5.0 का किया शुभारम्भ

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को लोकभवन सभागार में नारी की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलम्बन के लिए समर्पित महत्वाकांक्षी अभियान 'मिशन शक्ति-5.0' का भव्य शुभारम्भ किया। इस दौरान कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि पहले बेटियां सुरक्षित नहीं थीं। आज वे खुद अपने रास्ते बना रही हैं। उन्होंने कहा कि नारी सम्मान उनकी प्राथमिकता है, यही वजह है कि 2017 के बाद से प्रदेश में महिलाओं की स्थिति में अभूतपूर्व परिवर्तन आया है। उन्होंने कहा कि सरकार की नीयत साफ होती है तो योजनाएं खुद अपना रास्ता बना लेती हैं।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के सभी 1,647 थानों में नवस्थापित मिशन शक्ति केंद्रों का बटन दबाकर उद्घाटन किया। साथ ही, मिशन शक्ति केंद्रों की ट्रम्प पुस्तिकाओं, बुकलेट और 'सशक्त नारी, समृद्ध प्रदेश' फोल्डर का विमोचन भी किया। इस दौरान वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी जनपदों के



अधिकारीगण और मंत्रीगण इस ऐतिहासिक पल से जुड़े रहे।

मुख्यमंत्री योगी ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि पांच साल पहले, 2020 में इस अभियान की शुरुआत के समय लोग संशय में थे कि क्या होगा, कैसे होगा, इसकी थीम क्या होगी ? लेकिन मिशन शक्ति को नारी सुरक्षा, सम्मान और स्वावलम्बन से जोड़कर इसे नारी गरिमा के अनुरूप ढाला गया। आज इसके सकारात्मक परिणाम सबके सामने हैं। उन्होंने बताया कि इस अभियान ने नारी को सुरक्षा, सम्मान और स्वावलम्बन का मार्ग दिखाया है, जिसे तेजी से आगे बढ़ाया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि आजादी के बाद से 2017 तक पुलिस में महिला कार्मिकों की संख्या महज 10,000 थी। 2017 से अब तक यह संख्या 44,000 से अधिक हो गई। हर भर्ती में 20% महिलाओं को अनिवार्य रूप से शामिल किया जा रहा है और उनकी समय पर ट्रेनिंग सुनिश्चित की जा रही है। हाल ही में 60,200 पुलिस कार्मिकों की भर्ती में 12 हजार से अधिक महिलाएं शामिल हुई, जो वर्तमान में ट्रेनिंग ले रही हैं। योगी ने कहा कि यह 'मिशन रोजगार' और बिना भेदभाव के नौजवानों को जोड़ने का परिणाम है कि 2017 से पहले जो ट्रेनिंग क्षमता महज 3,000 थी, इसे बढ़ाकर अब 60,000 से अधिक कर दिया गया है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि शिक्षा और अन्य विभागों में भी महिला भर्ती को बढ़ावा दिया गया। 2017 से पहले ट्रेनिंग की कमी एक बड़ी चुनौती थी। अब उत्तर प्रदेश में ही 60,200 से अधिक पुलिसकर्मियों की ट्रेनिंग संभव हो रही है। इसके अलावा, बेसिक शिक्षा परिषद के 1.60 करोड़ से अधिक बच्चे पढ़ रहे हैं, जहां 2017 से पहले 70-75% बेटियां नंगे पांव और पुराने कपड़ों में स्कूल जाती थीं। आज हर बच्चे के लिए दो यूनिफॉर्म, बैग, किताबें, जूते, मोजे और स्वेटर की व्यवस्था की गई, जिसकी लागत 1,200 रुपये प्रति बच्चे है। योगी ने मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना की चर्चा करते हुए कहा कि बेटी के जन्म से स्नातक तक 25,000 रुपये का पैकेज दिया जाता है। जन्म पर 5,000 रुपये, एक वर्ष पर 2,000 रुपये (टीकाकरण के बाद), पहली और छठी कक्षा में 3,000 रुपये, नौवीं में 5,000 रुपये और 12वीं पास करने पर 7,000 रुपये दिए जाते हैं। इस योजना से 26 लाख से अधिक बेटियां सीधें लाभान्वित हो रही ● शेष पेज 11 पर

# सर्वोच्च शिक्षक पुरस्कार से नवाजे गए शिक्षक हंसराज पाल

## विधानसभा कोरांव के विधायक राजमणि कोल व ब्लॉक प्रमुख मुकेश कुमार कोल ने दी शुभकामनाएं

कैनविज टाइम्स संवाददाता




कोरावं, प्रयागराज। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान प्रयागराज में सर्वोच्च शिक्षक सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें डायट प्राचार्य/ उप शिक्षा निदेशक एवं शहर उत्तरी के यशस्वी विधायक हर्षवर्धन वाजपेयी के कर कमलों द्वारा मेजा ब्लॉक के खण्ड शिक्षा अधिकारी आदरणीय कैलाश सिंह के कुशल मार्गदर्शन में संविलियन विद्यालय मेजा प्रथम के शिक्षक हंसराज पाल को सर्वोच्च शिक्षक सम्मान पुरस्कार से नवाजा गया। शिक्षक हंसराज पाल पुत्र अवधेश लाल पाल ग्राम - कुकरहटा, कोरांव के मूल निवासी हैं जिनकी वर्तमान तैनाती मेजा ब्लॉक में है। हंसराज पाल एक कुशल शिक्षक ही नहीं अपितु एक कवि और वरिष्ठ समाज समाज सेवी के रूप में भी अपनी पाचन रखते हैं, जो समाज के उभरते हुए सितारे हैं। वरिष्ठ समाजवादी नेता लाल जी निराला ''धनगर'' ने हंसराज पाल के प्रति शुभकामनाएं व्यक्त करते हुए कहा कि ''शिक्षक ज्ञान और मार्गदर्शन का प्रतीक होता है।''छात्रनेता इलाहाबाद विश्वविद्यालय राजेश पाल उर्फ छोटू दादा ने बधाई देते हुए कहा कि''गुरु अनंत तक जानिए, गुरु की ओर न छोर।गुरु प्रकाश का पुंज है, निशा बाद का भोर।।'' और समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव आदरणीय हरिप्रसाद पाल ने भी बधाई देते हुए उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि ''शिक्षक हंसराज पाल ने विद्यार्थी जीवन से ही बौद्धिक प्रतिभा के धनी थे यह इनकी असाधारण क्षमताओं और ज्ञान के प्रति स्वाभाविक आकर्षण का प्रमाण है, जिसने उन्हें शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता की ओर अग्रसर किया।''असद अहमद अधिवक्ता वरिष्ठ समाज सेवी( भावी जिला पंचायत सदस्य प्रत्याशी वार्ड संख्या 83 अल्हवा देवघाट कोराव) ने बधाई देते हुए कहा कि''अज्ञान के अंधेरे में, ज्ञान के दीपक जलाते हैं शिक्षक। राहों को रोशन कर, मंजिल तक पहुंचाते हैं शिक्षक।'' साथ ही अन्य वरिष्ठ जनों में वरिष्ठ समाजवादी नेता और पूर्व जिला पंचायत सदस्य ललन सिंह पटेल,वर्तमान जिला पंचायत सदस्य समाजवादी पार्टी के विधानसभा अध्यक्ष सोमदत्त सिंह पटेल, शिक्षक संघ अध्यक्ष महेन्द्र सिंह पटेल, वरिष्ठ अधिवक्ता अधिवक्ता अम्बिका प्रसाद पाल, अधिवक्ता जंग बहादुर पाल,विनोद कुमार पाल, विमल पाल, विपिन सिंह इत्यादि क्षेत्र के लोगों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

## पटाखा व्यापारी मोहम्मद कादिर पर पुलिस का शिकंजा, गोदाम सील



प्रयागराज । जिले के नैनी क्षेत्र में पटाखा व्यापारी मोहम्मद कादिर पर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए उसके दो गोदामों को सील कर दिया है। यह कार्रवाई पुलिस और प्रशासन की संयुक्त टीम द्वारा की गई, जिसे गोपनीय सूत्रों से मिली सूचना और शिकायतों के आधार पर अंजाम दिया गया।छापेमारी के दौरान अधिकारियों को गोदामों में लाइसेंस शर्तों से कहीं अधिक मात्रा में पटाखों का अवैध भंडारण मिला। नियमानुसार तय मात्रा की तुलना में लगभग दोगुनी मात्रा में विस्फोटक सामग्री पाए जाने से हड़कंप मच गया। यह भंडारण न सिर्फ लाइसेंस शर्तों का खुला उल्लंघन था, बल्कि त्योहारों के दौरान जानमाल को गंभीर खतरे में डालने वाला कृत्य भी माना जा रहा है।पुलिस अधिकारियों ने तुरंत दोनों गोदामों को सील कर दिया और मामले की विस्तृत जांच शुरू कर दी है।

## इंस्पेक्टर ठाकुरगंज ने लगाया ई रिक्शा सत्यापन कैम्प

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । जॉइंट सीपी ( एल ओ ) बबलू कुमार , डीसीपी पश्चिम विश्वजीत श्रीवास्तव के आदेशानुसार ठाकुरगंज पुलिस ने घण्टाघर पर कैम्प लगाकर चलाया ई रिक्शा चालकों के सत्यापन अभियान। इंस्पेक्टर ठाकुरगंज ओमवीर सिंह चौहान ने घण्टाघर पर चौकी प्रभारी सतखंडा मनुज कुमार , का0 आदेश सिंह और चौकी प्रभारी हुसैनाबाद विनीत बालियान के साथ चलाया ई रिक्शा सत्यापन अभियान।इंस्पेक्टर ठाकुरगंज ने दी सत्यापन के बारे में जानकारी।इंस्पेक्टर ठाकुरगंज ओमवीर सिंह चौहान ने सभी ई रिक्शा चालकों सम्मानपूर्वक बैठाकर ई रिक्शा चालकों को कैम्प लगाकर सत्यापन अभियान के मद्देनजर दी गयी जानकारी। सभी जल्द से जल्द ई रिक्शा सत्यापन कराने को भी निर्देश दिया।कई ई रिक्शा चालकों ने सत्यापन कराकर लगवाया बारकोड।ई रिक्शा सत्यापन अभियान में कुछ ई रिक्शा चालकों ने ठाकुरगंज पुलिस की बातों को ध्यान में रखकर अपने ई रिक्शा पर अपना सत्यापन करवा कर ई रिक्शा पर बारकोड लगाया। आपको बता दें कि कुछ ई रिक्शा चालकों के द्वारा पुलिस की मुहीम में बढ़ चढ़ कर हिस्सा ले रहे है। और अपने ई रिक्शा पर बारकोड लगा कर चल रहे है।

### दिव्यांगजन शादी-विवाह प्रोत्साहन योजना हेतु आवेदन आमंत्रित

**प्रयागराज ।** दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा संचालित दिव्यांगजन शादी-विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार योजना के अंतर्गत नवविवाहित दम्पत्तियों को वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी। योजना में युवक के दिव्यांग होने पर 15,000, युवती के दिव्यांग होने पर 20,000 तथा दोनों के दिव्यांग होने पर 35,000 की धनराशि पुरस्कार स्वरूप दी जाएगी।योजना की पात्रता शर्तों के अनुसार विवाह के समय युवक की आयु 21 से कम तथा 45 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए, जबकि युवती की आयु 18 से कम एवं 45 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। दम्पत्ति आयकर दाता न हों तथा मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा प्रमाणित 40% अथवा उससे अधिक दिव्यांगता होनी आवश्यक है। साथ ही विवाह 01 अप्रैल 2024 के बाद सम्पन्न होना चाहिए।लाभ प्राप्त करने के इच्छुक दिव्यांगजन http://divyangjan.upsdc.gov.in पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन करें। आवेदन के साथ संयुक्त फोटो, विवाह प्रमाण पत्र, आय व आयु प्रमाण पत्र, दिव्यांगता प्रमाण पत्र, बैंक पासबुक और आधार कार्ड अपलोड करना अनिवार्य है। ऑनलाइन आवेदन के उपरान्त हार्ड कॉपी विकास भवन प्रयागराज, कक्ष संख्या-13, जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी कार्यालय में जमा करनी होगी।यह जानकारी जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी, अशोक कुमार गौतम ने दी है।

### गोपाल विद्यालय में अखिल भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का प्रमाण पत्र वितरित

**कोरांव, प्रयागराज।** गोपाल विद्यालय इंटर कॉलेज कोरांव प्रयागराज में आज विद्या भारती संस्कृति शिक्षा संस्थान संस्कृति भवन कुरूक्षेत्र हरियाणा के द्वारा आयोजित अखिल भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का प्रमाण पत्र वितरित किया गया। विद्यालय से बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने इस प्रतियोगिता मैं भाग लिया था। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं को भारतीय संस्कृति और साहित्य के बारे में बताया गया तथा उनको भारतीय संस्कृति को अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। अध्यापकों ने छात्र-छात्राओं को विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करने के लिए प्रेरित किया प्रमाण पत्र का वितरण डॉक्टर कमलेश कुमार, राकेश कुमार सिंह, राजवीर सिंह, विद्या कांत तिवारी, अपूर्व प्रकाश त्रिपाठी, राकेश कुमार मिश्र, महेश कुमार एवं वीरेंद्र कुमार सिंह के द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर संतलाल मौर्य ने किया।

### समाधान दिवस में डीएम ने दिए सख्त निर्देश, 555 शिकायतों में 11 का मौके पर निस्तारण

**प्रयागराज।** शनिवार को तहसील सोरांव में जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान कुल 555 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 11 का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। प्राप्त शिकायतों में 287 राजस्व, 58 विकास, 123 पुलिस, 15 विद्युत तथा 72 अन्य विभागों से संबंधित रहीं।जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि जनशिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही या उदासीनता क्षम्य नहीं होगी। उन्होंने अधिकारियों को चेतावनी दी कि समस्याओं का समाधान समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण तरीके से किया जाए, अन्यथा संबंधित पर कड़ी कार्रवाई होगी।उन्होंने अधिकारियों से कहा कि शिकायतों की जमीनी जांच की जाए और सड़क निर्माण अथवा अन्य मांग श्रेणी की शिकायतों को कार्ययोजना में शामिल कर प्राथमिकता से निस्तारित किया जाए। साथ ही शिकायतकर्ता से फीडबैक लेकर उनकी संतुष्टि सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए।डीएम ने चकमार्गों को अवैध कब्जे से मुक्त कराने, विद्युत बिलों में अनियमितताओं से संबंधित शिकायतों को शीघ्र निस्तारित करने और राजस्व, पुलिस व स्वास्थ्य विभाग से जुड़ी शिकायतों पर गंभीरता से कार्यवाही करने के आदेश दिए।समाधान दिवस में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व विनीता सिंह, उपजिलाधिकारी सोरांव, जिला विकास अधिकारी सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### महिला सशक्तिकरण को लेकर पुलिस चलाएगी विशेष अभियान, नवरात्रि से होगी शुरुआत

**प्रयागराज ।** जिले में महिला सशक्तिकरण को लेकर पुलिस विभाग सक्रिय हो गया है। नवरात्रि के अवसर पर महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा व जागरूकता के लिए एक व्यापक अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान के तहत स्कूलों, कॉलेजों और सार्वजनिक स्थानों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।इस क्रम में कौंधियारा थाना क्षेत्र में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जहां महिलाओं और छात्राओं को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का वर्चुअल संबोधन सुनाया गया। संबोधन में मुख्यमंत्री ने महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और आत्मनिर्भरता को प्राथमिकता देने की बात कही।पुलिस अधिकारियों ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य महिलाओं को उनके अधिकारों और सुरक्षा उपायों के प्रति जागरूक करना है। आने वाले दिनों में यह अभियान अन्य थाना क्षेत्रों में भी चलाया जाएगा।

### कौंधियारा एसीपी विवेक यादव का तबादला, सोरांव एसीपी बनाए गए

**प्रयागराज।** कौंधियारा में तैनात एसीपी विवेक यादव का तबादला कर दिया गया है। उन्हें अब प्रयागराज के सोरांव क्षेत्र का नया एसीपी नियुक्त किया गया है। सूत्रों के अनुसार यह तबादला प्रशासनिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। विवेक यादव ने कौंधियारा में अपने कार्यकाल के दौरान अपराध नियंत्रण में अहम भूमिका निभाई थी। अब उनकी जगह कौंधियारा में नए अधिकारी की नियुक्ति की गई है।

### कमिश्नरेट में होने वाले हैं बड़े बदलाव, हटेंगे दो थाना प्रभारी

**प्रयागराज ।** प्रबल सूत्रों के अनुसार, प्रयागराज कमिश्नरेट में अगले दो दिनों के भीतर बड़ा प्रशासनिक फ़ेरबदल होने जा रहा है। इस बदलाव के तहत औद्योगिक थाना और लालापुर थाना के प्रभारी अधिकारियों को हटाए जाने की तैयारी चल रही है। अधिकारियों के प्रदर्शन और क्षेत्र में अपराध नियंत्रण की समीक्षा के बाद यह फैसला लिया गया है। इन तबादलों के पीछे कानून व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाना मुख्य उद्देश्य बताया जा रहा है।

### शंकरगढ़ थाना प्रभारी यशपाल सिंह पहुँचे खीरी, संभाला मोर्चा

**प्रयागराज ।** जिले मे बेहतर और सख्त माने जाने वाले शंकरगढ़ थाना प्रभारी यशपाल सिंह को खीरी के सनसनीखेज हत्याकांड के बाद वहां भेजा गया है। उन्होंने मौके पर पहुँचते ही मोर्चा संभाल लिया है। यशपाल सिंह की अपराधियों पर पकड़ और तेज कार्रवाई के लिए ख्याति है। खीरी में बढ़ते तनाव को नियंत्रित करने और कानून व्यवस्था बहाल करने के लिए उन्हें विशेष रूप से तैनात किया गया है।

### थरवई थाना प्रभारी ओमप्रकाश लाइनहाजिर, संतोष पांडेय को मिली जिम्मेदारी

**प्रयागराज ।** पुलिस कमिश्नर ने बड़ी कार्रवाई करते हुए थरवई थाना प्रभारी ओमप्रकाश को भ्रष्टाचार के आरोपों में लाइन हाजिर कर दिया है। उनकी जगह पर संतोष पांडेय को नया थाना प्रभारी नियुक्त किया गया है। यह कार्रवाई पुलिस महकमे में पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ाने की दिशा में एक अहम कदम मानी जा रही है। नई तैनाती से क्षेत्र में पुलिस छवि सुधारने की उम्मीद जताई जा रही है।

## प्रयागराज में नवनियुक्त मण्डलायुक्त सौम्या अग्रवाल ने संभाला कार्यभार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



प्रयागराज । नवनियुक्त मण्डलायुक्त सौम्या अग्रवाल ने शुक्रवार को प्रयागराज पहुंचकर औपचारिक रूप से पदभार ग्रहण किया। सर्किट हाउस पहुंचने पर उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया।श्रीमती अग्रवाल 2008 बैच की आईएएस अधिकारी हैं। वे इससे पहले बरेली मण्डल की मण्डलायुक्त रह चुकी हैं। इसके अतिरिक्त बलिया, बस्ती, उन्नाव और महाराजगंज में जिलाधिकारी के पद पर रहते हुए उन्होंने विभिन्न प्रशासनिक दायित्वों का सफल निर्वहन किया है। सेवा काल में उन्होंने विकास योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और सुशासन को बढ़ावा देने पर विशेष ध्यान केंद्रित किया है।प्रयागराज मण्डल की कमान संभालने के बाद उनसे अपेक्षा की जा रही है कि वे क्षेत्र में विकास कार्यों की गति को और तेज करेंगी तथा प्रशासनिक पारदर्शिता व जनहितकारी निर्णयों को प्राथमिकता देंगी। पदभार ग्रहण अवसर पर जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने उनका स्वागत कर भरोसा जताया कि उनके नेतृत्व में प्रयागराज मण्डल प्रगति के नए आयाम स्थापित करेगा।

## रन फार स्वदेशी' से दिया जाएगा स्वावलंबन का संदेश : कमलेश पासवान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोरखपुर। केंद्रीय ग्रामीण विकास राज्यमंत्री कमलेश पासवान ने शनिवार को राधिका महाविद्यालय करवल-मझगांवा में छात्र-छात्राओं से मुलाकात कर 24 सितंबर को बड़हलगंज के गंगोत्री देवी मिनी स्टेडियम में आयोजित सांसद खेल स्पर्धा में हिस्सा लेने के लिए अपील किया। केंद्रीय मंत्री ने कहा युवाओं को उचित प्लेटफार्म उपलब्ध कराने के लिए देश भर में ऐसे आयोजन हो रहे हैं। इस स्पर्धा में रन? फार स्वदेशी मैराथन दौड़ कराया जाएगा। जिसमें विजेताओं को 75 हजार, 21 हजार व 11 हजार का पुरस्कार दिया जाएगा। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री मोदी बिना किसी वैश्विक दबाव के देशहित में काम कर रहे हैं। मैराथन दौड़ का थीम रन फार स्वदेशी रखा गया है जिससे स्वावलंबन का संदेश दिया जाएगा। विधायक डा. विमलेश पासवान ने कहा डबल इंजन की सरकार युवाओं के विकास हेतु प्रतिबद्ध है। प्राचार्य डा. संतोष कुमार सिंह ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर चरगांवा के पूर्व ब्लाक प्रमुख सुनील पासवान, सांसद प्रतिनिधि अरविंद पांडेय, डा. ओमप्रकाश सिंह, छठेंद्र त्रिपाठी, रत्नेशधर दुबे आदि उपस्थित थे।

सड़क पर जलजमाव की शिकायत, केंद्रीय मंत्री ने निस्तारण का दिलाया भरोसा केंद्रीय मंत्री कमलेश पासवान ने राधिका महाविद्यालय में छात्र-छात्राओं से संवाद किया। उनसे परेशानी पूछा, छात्र-छात्राओं ने राष्ट्रीय राजमार्ग से महाविद्यालय आने वाले लिंक मार्ग पर गंदे जलजमाव से आवागमन में होने वाले दिक्कत का शिकायत किया। जिस पर केंद्रीय मंत्री ने शीघ्र ही समस्या के निस्तारण का भरोसा दिलाया।

### पुलिस ने अवैध पटाखा व्यापारी के गोदाम में छापेमारी कर भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री किया बरामद

प्रयागराज । प्रयागराज पुलिस ने डीसीपी यमुनानगर विवेक चंद्र यादव के निर्देश पर नैनी कोतवाली पुलिस के साथ मिलकर अवैध पटाखा व्यापार पर बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने नैनी क्षेत्र में एक व्यापारी के गोदामों पर छापेमारी की, जहां भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री बरामद हुई। मिली जानकारी के अनुसार, व्यापारी ने अपने गोदामों में लाइसेंस में निर्धारित सीमा से दोगुनी से भी अधिक पटाखे संग्रहीत कर रखे थे, जो सुरक्षा नियमों का उल्लंघन है।पुलिस ने बताया कि यह अवैध भंडारण त्योहारों के मौसम में जानमाल के लिए गंभीर खतरा बन सकता था। इस कारण तत्काल प्रभाव से गोदामों को सील कर दिया गया है। पुलिस ने व्यापारी के खिलाफ विस्फोटक अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।पुलिस प्रशासन ने यह भी स्पष्ट किया कि आगामी दिनों में अवैध पटाखा व्यापारियों के खिलाफ इसी प्रकार की कार्रवाई जारी रहेगी ।

## परिषद ने जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोरखपुर । राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद एवं प्राथमिक शिक्षक संघ की नीतियों को समर्थन किया, परिषद एवं शिक्षकों की संयुक्त टीम ने आज जिलाधिकारी महोदय को माननीय मुख्यमंत्री को संबोधित एवं स्थानीय समस्याओं के निस्तारण संबंधी अपनी मांगों का ज्ञापन दिया। मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन के बारे में परिषद के अध्यक्ष रूपेश कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि मैं मुख्यमंत्री जी से यह निवेदन करना चाहता हूं कि वह नियुक्त शिक्षकों को टेट द्व्क्द्ध की परीक्षा से मुक्त करें क्योंकि शिक्षक अपनी योग्यता की परीक्षा पूर्व में ही दे चुका है इसलिए अब उसे दोबारा परीक्षा देने का कोई औचित्य नहीं बनता है

उन्होंने कहा कि इसी प्रकार जल निगम के कर्मचारियों/पेंशनरों को विगत 7 महीने से वेतन/पेंशन नहीं मिली है जिससे जल निगम के कर्मचारी और पेंशनर भुखमरी झेल रहे हैं, उन्होंने कहा कि दशहरा और दीपावली का त्योहार आने वाला है ऐसे समय में उनके वेतन पेंशन का बजट देकर इन कर्मचारियों के भी त्योहार मनाने की व्यवस्था कर दीजिए। श्री श्रीवास्तव ने कहा कि इसके साथ ही माने मुख्यमंत्री जी कर्मचारियों की सभी सहमत बने मांगों को भी त्योहार के पूर्व पूरा करने की कृपा करें। जिलाधिकारी को दिए स्थानीय समस्याओं का ज्ञापन दिया गया जो की निम्नवत है। प्रत्येक विभाग में आहरण वितरण अधिकारी को दिशा निर्देशित करते हुए प्रत्येक माह के 01 तारीख को कर्मचारियों के खाते में वेतन आहरित कराया जाए। एनपीएस/ जीपीएफ पासबुक को अपडेट कराया जाएद्य पंडित दीनदयाल कैशलेस योजना के अंतर्गत कर्मचारियों का शत प्रतिशत हेल्थ कार्ड बनवाया जाए तथा सभी विभागों को आहरण वितरण अधिकारी को दिशा निर्देशित करेंद्य पंडित दीनदयाल उपाध्याय कैशलेस कार्ड योजना के अंतर्गत सभी एलाट हॉस्पिटलों को निर्देशित करें की योजना के अंतर्गत सभी कर्मचारियों को बेहतर इलाज की सुविधा दी जाएद्य 5. कर्मचारियों के चिकित्सा प्रतिपूर्ति दावे को विभाग में जमा करने की तिथि से समय बाध्यता करते हुए एक माह में भुगतान कराया जाए प्रत्येक विभागों में कर्मचारियों को शुद्ध पेयजल की व्यवस्था कराया जाए प्रत्येक विभाग में सर्विस बुक का सत्यापन कराया जाए द्य8. लोग निर्माण विभाग में फील्ड के कर्मचारियों का सर्विस बुक के अनुसार मानव संपदा पोर्टल पर सही ढंग से अपडेट कराया जाए। 9. ऑनलाइन ए.सी.आर की जो नई व्यवस्था इस साल लागू की गई है किसी कारणवश ऑनलाइन पोर्टल बंद हो गई है जिस कारण आधे से ज्यादा कर्मचारियों का ऑन लाइन ए.सी.आर नहीं भरा जा सका है कृपया ऑनलाइन पोर्टल को खुलवाने की कृपा करे । राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद एक मान्यता प्राप्त संगठन है और जनपद के सभी विभागों का प्रतिनिधित्व करता है महोदय गोरखपुर जनपद में इस संगठन का कोई कार्यालय नहीं है कृपया किसी सरकारी भवन में परिषद का कार्यालय आवंटित करने की कृपा करें।

इस अवसर पर परिषद के अध्यक्ष रूपेश कुमार श्रीवास्तव संरक्षक अशोक कुमार पांडेय वरिष्ठ उपाध्यक्ष पंडित श्याम नारायण शुक्ल उपाध्यक्ष अनूप कुमार राजेश मिश्रा सौरभ श्रीवास्तव अनिल द्विवेदी कोषाध्यक्ष इजहार अली समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना के अंतर्गत उद्यमियों हेतु अवसर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज । जिले के समस्त नागरिकों एवं उद्यमियों को सूचित किया जाता है कि खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा केन्द्र एवं राज्य सरकार की साझेदारी में प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना (घ्ड्डथ्ठ्ठ) प्रारम्भ की गई है। इस योजना का उद्देश्य मौजूदा सूक्ष्म खाद्य उद्योगों का उन्नयन करना तथा नए उद्यमियों को उद्योग से जोड़कर रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना है।योजना के अंतर्गत पात्र निजी उद्यमियों को न्यूनतम 10 प्रतिशत का स्व-वित्तीय योगदान करना होगा। अधिकतम 35 प्रतिशत तक या अधिकतम ?10 लाख तक का अनुदान क्रेडिट लिंक कैपिटल सब्सिडी के रूप में प्राप्त किया जा सकता है।योजना के प्रभावी संचालन हेतु जिला स्तर पर लाभार्थियों को हैंडहोल्डिंग सहायता उपलब्ध कराने के लिए जनपदीय रिसोर्स पर्सन (क्ष्द्ध) नियुक्त किए जाएंगे। प्रत्येक लाभार्थी को उपलब्ध सहायता के आधार पर डीआरपी को ?10,000 (प्रति बैंक ऋण) का भुगतान, बैंक से ऋण स्वीकृति के उपरांत किया जाएगा। डीआरपी के लिए न्यूनतम शैक्षिक योग्यता स्नातक/परास्नातक निर्धारित है, साथ ही अनुभव रखने वाले अभ्यर्थियों को वरीयता दी जाएगी।

### जीरो रोड पर गारमेंट शॉप के बाहर बवाल, युवक से मारपीट और धमकी

**प्रयागराज ।** शहर के जीरो रोड स्थित खोवा मंडी के पास शनिवार को गारमेंट शॉप के बाहर दो पक्षों में कहासुनी के बाद विवाद मारपीट तक पहुंच गया। आरोप है कि दुकानदार और सेल्समैन ने युवक आसिफ अनीस की पिटाई की और गोली मारने की धमकी दी। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें आरोपी पक्ष गाली-गलौज करते दिख रहे हैं। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने वीडियो की जांच शुरू कर दी है और कार्रवाई की बात कही है।

### करैली में अड्डेबाज़ी कर रहे संदिग्ध युवकों को पुलिस ने भेजा जेल

**प्रयागराज ।** शहर के करैली थाना क्षेत्र में बीती रात पुलिस ने सार्वजनिक स्थान पर अड्डेबाज़ी और आवारागर्दी कर रहे कई संदिग्ध युवकों को गिरफ्तार किया। स्थानीय शिकायतों के आधार पर पुलिस ने गश्त तेज की और कार्रवाई के दौरान सड़कों पर बेवजह घूम रहे युवकों को पकड़ा। पूछताछ में कोई स्पष्ट जवाब न देने पर सभी को थाने लाया गया और शांति भंग की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया। पुलिस की सख्ती से क्षेत्र में कानून व्यवस्था को लेकर सकारात्मक संदेश गया है।

### खीरी में दिनदहाड़े हत्या से मचा हड़कंप, थाना प्रभारी की कार्यशैली पर उठे सवाल

**प्रयागराज ।** जिले के खीरी थाना क्षेत्र में अपराधियों ने कानून व्यवस्था को ठेंगा दिखाते हुए दिनदहाड़े एक युवक की हत्या कर दी। इस सनसनीखेज वारदात से पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया। घटना के बाद मौके पर कई थानों की फोर्स बुलाई गई, जिससे स्थिति की गंभीरता का अंदाजा लगाया जा सकता है। स्थानीय लोगों में भय और आक्रोश दोनों देखने को मिल रहा है।सबसे गंभीर सवाल थाना प्रभारी की कार्यशैली पर उठ रहे हैं। बताया जा रहा है कि वर्तमान खीरी थाना प्रभारी इससे पहले यमुनापार के करछना और बारा थानों में भी तैनात रह चुके हैं, लेकिन वहां भी उनकी कानून व्यवस्था को बनाए रखने में विफलता सामने आई थी। अब खीरी थाना में भी हालात बद से बदतर होते जा रहे हैं। लगातार अपराध बढ़ रहे हैं और थाना प्रभारी घटनाओं पर नियंत्रण पाने में असमर्थ साबित हो रहे हैं।स्थानीय जनता और जनप्रतिनिधियों ने पुलिस प्रशासन से कठोर कार्रवाई की मांग की है। ऐसी स्थिति में यह जरूरी हो गया है कि पुलिस महकमा जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई करते हुए क्षेत्र में कानून का राज स्थापित करे।

### अब्दुस सलाम खान बने कौंधियारा के नए एसीपी

**प्रयागराज।** कमिश्नरेट में बड़ा फ़ेरबदल करते हुए अब्दुस सलाम खान को कौंधियारा का नया एसीपी नियुक्त किया गया है। सूत्रों के अनुसार, यह बदलाव एसीपी विवेक यादव के तबादले के बाद हुआ है। अब्दुस सलाम खान को उनके अनुशासित कार्यशैली और कुशल नेतृत्व के लिए जाना जाता है। प्रशासन को उम्मीद है कि उनके नेतृत्व में क्षेत्र में कानून व्यवस्था और सख्त होगी।

## कोराव में स्थित सेंट मैरिज स्कूल तरावं में खो खो प्रतियोगिता का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कोराव, प्रयागराज। प्रयागराज के कोराव में स्थित सेंट मेरिज स्कूल तराव में शनिवार को संभागीय खो खो प्रतियोगिता बालक वर्ग अंडर 14,17 व 19 का आयोजन हुआ। जिसमें 17 विद्यालयों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी कोरांव मोहम्मद रिजवान खान ने दीप प्रज्वलन व फीता काटकर प्रतियोगिता का उदघाटन किया। अंडर 14 में सेंट मेरिज स्कूल विजेता व उपविजेता गोपाल विद्यालय इंटर कॉलेज रहा। अंडर 17 व 19 की विजेता गोपाल विद्यालय व उपविजेता क्रमशः आदर्श विंध्य माध्यमिक विद्यालय पथरताल व आद्या प्रसाद इंटर कॉलेज धूस रहासभी विजेता प्रतिभागियों का सिस्टर रोशनी व सिस्टर अर्पिता के द्वारा पुरस्कार देकर उत्साह वर्धन किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य फादर जॉर्ज मेडापल्ली और प्रबंधक फॉदर जॉर्ज ने सभी प्रतिभागियों को शुभकामना दिया और उनका उत्साह वर्धन किया । गोपाल विद्यालय इंटर कॉलेज व सरदार पटेल इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ साबिर अली व डॉ अवधेश कुमार सिंह भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे और विद्यार्थियों का उत्साह वर्धन किया। कार्यक्रम में सदा सहाय माता कपूरी विद्यालय की प्रधानाचार्या सिस्टर प्रेरिता भी उपस्थित रहीं।

### एजी ऑफिस के सीनियर ऑडिटर की पत्नी से 12 लाख की ठगी, फाइनेंस कर्मी पर मुकदमा दर्ज

प्रयागराज । जिले में धोखाधड़ी का बड़ा मामला सामने आया है। एजी ऑफिस में कार्यरत सीनियर ऑडिटर की पत्नी से फाइनेंस कर्मी शरद पांडेय ने 12 लाख रुपए की ठगी कर ली। पीड़िता के पति ने हाउसिंग फाइनेंस कंपनी से 10 लाख का लोन लिया था, जिसके एवज में 6 लाख रुपए ऑनलाइन और 6 लाख नगद शरद पांडेय को दिए गए।आरोप है कि शरद पांडेय ने उक्त राशि कंपनी में जमा नहीं की। कुछ समय बाद फाइनेंस कंपनी ने बकाया भुगतान न होने पर कुर्की का नोटिस भेजा, तब परिवार को ठगी की जानकारी हुई। इस संबंध में प्रीतम नगर, धूमनगंज निवासी सलिल सिंह ने सिविल लाइंस थाने में एफआईआर दर्ज कराई।पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। फाइनेंस कंपनी ने शरद पांडेय को तत्काल प्रभाव से नौकरी से हटा दिया है।

# राज स्टेट पब्लिक स्कूल में रोड सेफ्टी एंड ट्रैफिक अवेयरनेस कार्यशाला का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । राज स्टेट पब्लिक स्कूल में आज सड़क सुरक्षा एवं यातायात जागरूकता विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं, अभिभावकों तथा स्कूल स्टाफ सहित लगभग 300 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। कार्यशाला में यातायात के नियमों, सड़क सुरक्षा के महत्व तथा ट्रैफिक पुलिस द्वारा प्रयुक्त उपकरणों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में विशेष रूप से यातायात उपनिरीक्षक शाकिर हुसैन, आरक्षी सूर्य प्रकाश सिंह, आरक्षी मुन्नर चौहान, आरक्षी गौरव सैनी तथा ट्रैफिक पार्क से रोड सेफ्टी इंस्ट्रक्टर सुमित मिश्रा ने मार्गदर्शन प्रदान किया। स्कूल की मैनेजिंग डायरेक्टर आकांक्षा रस्तोगी और एकेडमिक डायरेक्टर प्रियंका भारद्वाज भी कार्यक्रम में उपस्थित रहीं। सभी वक्ताओं ने बच्चों और अभिभावकों से यातायात नियमों का पालन करने और सड़क सुरक्षा को प्राथमिकता देने का आह्वान किया।

# आरएसएम अस्पताल में रोटरी क्लब ने 75 टीबी मरीजों को लिया गोद,पोषण पोटली किया वितरीत

कैनविज टाइम्स संवाददाता






बीकेटी,लखनऊ । शनिवार को बख्शी का तालाब साढामऊ स्थित रामसागर मिश्रा 100 शैय्या संयुक्त चिकित्सालय में रोटरी क्लब द्वारा 75 टीबी मरीजों को गोद लिया गया एवं उन्हें पोषण पोटली प्रदान की गई।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रोफ़ेसर डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद की उपस्थिति रही कार्यक्रम का शुभारंभ प्रोफ़ेसर राजेंद्र प्रसाद को स्वागत स्वरुप पुष्प भेंट कर किया गया,जनपद लखनऊ में जिला क्षय रोग अधिकारी डॉक्टर अतुल कुमार सिंघल के कुशल नेतृत्व में लगातार टीबी मरीजों को प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान एवं सेवा पखवाड़ा स्वस्थ नारी सशक्त परिवार के अंतर्गत उपचार ले रहे टीबी मरीजों को गोद लेकर पोषण पोटली प्रदान की जा रही है,उसी क्रम में शनिवार को रामसागर मिश्रा 100 शैय्या संयुक्त चिकित्सालय में 75 टीबी रोगियों को रोटरी क्लब लखनऊ द्वारा गोद लेकर उन्हें पोषण पोटली प्रदान की गई,जिसमें कुल 75 टीबी रोगियों में से 34 महिला रोगियों को( स्वस्थ नारी सशक्त परिवार पखवाड़ा)अंतर्गत विशेष रूप से पोषण पोटली प्रदान की गई कइस मौक़े पर मुख्य अतिथि ने मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर वीके शर्मा की सराहना करते हुए कहा कि इस पहल का उद्देश्य टीबी रोगियों के जीवन स्तर में सुधार एवं जल्द स्वस्थ लाभ में सहायता पहुंचाना है,उन्होंने रोटरी क्लब का भी आभार प्रकट किया कि उन्होंने इस सामाजिक कार्य में अपना सहयोग दिया इस पहल का उद्देश्य टीबी रोगियों के जीवन स्तर में सुधार एवं जल्द स्वस्थ लाभ में सहायता पहुंचाना है,इससे टीबी मरीजों को दवा के साथ-साथ पोषण युक्त खाने को भी मिलेगा और वह जल्द ही स्वस्थ हो जाएगा कार्यक्रम में जिला क्षय रोग अधिकारी डॉक्टर एके सिंघल ने बताया कि हमारा लक्ष्य है कि हम ज्यादा से ज्यादा लोगों को निश्चय मित्र बनाएं और जनपद में इलाज ले रहे समस्त टीबी मरीजों को पोषण पोटली प्रदान करवाए,कार्यक्रम में रोटरी क्लब से अजय सक्सेना ने कहा कि हमें बहुत खुशी हो रही कि हम टीबी मरीजों के लिए कुछ कर पाए हम आगे भी टीबी मरीजों को गोद लेकर उन्हें पोषण पोटली प्रदान करेंगेकार्यक्रम के अंत में मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर वीके शर्मा ने प्रोफ़ेसर राजेंद्र प्रसाद एवं रोटरी क्लब का आभार प्रकट किया एवं सभी टीबी मरीजों को जल्द स्वस्थ होने की कामना प्रकट करते हुए कार्यक्रम का समापन किया।उक्त कार्यक्रम में डॉक्टर सुमित महाराज ,अधीक्षक रोटरी क्लब के अध्यक्ष पंकज अग्रवाल,अनुराग अग्रवाल,सुमित तिवारी,योगिता मिश्रा,आरती सक्सैना ,अजय सक्सेना,डॉक्टर उमाशंकर,रामजी वर्मा,(डीपीएमहैसी) जन्मेजय सिंह,(एसटीएलएस )अजीत यादव,विवेक बाजपेई सहित अन्य लोगों की भी सहभागिता रही।

# मिशन शक्ति को लेकर गोसाईगंज ब्लॉक सभागार में हुआ कार्यक्रम

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। मिशन शक्ति को लेकर गोसाईगंज ब्लॉक सभागार में शनिवार को प्रभारी एडीओ आईएसबी प्रशांत सक्सेना की अध्यक्षता में महिला सशक्तिकरण को लेकर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के साथ स्वयं सहायता समूह की महिलाएं बड़ी संख्या में सम्मिलित हुई। कार्यक्रम में आई महिलाओं को महिलाओं के अधिकार व सुरक्षा के बारे में प्रशांत सक्सेना ने विस्तार से जानकारी दी और महिलाओं को प्रगति के पथ पर बढ़ने के तमाम गुण बताए। सरकार मिशन शक्ति को लेकर लगातार कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश अधिकारियों को दे रही है उसी कड़ी में इस कार्यक्रम का आयोजन गोसाईगंज विकासखंड सभागार में किया गया। इस अवसर पर महिलाओं ने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के संबोधन को भी सुना व कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखा। आई हुई सभी महिलाओं के लिए सूक्ष्म जलपान की व्यवस्था भी की गई थी।

# ई रिक्शा चालक ने महिला के साथ की लूट

## लोगो ने लुटेरे को दौड़कर पड़ा,मोबाइल व 3500 रुपए बरामद

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। सुशांत गोल्फ सिटी कोतवाली क्षेत्र में अपना काम खत्म कर घर लौट रही महिला से ई रिक्शा चालक ने मोबाइल व 3500 रुपए की लूट की घटना को अंज़ाम दिया और घटना स्थल से भागा। महिला के शोर मचाने पर लोगों ने ई रिक्शा चालक का पीछा किया, और उसे दौड़ाकर दबोचा लिया। भीड़ ने पकड़े गए लुटेरे को पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी को जेल भेज दिया।

नूरजहां पत्नी मुरादअली, ग्राम सिकन्दरपुर हटिया, अमोलिया, थाना गोसाईगंज, में अपना काम करने के उपरान्त घर लौट रही थीं।रास्ते में उसके बेटे का फोन आ गया। वह महिला बात करते हुए जा रही थी। वह सेलेब्रेटी गार्डेन के गेट से बाहर निकली थी उसी समय एक ई-रिक्शा चालक उसके बगल से गुजरा जिसने महिला के हाथ से मोबाइल लूट लिया और भाग निकला।,फोन के कवर में 3500 रुपए भी रखे थे।

महिला के शोर मचाने पर पीछे से आ रहे कार चालक ने लुटेरे का पीछा किया।, ई-रिक्शा चालक जिस रास्ते से भागा व रास्ता आगे बन्द था इसलिए वह भाग नहीं पाया। वह पकड़ा गया।उसे राहगीरो व पीड़िता के बेटोने पकड लिया। पकड़े जाने पर लुटेरे ने अपना नाम पूछा अभिषेक सिंह (21) पुत्र किरोधन सिंह बताया । उसने खुद को अशियाना सेक्टर एम मकान नं0 808 थाना अशियाना लखनऊ का निवासी बताया। तलाशी लेने पर लुटेरे ई रिक्शा चालक के पास से नूरजहां का मोबाइल एव 3500 रुपए बरामद हुए। सुशांत गोल्फ सिटी कोतवाली पुलिस ने विधिक कार्रवाई करते हुए आरोपी को जेल भेज दिया।

# अयोध्या में 45 मिनट का मल्टीमीडिया शो दीपोत्सव–2025 को बनाएगा यादगार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । योगी सरकार अयोध्या में 18 से 20 अक्टूबर तक होने वाला दीपोत्सव-2025 को अब तक का सबसे भव्य आयोजन बनाने जा रही है। इस बार पारंपरिक दीप प्रज्ज्वलन के साथ-साथ 45 मिनट का मल्टीमीडिया प्रोजेक्शन और लेज़र शो भी सरयू नदी के घाटों पर प्रस्तुत किया जाएगा। इस विशेष कार्यक्रम में 100 से अधिक कलाकार शामिल होंगे और रामायण की कथाओं को जीवंत करने के लिए 200 मीटर तक फैली झांकियां भी दिखाई जाएंगी।

रंग बिरंगी रोशनी से जगमगाएगी पूरी अयोध्या नगरी

पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप त्रेतायुग की अयोध्या को जीवंत करने के लिए दीपोत्सव-25 को अब तक का सबसे भव्य आयोजन बनाने जा रहे हैं, जो कई नये कीर्तिमान भी बनाएगा। उन्होंने बताया कि दीपोत्सव-25 भगवान राम की अयोध्या वापसी की खुशी को आधुनिक तकनीक से दोबारा रचेगा।

ऐसे में जहां पूरी नगरी रोशनी से जगमगाएगी तो दूसरी ओर सरयू घाट पर 26 लाख से अधिक दीपों को जलाकर गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया जाएगा। इस भव्य आयोजन के देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालु और पर्यटक साक्षी बनेंगे। यह आयोजन अब तक के सभी दीपोत्सवों से अधिक भव्य होगा और दर्शकों को अविस्मरणीय अनुभव देने के लिए तैयारियां युद्ध स्तर पर की जा रही हैं। राम की पैड़ी पर होने वाला 45 मिनट का शो प्रोजेक्शन मैपिंग, लेज़र इफ़ेक्ट्स, आतिशबाज़ी, संगीत और कथावाचन के माध्यम से भगवान राम की गाथा को प्रदर्शित करेगा। इसमें नई दृश्यावलियों, स्टोरीबोर्ड और एनिमेशन का प्रयोग किया जाएगा। इस कार्यक्रम में 100 से अधिक कलाकार हिस्सा लेंगे। सरयू नदी पर 200 मीटर लंबे क्षेत्र में झांकियों के माध्यम से रामायण के प्रसंगों को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया जाएगा। पर्यटन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि दृश्य तकनीक, कोरियोग्राफी, परिधान, संगीत और कथावाचन का यह संगम दर्शकों को एक अद्वितीय अनुभव देगा। मंच सज्जा और कलाकारों की पोशाकें दीपोत्सव की भावना और परंपरा को और भव्य बनाएंगी। अयोध्या का दीपोत्सव-25 परंपरा, संस्कृति और आधुनिक तकनीक का ऐसा अद्भुत संगम होगा जो विश्व स्तर पर अपनी विशेष पहचान बनाएगा।

## राजधानी में 'शहीद पितृ श्रद्धा नमन' का अनुष्ठान रविवार को

लखनऊ। सुमंगलम परिवार की ओर से स्वातंत्रय समर, विभाजन विभीषिका एवं राष्ट्र रक्षा में शहीद ज्ञात-अज्ञात क्रांतिवीरों को तर्पण-श्रद्धार्पण के लिए ल्लशहीद पितृ श्रद्धा नमनङ्क का अनुष्ठान रविवार को पितृ पक्ष अमावस्या पर शहीद स्मारक, गोमती तट, लखनऊ में किया जायेगा। यह जानकारी कर्तव्या फाउंडेशन के महासचिव डॉ. हरनाम सिंह ने दी। डा. हरनाम सिंह ने शनिवार को बताया कि इस अवसर पर कई सामाजिका संस्थाओं के प्रतिनिधि और शहर के गणमान्य नागरिक उपस्थित होकर कृतज्ञ भाव से शहीद क्रांतिवीरो को तर्पण एवं श्रद्धांजलि अर्पित कर राष्ट्र के सुख, शान्ति, समृद्धि का संकल्प लेंगे। अनुष्ठान में सुमंगलम सेवा साधना संस्थान, कर्तव्या फाउण्डेशन, विश्व पुरोहित परिषद्, लक्ष्य भारत फाउंडेशन, हमराह एक्स एनसीसी कैडेट सेवा संस्थान, लोक संस्कृति शोध संस्थान, अक्षय वट, पूर्व सैनिक सेवा परिषद, जयति भारत परिवार, बिम्ब सांस्कृतिक समिति एवं शहीद स्मृति समारोह समिति के कार्यकर्ता शामिल होंगे।

## चेन स्नेचरों का पीछा करने पर फिसली स्कूटी, युवक की मौत

लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता । उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के गुडंबा इलाके में शनिवार को चेन स्नेचरों को पीछा करने के दौरान स्कूटी फिसलने से स्कूटी सवार युवक मौत हो गई है। गुडंबा थाना प्रभारी प्रभातेश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि स्कूटी सवार युवक की पहचान अतुल जैन के रूप में हुई है। परिजनों से पता चला है कि रोजाना की तरह अतुल जैन स्कूटी से जिम जाने के लिए घर से निकला था। इसी दौरान चेन स्नेचिंग की वारदात को अंजाम देकर भाग रहे बाइक सवार बदमाशों को पकड़ने के लिए अतुल ने उनके पीछे अपनी स्कूटी दौड़ा दी। कुछ ही दूर पर तेज रफ्तार स्कूटी फिसलकर गई और हादसे में अतुल गंभीर रूप से घायल हो गये। परिजन उसे इलाज के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया है।

थानेदार ने बताया कि परिजनों की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। बाइक सवार बदमाशों को पकड़ने के लिए आसपास के सीसीटीवी कैमरे खंगाले जा रहे हैं।

## लखनऊ में 15 हजार के इनामी समेत दो बदमाश गिरफ्तार

लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के चिनहट थाना पुलिस ने शनिवार को 15 हजार रुपये के इनामी समेत दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। दोनों के खिलाफ पुरानी रंजिश को लेकर हत्या के प्रयास के मामले में मुकदमा दर्ज है। उपनिरीक्षक दीपक कुमार पाण्डेय ने बताया कि 31 दिसंबर 2024 को वादी मुकदमा प्रेमदास यादव के साथ मारपीट व जान से मारने की धमकी के मामले में चिनहट निवासी संदीप और विनय यादव के खिलाफ केस दर्ज है। इसी रंजिश को लेकर विनय ने अपने साथियों के साथ मिलकर इसी साल 13 सितंबर को यादवेंद्र यादव को भी गोली मारी। पीड़ित के तहरीर पर विनय और उसके तीन साथियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। इस मामले में पुलिस ने चिनहट निवासी सोनू यादव और अभिषेक प्रजापति को गिरफ्तार किया है। सोनू पर 15 हजार रुपये का इनाम भी घोषित है। इससे पहले पुलिस विनय और उसके साथी मूलरूप से बाराबंकी निवासी जुल्फी उर्फ सैफ को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है।

## राजभवन में भारतेन्दु नाट्य अकादमी ने किया 'चले सब एक साथ' नाटक का मंचन

लखनऊ । स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा-2025 के अंतर्गत शनिवार को राजभवन में भारतेंदु नाट्य अकादमी द्वारा 'चले सब एक साथ' नाटक का मंचन किया गया। नाटक में विकसित भारत के उद्देश्यों एवं उन्हें साकार करने हेतु किए जाने वाले प्रयासों पर प्रकाश डाला गया। इसमें कौशल विकास योजना, आत्मनिर्भर भारत, स्वरोजगार, नवाचार, पर्यावरण एवं जल संरक्षण, माय गवर्नमेंट पोर्टल तथा 30 ट्रिलियन की अर्थव्यवस्था के लक्ष्य जैसे विषयों को प्रभावी रूप से प्रस्तुत किया गया। नाटक का निर्देशन सरबजीत सिंह द्वारा किया गया। प्रस्तुत नाटक के माध्यम से विकसित भारत की परिकल्पना, नशा मुक्ति तथा पर्यावरण संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जन-जागरूकता का संदेश दिया गया। विशेष कार्याधिकारी (शिक्षा) डॉ0 पंकज एल0 जानी ने सभी कलाकारों की सराहना करते हुए कहा कि प्रस्तुतियाँ अत्यंत प्रेरणादायक हैं। उन्होंने कलाकारों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर विशेष सचिव राज्यपाल श्रीप्रकाश गुप्ता, राजभवन के अधिकारी एवं कर्मचारीगण तथा विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# नमो मैराथन दौड़ में शामिल होंगे मुख्यमंत्री योगी और सुनील बंसल

## भाजपा की ओर से प्रदेश के 16 महानगरों में 21 सितंबर को होगी नमो मैराथन दौड़

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । भारतीय जनता पार्टी (भाजपा)की ओर से शुरू किये गए ''सेवा पखवाड़ा'' अभियान के तहत रविवार को प्रदेश के 16 महानगरों में ''नमो मैराथन'' दौड़ का आयोजन किया जाएगा। इसमें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, यूपी के भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी लखनऊ में और पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल वाराणसी महानगर में ''नमो मैराथन'' दौड़ में सम्मिलित होगें। जबकि प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य आगरा महानगर में ब्रजेश पाठक बरेली महानगर में और पार्टी के प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह मेरठ महानगर में ''नमो मैराथन'' दौड़ में सम्मिलित होगें।

भाजपा के प्रदेश महामंत्री गोविन्द नारायण शुक्ला ने शनिवार को बताया कि पार्टी की ओर से चलाए जा रहे सेवा पखवाड़ा अभियान में 21 सितंबर को ''नमों मैराथन'' का आयोजन किया जा रहा है। इस मैराथन का उद्देश्य युवाओं को विकसित भारत, आत्मनिर्भर भारत और नशामुक्त भारत जैसे संकल्पों से जोड़ना है। इस नमो मैराथन में बड़ी संख्या में युवाओं की भागीदारी उत्साह के साथ रहेगी।

गोविन्द नारायण शुक्ल ने बताया कि 21 सितंबर को आयोजित ''नमो मैराथन'' में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रेखा वर्मा मथुरा महानगर, राष्ट्रीय अध्यक्ष किसान मोर्चा राज कुमार चाहर अलीगढ़ महानगर, कैबिनेट मंत्री एवं पूर्व प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह गोरखपुर महानगर, सुरेश खन्ना शाहजहांपुर महानगर, बेबी रानी मौर्य व प्रदेश महामंत्री अनूप गुप्ता झांसी महानगर, प्रदेश महामंत्री रामप्रताप सिंह चौहान फिरोजाबाद में शामिल होंगे।

इसी तरह कैबिनेट मंत्री नितिन अग्रवाल व प्रदेश उपाध्यक्ष डा. धर्मेन्द्र सिंह अयोध्या महानगर, राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जेपीएस राठौर प्रयागराज महानगर, दयाशंकर सिंह सहारनपुर महानगर, राज्य सभा सांसद सुधांशु त्रिवेदी गाजियाबाद महानगर, भाजपा युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष प्रांशु दत्त द्विवेदी मुरादाबाद महानगर में सम्मिलित होंगे।

# विश्वविद्यालय में तोड़फोड़ करने वाले उपद्रवियों पर हो कठोर कार्यवाही: अभाविप

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने विश्वकर्मा पूजा के दिन बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर केंद्रीय विश्वविद्यालय में तोड़फोड़ करने वाले उपद्रवियों पर कठोर कार्यवाही की मांग की है। अभाविप का कहना है कि बीबीएयू में एसएफआई, एयूडीएसयू , बामसेफ यूनियन के कार्यकर्ताओं ने भगवान विश्वकर्मा की पूजा कर रहे विद्यार्थियों से मारपीट करते हुए अभद्र धार्मिक टिप्पणी की थी और भगवान विश्वकर्मा की फोटो फाड़कर कार्यक्रम को बाधित किया था। अभाविप ने कहा है कि विश्वविद्यालय में तोड़फोड़ और अराजकता की इस घटना को कई दिन बीत चुके हैं लेकिन अभी तक इन उपद्रवी छात्रों पर कोई कार्यवाही नहीं की गई, यह विश्वविद्यालय प्रशासन व पुलिस प्रशासन पर बड़ा सवाल है।अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद अवध प्रान्त के प्रान्त मंत्री पुष्पेन्द्र वाजपेई ने कहा कि विश्वविद्यालय में अराजकता , हिंसा व तोड़फोड़ निंदनीय है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद इस पूरे प्रकरण में सभी अराजक तत्वों पर कठोर कार्यवाही की मांग करती है। प्रान्त सहमंत्री पुष्पा गौतम ने कहा कि विद्यार्थियों पर क्रूर हमला करने वालों को विश्वविद्यालय से निष्कासित कर कानूनी कार्यवाही करना चाहिए जिससे परिसर में शांतिपूर्ण वातावरण पुनर्स्थापित हो सके।विश्व विद्यालय इकाई के अध्यक्ष अमरप्रीत कौर ने कहा कि यह पूरी घटना परिसर में पढ़ने वाले प्रत्येक विद्यार्थी को आहत करती है, जिस प्रकार से बाहरी अराजकतत्व बुलाकर विश्वविद्यालय के पठन-पाठन को बाधित करने का निरन्तर प्रयास किया जा रहा है, अब ऐसे सभी उपद्रवियों पर सख्त कार्यवाही की आवश्यकता है, जिससे इनके विभाजनकारी मंसूबे कामयाब न हो सकें।

# सीडीओ की अध्यक्षता में हुआ सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखीमपुर खीरी। आमजन की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए सोमवार को सीडीओ अभिषेक कुमार की अध्यक्षता में तहसील सदर के लोक सभागार में ''संपूर्ण समाधान दिवस'' आयोजित हुआ। इस अवसर पर सीडीओ ने एसपी संकल्प शर्मा व अन्य अधिकारियों ने आये हुए फरियादियों के समस्याओं की गम्भीरतापूर्वक सुनवाई करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को मौके पर जाकर जनशिकायतों की निष्पक्ष जाँच करके समयबद्धता के साथ गुणवत्तापरक निस्तारण करने के निर्देश दिए।

जनसुनवाई के दौरान सीडीओ व एसपी ने अन्य अधिकारियों के साथ प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से लिया और स्पष्ट निर्देश दिए कि जनशिकायतों की निष्पक्ष जांच कर समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। सीडीओ अभिषेक कुमार ने अधिकारियों से कहा कि शासन की प्राथमिकताओं में जनसमस्याओं का समाधान सर्वोपरि है। गरीब एवं जरूरतमंद व्यक्तियों की समस्याओं का संवेदनशीलता से तुरंत समाधान करते हुए उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाना सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि शिकायतकर्ताओं की भावनाओं का सम्मान करते हुए संतोषजनक निस्तारण करें और भूमि विवादों में राजस्व-पुलिस की संयुक्त टीम तत्काल कार्यवाही करे।

### शिकायतों का गुणवत्तापरक, समयबद्ध निस्तारण करें अफसर : सीडीओ

उन्होंने दो टूक कहा कि किसी भी स्तर की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी।

इस समाधान दिवस में कुल 48 शिकायती प्रार्थना पत्र पंजीकृत हुए, जिनमें से 05 का मौके पर निस्तारण किया गया। प्राप्त शिकायतों में राजस्व विभाग की 17, पुलिस विभाग की 12, विकास विभाग की 05, आपूर्ति और कृषि विभाग की चार-चार, नगर निकाय और विद्युत की 03-03 शिकायतें शामिल रहीं। सभी प्रार्थना पत्रों को पृष्ठांकित कर संबंधित विभागों को शीघ्र निस्तारण हेतु सौंपा गया। इस दौरान प्रशिक्षु आईएएस सुश्री मनीषा, एसडीएम (सदर) अश्विनी कुमार सिंह, प्रभारी तहसीलदार सुनील कुमार सहित बड़ी संख्या में अधिकारी उपस्थित रहे।

## विश्व हिंदू रक्षा परिषद और करणी सेना के कार्यकर्ताओं ने टनकपुर हाईवे पर विरोध प्रदर्शन कर किया हाइवे जाम

पीलीभीत। विश्व हिंदू रक्षा परिषद के जिला अध्यक्ष यशवंत सिंह और अन्य पदाधिकारियों के खिलाफ दर्ज मुकदमों के विरोध प्रदर्शन कर टनकपुर हाइवे जाम कर दिया गया सूत्रों के अनुसार, एक गौशाला निरीक्षण के दौरान प्रधान ने विश्व हिंदू रक्षा परिषद के पदाधिकारियों पर मारपीट और रंगदारी का आरोप लगाया था जिसमें मुकदमा दर्ज किया गया था कार्यकर्ताओं ने इसे फर्जी और मनगढ़ंत बताते हुए हाईवे जाम कर दिया मौके पर पहुंची पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को चेतावनी दी कि वे सड़क जाम न करें चेतावनी के बावजूद प्रदर्शनकारियों ने विरोध जारी रखा इस पर पुलिस ने विश्व हिंदू रक्षा परिषद के जिला अध्यक्ष यशवंत सिंह और धर्मेंद्र चौहान को हिरासत में लिया अन्य प्रदर्शनकारी वहां से हटाए गए जाम के कारण करीब आधे घंटे तक हाईवे पर यातायात बाधित रहा, यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। पुलिस के हस्तक्षेप के बाद यातायात सामान्य हुआ अधिकारियों ने कहा है कि कानून व्यवस्था को चुनौती देने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी ।

## दुकान पर सामान लेने आये युवक की चोर साइकिल चुराकर भाग निकला

कैनविज टाइम्स संवाददाता

### चोरी की घटना को अंजाम देने वाले युवक की घटना सी सी टीवी कैमरा में कैद

मानपुर(सीतापुर)। थाना क्षेत्र के एक बाजार में शुक्रवार को सरेआम चोर साइकिल चोरी कर फरार हो गया। पीड़ित युवक साइकिल खड़ी कर दुकान से सामान खरीद रहा था, तभी मौके का फायदा उठाकर चोर साइकिल ले उड़ा। चोर की करतूत कैमरे में कैद हो गई। पुलिस को तहरीर दी दी गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। विक्रमपुर निवासी महेश्वर ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह शुक्रवार करीब 5 बजे शाम को कटरा बाजार सामान खरीदने आया था। वह ओमप्रकाश अवस्थी की परचून की दुकान पर सामान खरीदने लगा। अपनी साईकिल दुकान के बगल में खड़ी कर दी। उसे दुकान पर करीब एक घंटे का समय लग गया। सामान लेने के बाद जब वह साईकिल लेने पहुचा तो साइकिल गायब थी। उसने अन्य दुकान दारों के साथ तलाश की लेकिन साईकिल चोर का कोई सुराग नही मिला। दुकान में लगे कैमरे में चोर की हरकत कैद हो गई। फुटेज में चोर साफ नजर आ रहा है। ट्रेनी सी ओ (प्रभारी) ने बताया जा रहा है कि घटना पास लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। फुटेज में चोर साफ नजर आ रहा है। ट्रेनी सी ओ (प्रभारी) मानपुर ने बताया फुटेज के आधार पर चोर की पहचान कर चोरी का शीघ्र खुलासा किया जाएगा।

# तहसील समाधान दिवस बना प्रतीक्षा दिवस: 67 में से 5 शिकायतें सुलझीं, बाकी लौटे निराश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



धौरहरा (खीरी) । तहसील धौरहरा में शनिवार को आयोजित समाधान दिवस फरियादियों की भीड़ और अधिकारियों की उदासीनता के बीच औपचारिकता बनकर रह गया। बरसात के बावजूद बड़ी संख्या में आए 67 फरियादियों में से सिर्फ 5 को मौके पर राहत मिल सकी, शेष 62 शिकायतकर्ता फिर से इंतज़ार की कतार में डाल दिए गए। समाधान दिवस की अध्यक्षता उपजिलाधिकारी शशिकांत मणि ने की। बारिश के बावजूद तहसील परिसर में फरियादियों की भीड़ उमड़ी, परंतु उम्मीदों के विपरीत समाधान बहुत कम दिखा। अधिकारियों ने मात्र पांच राजस्व मामलों का तत्काल निस्तारण किया, जबकि एक मामले में अधीनस्थ कर्मचारी को निर्देशित किया गया। कागज़ों में समाधान, ज़मीन पर लाचारी सबसे अधिक शिकायतें राजस्व विभाग (29) और पुलिस विभाग (26) से संबंधित रहीं। इसके अलावा– विकास विभाग: 5 शिकायतें आपूर्ति विभाग: 4 शिकायतें समाज कल्याण विभाग: 2 शिकायतें नगर निकाय: 2 शिकायतें अन्य विभाग: 4 शिकायतें उपजिलाधिकारी शशिकांत मणि ने कहा, ''पाँच मामलों का निस्तारण कर दिया गया है। शेष शिकायतों पर विभागीय कार्रवाई हेतु निर्देश दे दिए गए हैं। जल्द समाधान सुनिश्चित कराया जाएगा। फरियादी बोले - समाधान दिवस अब 'सुनवाई दिवस' बनकर रह गया । लोगों का कहना है कि समाधान दिवस महज़ एक रस्म अदायगी बन गया है। कई फरियादी लगातार 3-4 महीनों से एक ही शिकायत लेकर लौट रहे हैं, लेकिन न तो सुनवाई होती है और न ही समाधान। अधिकारी केवल 'आवश्यक कार्रवाई जारी है' कहकर पल्ला झाड़ लेते हैं।

थाना समाधान दिवस भी फाइलों में कैद - फरियादियों ने यह भी आरोप लगाया कि पुलिस विभाग में आयोजित थाना समाधान दिवस भी सिर्फ बैठकों और दस्तावेजों तक सिमट गया है। पेंडिंग मामलों की संख्या जस की तस बनी हुई है, और शिकायतों का समय पर निस्तारण नहीं हो रहा।

दोपहर 2 बजे हुआ समाधान दिवस का समापन- समाधान दिवस का समापन नियत समय अपराह्न 2 बजे कर दिया गया। मौजूद अधिकारियों में वीडियो धौरहरा, कोतवाल शिवाजी दूबे और विभिन्न विभागों के प्रतिनिधि शामिल रहे।

# पालिका अध्यक्षा ने महिला शक्ति मिशन शक्ति 5.0 का फीता काटकर किया शुभारंभ

कैनविज टाइम्स संवाददाता



खैराबाद। प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना मिशन शक्ति अभियान फ़ेज 5.0 के अंतर्गत महिला सशक्तिकरण के लिए विशेष अभियान के अंतर्गत उत्तर प्रदेश के सभी लगभग 1600 से अधिक थानों पर उत्तर प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के अभिभाषण के बाद मिशन शक्ति अभियान फ़ेस 5.0 की शुरुआत की गई जिसके तहत खैराबाद थाना परिसर में खैराबाद नगर पालिका अध्यक्षा बेबी गुप्ता अध्यक्ष प्रतिनिधि अभिषेक गुप्ता उर्फ बबलू व उनकी 3 वर्षीय बेटी अवंशिका ने महिला थाने पर फीता काटकर मिशन शक्ति अभियान फ़ेज 5 का शुभारंभ किया । इस दौरान पंडित सूर्य दत्त आनंदी सहगल बालिका विद्यालय जीवन ज्योति कॉन्वेंटस्कूल सहित कई विद्यालयों की छात्राएं शिक्षक शिक्षिकाएं स्कूल प्रबंधक महिला प्रधान महिला सभासद मौजूद रहे। इस दौरान वूमेनपावर लाइन 1090 यूपी 112 सहित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई। माननीय मुख्यमंत्री के अभिभाषण के बाद थाना अध्यक्ष खैराबाद अनिल सिंह व खैराबाद नगर पालिका अध्यक्ष बेबी अभिषेक गुप्ता द्वारा अवगत कराया गया कि 22 सितंबर 2025 से 21 अक्टूबर 2025 तक सभी थानों द्वारा प्रमुख बाजार कस्बे के चौराहों स्कूलों कॉलेजों धार्मिक स्थलों तथा अन्य महत्वपूर्ण स्थान पर महिला पुलिस कर्मियों द्वारा शासन व पुलिस विभाग द्वारा महिलाओंकी सुरक्षा और सशक्तिकरण स्वावलंबन हेतु चलाई जा रही विभिन्न विभागों की योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना निराश्रित महिला पेंशन योजना उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन राष्ट्रीय पोषण योजना मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना पीएम स्वानिधि योजना पीएम सम्मान निधि योजना वन स्टॉप सेंटर आयुष्मान योजना सुरक्षित मातृत्व आश्वासन सुमन योजना प्रधानमंत्री फ्री सिलाई योजना महिला शक्ति केंद्र योजना मुख्यमंत्री अभ्युदया योजना कन्या सुमंगला योजना महिला ई हाट योजना तथा पुलिस विभाग से संबंधित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों वूमेन पावर लाइन 1090 पुलिस आपातकालीन सेवा 112 इमरजेंसी कॉल पैनिक बटन मोबाइल पर डेमो सीएम हेल्पलाइन 1076 स्वास्थ्य सेवा हेल्पलाइन 102 एंबुलेंस सेवा 108 महिला हेल्पलाइन 181 साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 आज के बारे में पंपलेट बाटकर वह समझाकर जागरूक किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में खैराबाद नगर पालिका अध्यक्षा बेबी अभिषेक गुप्ता अध्यक्ष प्रतिनिधि अभिषेक गुप्ता उर्फ बबलू कई विद्यालयों की छात्राएं महिला ग्राम प्रधान महिला सभासद महिला आरक्षी कस्बे एवं ग्रामों की महिलाएं सहित सभासद गण कस्बे के वरिष्ठ नागरिक गण सहित सैकड़ो संख्या में लोग उपस्थित रहे कार्यक्रम के समापन पर थाना अध्यक्ष अनिल सिंह व कस्बा इंचार्ज अवधेश यादव ने सबको धन्यवाद ज्ञापित किया।



## पुलिस की छापेमारी में आधा दर्जन जुआरी गिरफ्तार, भाजपा नेता का भाई व तथाकथित पत्रकार भी गिरफ्तार

तिकुनियां खीरी कैनविज टाइम्स संवाददाता । कस्बे में पुलिस की छापेमारी के दौरान करीब आधा दर्जन जुआरियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही की है। बीती रात कस्बे में तिकुनियां पुलिस ने जुएं के अड्डे पर छापेमारी की, छापेमारी के दौरान पुलिस ने आधा दर्जन जुआरियों को गिरफ्तार किया जिसमें भाजपा नेता सोनू अग्रवाल के भाई महेश अग्रवाल, तथाकथित पत्रकार कुशल गर्ग उर्फ टाइगर, जसनगर साधन सहकारी समिति तिकुनियां में कार्यरत दुर्वेश शुक्ला उर्फ रानू, आर एन इंटर नेशनल स्कूल के प्रोप्राईटर शिव कुमार गर्ग उर्फ पिंटू का पुत्र शुभम गर्ग, रामलीला मेला कमेटी के कार्यवाहक अध्यक्ष जितेंद्र गुप्ता का भतीजा आकर्ष गुप्ता और मुरारी प्रसाद शामिल हैं। गिरफ्तारी के साथ पुलिस ने 92500 रुपए व एक मोटरसाइकिल भी बरामद की है। हालांकि कस्बे में चर्चा है कि पुलिस ने छापेमारी के दौरान ढाई से तीन लाख रुपए बरामद किए थे लेकिन प्रेस नोट में सिर्फ 92500 रुपए ही दर्शाए हैं। कोतवाली प्रभारी पुष्पराज कुशवाहा ने बताया कि पकड़े गए अभियुक्तों पर सार्वजनिक जुआं अधिनियम के तहत कार्यवाही की जा रही है।

# ग्राम पंचायत आट में मलेरिया कैंप का आयोजन किया गया




कैनविज टाइम्स संवाददाता

जनपद सीतापुर की तहसील मिश्रिख के अंतर्गत ग्राम पंचायत आट में अधीक्षक प्रखर श्रीवास्तव के दिशा निर्देश में चलाए जा रहे हैं मलेरिया कैंप का आयोजन किया गया जिसमें लगभग 52 लोगों की जांच हुई खासी बुखार पेट दर्द खुजली आदि के मरीज आए डॉक्टर नेहा कदीर की टीम में डॉक्टर विमल गुप्ता संदीप शिव मोहन मिश्रा शिवम विश्वकर्मा आदि डॉक्टर शामिल रहे -

# रक्तदान कर राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ सीतापुर के पदाधिकारियों ने मनाया सेवा पर्व



कैनविज टाइम्स संवाददाता

मछरेहटा- सीतापुर। माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस को सेवा पर्व के रूप में मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में बेसिक शिक्षा विभाग में शिक्षक के रूप में तैनात राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ मछरेहटा के अध्यक्ष देवर्षि प्रताप सिंह, ब्लॉक महामंत्री नीरज गौतम, वरिष्ठ उपाध्यक्ष विवेक श्रीवास्तव, मीडिया प्रभारी विवेक तिवारी और संगठन के जिला महामंत्री कृष्ण मोहन गुप्ता द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मछरेहटा में स्वस्थ नारी सशक्त परिवार कार्यक्रम में लगे रक्तदान शिविर में सम्मिलित होकर रक्तदान किया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक डॉ कमलेश कुमार एवं माननीय विधायक रामकृष्ण भार्गव ने रक्तदान करने वालों की हौसला अफ़जाई करते हुए उनको प्रमाणपत्र वितरित किये। इस अवसर पर ब्लड बैंक सीतापुर से आये दिवाकर सिंह, नेत्र विशेषज्ञ डॉ वीके गुप्ता सहित अनेक चिकित्सक और क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

# एआरटीओ ने किया ड्राइविंग प्रशिक्षण केंद्र का औचक निरीक्षण, खामियां उजागर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

खैराबाद ।शनिवार को खैराबाद के अर्जुनपुर स्थित दीपक इन्फोटेक द्वारा संचालित प्रत्यायन चालन प्रशिक्षण केंद्र का औचक निरीक्षण एआरटीओ (प्रशासन) श्री सर्वेश चतुर्वेदी द्वारा किया गया। निरीक्षण में सिम्युलेटर डिस्पले सही नहीं मिली, टेस्ट दिलाए जाने वाले वाहन का टैक्स बकाया मिला जिसे तत्काल जमा कराया गया। साथ ही हैवी वाहनों की यांत्रिक दशा की जानकारी देने वाले ट्रेनर भी गैरहाजिर मिले। ए आरटीओ ने सभी खामियां 3 दिनों में सही कराने के आदेश दिए।निरीक्षण के दौरान एआरटीओ ने सभी आवेदनों की जानकारी लेते हुए आदेश दिया कि प्रत्येक आवेदक का प्रशिक्षण उसके लाइसेंस की श्रेणी के अनुसार किया जाए। सभी आवेदकों को अनिवार्य रूप से सिम्युलेटर पर प्रशिक्षण दिलाया जाए। सभी आवेदकों से यातायात संकल्प पत्र भरवाया जाए।

एआरटीओ (प्रशासन) ने बताया कि विभाग को लगातार शिकायतें मिल रही थीं कि केंद्र पर आवेदकों को समुचित प्रशिक्षण उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है। जिसके बाद औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान एआरटीओ ने स्वयं की मौजूदगी में प्रशिक्षुओं से टेस्ट दिलवाया और उनकी जानकारी की जांच की।

उन्होंने आदेश दिए कि आवेदकों को पहले टेस्ट देने की पूरी प्रक्रिया को वीडियो के जरिए दिखाया जाए। उसके बाद ही टेस्ट के लिए भेजा जाए जिससे आवेदकों को सुविधा रहे। साथ ही आवेदकों को यातायात चिन्ह युक्त पुस्तिका भी दिए जाने और सभी आवेदकों को सड़क सुरक्षा की वीडियो क्लिप भी दिखाने की बात कही । ताकि आम जनमानस में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता आए। एआरटीओ ने जानकारी देते हुए बताया कि परिवहन विभाग द्वारा ड्राइविंग प्रशिक्षण हेतु हल्के वाहनों के लिए 6 हजार,

भारी वाहनों के लिए 10 हजार, नाइट/हिल ड्राइविंग के लिए 1 हजार रुपए, ड्राइविंग ट्रेनर के लिए 10 हजार रुपए समेत अलग-अलग श्रेणी के लिए अलग - अलग प्रशिक्षण शुल्क निर्धारित किया गया है। उन्होंने कहा कि निर्धारित प्रशिक्षण शुल्क से अधिक न लिया जाए । अवैध वसूली किसी भी सूरत में नहीं होने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता में है। यातायात नियमों का पालन सड़क हादसों को कम करने का सबसे प्रभावी माध्यम है। इस दिशा में किसी भी प्रकार की लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान प्राविधिक निरीक्षक संजय कुमार ने केंद्र पर उपलब्ध वाहनों की तकनीकी जांच की।

एआरटीओ ने केंद्र संचालक को निर्देशित किया कि सभी नियमों का शत-प्रतिशत पालन सुनिश्चित किया जाए। नियमों की अनदेखी की स्थिति में विभाग द्वारा आवश्यक कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# प्रतिमाह मिलने वाले पोषाहार मे बरती जा रही अनियमितता

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोला गोकरणनाथ खीरी। जनपद की विकास खंड बांकेगंज की ग्राम पंचायत डाटपुर स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में पोषाहार वितरण को लेकर बड़ा फर्जीवाड़ा उजागर हुआ है। ग्रामीणों द्वारा की गयी शिकायत के अनुसार आंगनबाड़ी केंद्र की कार्यकत्री नीलम देवी पर बीते कई वर्षों से लगातार पोषाहार वितरण में अनियमितता और भ्रष्टाचार करने के गंभीर आरोप लगाए गए हैं। शिकायत के अनुसार, कार्यकत्री द्वारा फर्जी रजिस्टर तैयार कर कागजों में पुराने फोटो द्वारा वितरण दिखा दिया जाता है, जबकि हकीकत में लाभार्थियों को प्रतिमाह पोषाहार नहीं दिया जाता है। आंगनवाड़ी कार्यकत्री द्वारा प्रत्येक तीसरे या चौथे माह लाभार्थियों को पोषाहार का वितरण किया जाता है। इतना ही नहीं, ग्रुप व वेबसाइट पर लाभार्थियों के पुराने फोटोग्राफ और रजिस्टर पर एक साथ ही कई पन्नों पर अंगूठे लगवाकर प्रत्येक माह का वितरण दिखा दिया जाता है जबकि हकीकत कुछ और ही बयान करती है। प्रत्येक माह पुराने फोटोग्राफ और रजिस्टर पर अंगूठा या हस्ताक्षर इस लिए करवा लिए जाते है जिससे रिकॉर्ड में कोई गड़बड़ी न दिखाई दे और किसी को फर्जीवाड़े का कोई भी संदेह उत्पन्न न हों पाये। ग्रामीणों के अनुसार, बाल विकास पोषाहार मे किये गये फर्जीवाड़े और घोटाले से आंगनवाड़ी कार्यकत्री द्वारा काफी धनार्जन किया जा चुका है और यदि कार्यकत्री की सम्पत्ति की जांच की जाये तो उनकी वार्षिक आय से कहीं अलग ही साबित होगी। आंगनवाड़ी कार्यकत्री द्वारा अपने पद का दुरुपयोग करते हुए ग्रामीणों की आँखों मे धूल झोकने का कार्य कर प्रत्येक माह मे पोषाहार का वितरण न करके अनियमितता बरती जा रही है,यदि कोई इस मामले मे आवाज बोल भी देता है तो उसका पोषाहार बंद करने को लेकर डराने-धमकाने का कार्य किया जाता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जब भी कोई भी लाभार्थी इस मामले मे बात भी करता है तो उन्हें सीधे तौर पर धमकाया जाता है और पोषाहार बंद करने की धमकी दे दी जाती है, जिससे लाभार्थी खुलकर सामने आने से डरते हैं। इस पूरे मामले की ब्लॉक विकास अधिकारी (बीडीओ) द्वारा जांच कराई जाये तो आरोपों की पुष्टि करते हुए बहुत बड़ा फर्जीवाड़ा उजागर होगा। संबंधित कार्यकत्री द्वारा स्थानीय स्तर पर एक प्रकार का बहुत बड़ा ''सुविधा शुल्क नेटवर्क'' खड़ा कर लिया गया है, जो पोषाहार जैसी संवेदनशील योजना को भी भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा रहा है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि संबंधित आंगनबाड़ी कार्यकत्री की तत्काल प्रभाव से जांच कराकर कार्यवाही की जाये तथा इस पूरे प्रकरण और फर्जीवाड़े की उच्च स्तरीय जांच कराई जाए। ग्रामीणों ने यह भी अपील भी की है कि आंगनबाड़ी योजनाओं में पारदर्शिता सुनिश्चित की जाए, ताकि गरीब एवं जरूरतमंद बच्चों तक उनका हक सही ढंग से पहुंच सके।

# शिकायतों का गुणवत्तापरक व समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित कराए अधिकारी: जिलाधिकारी

**जिलाधिकारी की अध्यक्षता में बिल्सी में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापरक व समयबद्ध निस्तारण करने के निर्देश दिए**




कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूं। जिलाधिकारी अवनीश राय ने शनिवार को तहसील बिल्सी में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापरक व समयबद्ध निस्तारण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर कुल 33 शिकायती व प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से 02 का मौके पर निस्तारण कर दिया गया, शेष के गुणवत्तापरक निस्तारण के निर्देश संबंधित विभागीय अधिकारियों को दिए गए। डीएम ने कहा कि आमजन की शिकायतों का गुणवत्तापरक निस्तारण मा0 मुख्यमंत्री जी की प्राथमिकताओं में है, इसलिए इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वह फरियादियों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुने तथा उसका गुणवत्तापरक निस्तारण सुनिश्चित कराएं। उन्होंने बताया कि शासन स्तर से निस्तारण का फीडबैक भी शिकायतकर्ता के मोबाइल पर कॉल करके लिया जाता है, इसलिए शिकायतकर्ता की संतुष्टि आवश्यक है, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर चकरोड पर से अवैध कब्जा हटवाने, भूमि पर से अवैध कब्जा हटवाने, भूमि की पैमाइश करवाने, बिजली का बिल सही कराने, बिजली का बिल उपलब्ध कराने, पेंशन व आवास की मांग सहित विभिन्न विभागों की कुल 33 शिकायती व प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से 02 का मौके पर निस्तारण कर दिया गया तथा शेष के गुणवत्तापरक व समयबद्ध निस्तारण के निर्देश संबंधित विभागीय अधिकारियों को दिए गए।इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी केशव कुमार, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार सिंह, उप जिलाधिकारी बिल्सी प्रेमपाल सिंह सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

## आगामी नवरात्रि एवं दशहरा पर्व के दृष्टिगत खाद्य,पेय पदार्थों में मिलावट पर को लेकर चलाया गया अभियान

संभल। आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, उ0प्र0 लखनऊ के आदेश एवं जिलाधिकारी के निर्देशानुसार खाद्य सुरक्षा विभाग के प्रवर्तन दल द्वारा जनपद के खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया जा रहा है। इस क्रम में आज शनिवार को मिलावट के सन्देह होने पर निम्नानुसार खाद्य पदार्थों के नमूने संग्रहित कर प्रयोगशाला प्रेषित किये गये. स्थान-ग्राम बैरपुर स्थित विशेष किराना स्टोर से खाद्य पदार्थ-कुट्टू का आटा स्थान-ग्राम रजपुरा स्थित रिजवान किराना स्टोर से खाद्य पदार्थ मूंगफली दाना, स्थान चन्दौसी स्थित विशाल मेगा मार्ट से खाद्य पदार्थ साबुदाना, स्थान-लोहाट बाजार, चन्दौसी स्थित बालाजी ट्रेडर्स से खाद्य पदार्थ-मूंगफली दाना, स्थान-ग्राम जड़वार, बहजोई पर दुग्ध वाहन से खाद्य पदार्थ-दूध , स्थान कोटपूर्वी, सम्भल स्थित श्रीओम गुप्ता पुत्र रामकिशन गुप्ता की दुकान से सेंधानमक, स्थान-मुंसिफ रोड, चन्दौसी स्थित धन्नूमल ट्रेडर्स पर खाद्य पदार्थों की रिटेल (फुटकर) बिक्री हेतु लाइसेंस पाया गया जबकि मौके पर खाद्य प्रतिष्ठान में खाद्य पदार्थों की पैकिंग की जा रही थी जिस कारण खाद्य पदार्थों की पैकिंग पर तत्काल रोक लगायी गयी तथा खाद्य पदार्थ-लाल मिर्च पाउडर एवं हल्दी पाउडर में मिलावट का सन्देह होने पर नमूने संग्रहित किये गये।

# लैंगिक उत्पीड़न अधिनियम पर कार्यशाला संपन्न

**न्यायिक जागरूकता की ओर एक कदम: नयाब अब्बासी गर्ल्स डिग्री कॉलेज, अमरोहा में आयोजित हुआ कार्यक्रम**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमरोहा, मुरादाबाद । जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अमरोहा द्वारा आज नयाब अब्बासी गर्ल्स डिग्री कॉलेज में ''कार्यस्थल पर महिलाओं के साथ लैंगिक उत्पीड़न (रोकथाम, प्रतिषेध और निवारण) अधिनियम, 2013'' विषय पर एक जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया।इस कार्यशाला की अध्यक्षता जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव श्रीमती ज्योति जी ने की। उन्होंने महिलाओं के कानूनी अधिकारों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि कार्यस्थल पर महिलाओं के साथ होने वाली किसी भी प्रकार की लैंगिक हिंसा के विरुद्ध कानून का सहारा लेकर न्याय प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक महिला को एक सुरक्षित और सम्मानजनक कार्य वातावरण प्राप्त करने का अधिकार है।कार्यक्रम में श्री महेश सिंह ने अधिनियम 2013 के अंतर्गत गठित इंटरनल कंप्लेंट्स कमेटी (ऋए) एवं लोकल कमेटी (ख्रए) की भूमिका को विस्तार से समझाया। उन्होंने कहा कि यह कानून न केवल कार्यस्थल पर सुरक्षा सुनिश्चित करता है, बल्कि महिला कर्मचारियों को भयमुक्त वातावरण भी प्रदान करता है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि किसी भी शिकायत की निष्पक्ष जांच और समाधान के लिए इन समितियों का गठन अनिवार्य है।इस अवसर पर श्री लोकमान सिंह ने विधिक सहायता की प्रक्रिया एवं पात्रता के विषय में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आर्थिक या सामाजिक रूप से कमजोर वर्ग के लोगों को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (क्ख्रट्टइ) के माध्यम से निःशुल्क विधिक सहायता प्रदान की जाती है, जिसमें वकील की नियुक्ति, कानूनी सलाह, एवं मुकदमे की पैरवी शामिल है।डा. प्रथम सिंह ने विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा प्रदान की जाने वाली मुफ्त कानूनी सेवाओं की जानकारी देते हुए बताया कि महिलाएँ, बच्चे, वरिष्ठ नागरिक, अनुसूचित जाति/जनजाति एवं आर्थिक रूप से पिछड़े वर्ग के नागरिकों को बिना किसी शुल्क के सहायता प्रदान की जाती है।कार्यशाला में श्री रितिक चौधरी (क्लर्क) ने उपस्थित छात्राओं एवं नागरिकों को शिकायत दर्ज करने की प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कोई भी व्यक्ति सरकारी सेवाओं या अधिकारियों के खिलाफ शिकायत लिखित या ऑनलाइन माध्यम से दर्ज करा सकता है और उचित समाधान प्राप्त कर सकता है।इस अवसर पर डा. प्रथम सिंह, आलेनवी,रिहाना, मोनिकाजय देव सिंह, सोभित कुमार, कुलदीप कुमार, राजेन्द्र, परवीन, प्रीति सहित कॉलेज के प्रचार्य श्री मति डा. लूवना हामिद, डा. महताव अमरोही, कसीम अशरत, रेशमा जैदी, अर्चना शर्मा अनेक शिक्षक-शिक्षिकाएँ, छात्राएँ एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।कार्यशाला का उद्देश्य महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक बनाना और उन्हें कार्यस्थल पर सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित करना था। कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

# गंगा स्वच्छता पर निबंध प्रतियोगिता आयोजित विजेताओं को किया गया सम्मानित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

संभल/ बबराला। शांति देवी कन्या इंटर कॉलेज में शनिवार को गंगा स्वच्छता विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। नमामि गंगे जिला गंगा परियोजना के तत्वावधान में हुई इस प्रतियोगिता में छात्राओं ने गंगा नदी की निर्मलता, संरक्षण और उसके महत्व पर अपने विचार प्रस्तुत किए। प्रतियोगिता में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और गंगा को प्रदूषण मुक्त बनाने के उपायों पर सारगर्भित बातें रखीं। निर्णायकों ने छात्राओं की रचनात्मकता और सोच की सराहना की। कक्षा 11 की छात्रा सृष्टि ने प्रथम स्थान, कक्षा 10 की मुस्कान ने द्वितीय स्थान तथा कक्षा 8 की निशा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेता छात्राओं को जिला परियोजना अधिकारी अमन तिवारी ने शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि नई पीढ़ी में इस प्रकार की प्रतियोगिताएं गंगा संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने में मददगार साबित होंगी। कॉलेज के प्रधानाचार्य सोमेश पाठक ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि गंगा केवल नदी नहीं बल्कि हमारी सांस्कृतिक धरोहर है। इसके संरक्षण की जिम्मेदारी हम सबकी है और ऐसे आयोजनों से छात्र-छात्राओं में पर्यावरण एवं जल संरक्षण की भावना प्रबल होती है। इस अवसर पर सरिता, फरहत जहां, प्रेरणा पाठक, नुसरत जहां, विनीता यादव, पूनम यादव सहित कॉलेज के शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका सरिता ने किया और अंत में धन्यवाद ज्ञापन फरहत जहां ने दिया।

# जनपद की तीनों तहसीलों में आयोजित हुआ संपूर्ण समाधान दिवस

**जनसामान्य की शिकायतों के त्वरित निस्तारण को लेकर जिलाधिकारी के सख्त निर्देश**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

संभल, बहजोई। तहसील चन्दौसी में जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी ने शिकायतों का समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिये।

जनसामान्य की शिकायतों के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से आज जनपद की तीनों तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी डॉ. राजेंद्र पैंसिया एवं पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई की अध्यक्षता में तहसील चन्दौसी के सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजन किया गया। संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने शिकायतकर्ताओं की समस्या सुनकर मौके पर अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि शिकायतें लंबित न रखी जाये, शिकायतों को गम्भीरता से लिया जाये। संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान पुलिस विभाग से संबंधित शिकायतों को सुना एवं संबंधित थानाध्यक्षों को निस्तारण के निर्देश दिए। आज तहसील चन्दौसी में आए प्रार्थना पत्रों को लेकर जिलाधिकारी ने कहा कि समस्त शिकायती पत्रों को संज्ञान में लेते हुए संबंधित अधिकारी गंभीरता पूर्वक शत प्रतिशत निस्तारण करना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने कहा कि शिकायत का निस्तारण शीघ्र एवं निचले स्तर पर कर दिया जाए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट, उप जिलाधिकारी चंदौसी आशुतोष तिवारी, तहसीलदार सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# राजकीय महाविद्यालय में हुआ 483 टेबलेट का वितरण

**उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के अन्तर्गत कुल 483 छात्र छात्राओं को समारोह आयोजित कर टेबलेट प्रदान किया गया**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूं। आवास विकास स्थित राजकीय महाविद्यालय बदायूं में बीए बीएससी एवं बीकॉम तृतीय वर्ष के छात्र छात्राओं को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के अन्तर्गत कुल 483 छात्र छात्राओं को समारोह आयोजित कर टेबलेट प्रदान किया गया। मुख्य अतिथि सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। मुख्य अतिथि ने टैबलेट वितरित करने के बाद छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि युवाओं की तकनीकी दक्षता व बौद्धिक सशक्तिकरण की दिशा में टेबलेट लाभकारी सिद्ध होंगे। उन्होंने छात्र-छात्राओं का आह्वान किया,कि वह टेबलेट के माध्यम से सूचना तकनीकी की दुनिया में छलांग लगाकर अधिक से अधिक ज्ञानवर्धन करें। उन्होंने इस योजना के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रति आभार व्यक्त किया। मुख्य अतिथि का स्वागत डिजी शक्ति जिला नोडल अधिकारी डॉ अनिल कुमार ने माल्यार्पण कर किया। समारोह शाम पाँच बजे तक चलता रहा जिसमें प्रत्येक लाभार्थी का डिजी शक्ति पोर्टल पर टेबलेट प्राप्त करते हुए का फोटो अपलोड कर सत्यापन किया गया। टेबलेट प्राप्त करने के बाद छात्र छात्राओं में हर्ष व्याप्त था। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ श्रद्धा गुप्ता ने किया।अध्यक्षीय उद्बोधन में डॉ श्रद्धा ने कहा कि छात्र-छात्राओं के तकनीकी सशक्तिकरण हेतु शासन द्वारा किया जा रहा यह प्रयास सार्थक सिद्ध हो, इसकी जिम्मेदारी छात्र-छात्राओं के साथ उनके अभिभावकों एवं शिक्षकों की भी है। डॉ गुप्ता ने टेबलेट के दुरुपयोग की संभावना आशंका व्यक्त करते हुए अपील की कि विद्यार्थी इसका सदुपयोग कर अपने व्यक्तित्व का विकास करें। कार्यक्रम का संचालन डॉ राकेश कुमार जायसवाल ने किया। डॉ हुकुम सिंह, डॉ दिलीप कुमार वर्मा, डॉ गौरव कुमार सिंह, डॉ जुनेद आलम ने तकनीकी सहायता प्रदान किया। डॉ सतीश सिंह यादव, ज्ञानेंद्र मिश्रा, आराध्या मिश्रा, नेहा शर्मा, सरिता यादव, ज्योति सागर, अनन्या मिश्रा आदि ने शान्ति व्यवस्था बनाने में सक्रिय रूप से सहयोग प्रदान किया।समारोह के आयोजक डॉ सचिन राघव ने सभी के प्रति आभार ज्ञापित किया। इस अवसर पर डॉ अनिल कुमार, डॉ सतीश सिंह यादव, डॉ रविन्द्र सिंह यादव, डॉ संजय कुमार, डॉ प्रेमचन्द, डॉ सरिता, डॉ प्रियंका, डॉ ज्योति विश्नोई, संजीव कुमार शाक्य आदि उपस्थित रहे।

## गुन्नौर हाईवे पर डबल डेकर बस खाई में गिरी, तीन पुलिसकर्मी घायल

**गुन्नौर।** आगरा - मुरादाबाद नेशनल हाईवे पर शुक्रवार देर रात बड़ा हादसा हो गया। गुन्नौर-नरौरा रोड स्थित काली मंदिर के पास सड़क पर मृत सांड पड़ा था। सूचना पर डायल-112 पुलिस वैन मौके पर पहुंची और पुलिसकर्मी सांड को हटाने का प्रयास कर रहे थे। तभी तेज रफ्तार डबल डेकर बस मृत सांड को रौंदते हुए पुलिसकर्मियों से टकरा गई और अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरी।टक्कर से पुलिस की डायल-112 गाड़ी भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे के समय बस में करीब 50 यात्री सवार थे, जिनमें से अधिकांश को हल्की चोटें आईं। वहीं सिपाही अजय, आशीष और सन्नी उज्जवल घायल हो गए। अजय की गंभीर हालत को देखते हुए उसे हायर सेंटर रेफर किया गया।हादसे के बाद हाईवे पर लंबा जाम लग गया। स्थानीय लोगों ने राहत कार्य में मदद की और यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला। पुलिस ने बस को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।

## सड़क हादसे में युवक की मौत, परिवार में मचा कोहराम

**संभल/बबराला।** थाना क्षेत्र के गांव मेऊआ निवासी दिनेश (28) पुत्र भगवान सिंह की सड़क हादसे में मौत हो गई। जानकारी के अनुसार दिनेश, जो यारा फैक्ट्री में वर्कर था, शुक्रवार को किसी काम से बबराला आ रहा था। इसी दौरान टीसीएल विलेज हाउस के पास किसी अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में दिनेश की मौके पर ही मौत हो गई। दिनेश के निधन से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। मृतक अपने पीछे पत्नी, एक बेटा और एक बेटी को छोड़ गया है। पत्नी का रो-रोकर बुरा हाल है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## पुलिस परिवार परामर्श सुलह समझौता केंद्र

**संभल।** जनपद पुलिस अधीक्षक के के बिश्नोई की देखरेख में चलाए जा रहे पुलिस परिवार परामर्श सुलह समझौता केंद्र की एक मीटिंग सेल प्रभारी डॉक्टर रुकम पाल सिंह की देखरेख में पुलिस लाइन मंडी समिति बहजोई में संपन्न हुई जिसमें पति-पत्नी के मध्य हुए आपसी विवादों को सुलह समझौते के आधार पर निस्तारित करने का प्रयास काउंसलरों द्वारा किया गया जहां कुल 128 पत्रावली सुनकर 26 पत्रावलियों का निस्तारण किया गया तो वहीं 10 परिवारों को मिलाया गया तथा 8 पत्रावली में विधिक कार्यवाही करने की संतुष्टि की गई तथा आठ पत्रावली न्यायालय में विचाराधीन होने अथवा आवेदक द्वारा बल न देने के कारण बंद करने की संतुति की गई इस अवसर पर काउंसलर अखिलेश अग्रवाल विधिक परामर्शदाता काउंसलर लव मोहन वार्ष्णेय एडवोकेट पूनम अरोरा श्वेता गुप्ता बबीता शर्मा सीमा आर्य कंचन माहेश्वरी कांस्टेबल शहजाद मलिक रश्मि गहलोत ज्योति आदि लोग उपस्थित रहे।

## कांग्रेस ने चलाया वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान

**अनूपशहर।** कांग्रेस शीर्ष नेतृत्व के आह्वान पर कांग्रेसियों ने वोट चोर गद्दी छोड़ हस्ताक्षर अभियान का शुभारंभ किया।शनिवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक बबलू कुरैशी के आवास पर आयोजित की गई। जिला उपाध्यक्ष ज्ञानेंद्र सिंह राघव ने वोट चोर गद्दी छोड़ हस्ताक्षर अभियान का शुभारंभ किया। उन्होंने बताया कि शीर्ष नेतृत्व के आह्वान पर 15 सितंबर से 15 अक्टूबर तक पार्टी के वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान के तहत हस्ताक्षर अभियान में आमजन को वोट चोरी के बारे में बताकर कांग्रेस से जोड़ा जाएगा। बैठक में पार्टी में चल रहे संगठन सृजन अभियान को बूथ स्तर पर सामाजिक न्याय, महिलाओं के बीच 50 प्रतिशत भागीदारी, 50 वर्ष से कम उम्र के पदाधिकारी संगठन की जिम्मेदारी देने तथा कार्यकर्ताओं को बूथ संगठन मजबूत करने का आह्वान किया। बैठक में प्रज्ञा गौड़, राजेंद्र शर्मा, आसिफ खान, विशाल कुमार, शिबू कुरैशी, छोटन सिंह, इस्तकार कुरैशी, जीशान कुरैशी, चांद बाबू, मोइन खान आदि मौजूद रहे। बैठक की अध्यक्षता सलाम खां तथा संचालन लक्ष्मी नारायण शर्मा ने किया।

## जेपी विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य सम्मानित

**अनूपशहर।** जेपी विद्या मन्दिर (यूनिवर्सिटी) के शिक्षकों को आईएमएस गाज़ियाबाद द्वारा उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए सम्मानित किया।शनिवार को आईएमएस (यूनिवर्सिटी कैंपस कोर्सेज) गाज़ियाबाद द्वारा आयोजित कार्यक्रम में बुलंदशहर के अलका मोटल होटल में शिक्षकों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में जनपद के विभिन्न विद्यालयों से आये प्रधानाचार्य एवं लगभग 300 शिक्षकों ने भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लेफ्टिनेंट कर्नल अमरदीप त्यागी ने जेपी विद्या मन्दिर के प्रधानाचार्य राजीव शर्मा शिक्षक एवं शिक्षिकाओं संजय कुमार सिंह, ब्रिज कुमारी, प्रवेंद्र कुमार सिंह, प्रिया सिरोही एवं सचिन गर्ग का उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए एक प्रशस्ति पत्र और मोमेंटो देकर सम्मानित किया। लेफ्टिनेंट कर्नल अमरदीप त्यागी ने कहा कि शिक्षक समाज का महत्वपूर्ण अंग होता है। बच्चों में शिक्षा के साथ-साथ संस्कार देकर समाज की दिशा व दशा तय करता है। कार्यक्रम में उपस्थित सभी शिक्षकों ने आयोजकों का आभार प्रकट करते हुए कहा कि इस प्रकार की आयोजन से परिश्रम करने वाले शिक्षकों का मनोबल बढ़ता है।

## सैकड़ों ने देखी प्रधानमंत्री जी के जीवन वृत पर आधारित प्रदर्शनी

**बदायूं।** प्रधानमंत्री जी भारत सरकार के व्यक्तित्व एवं कृतित्व तथा केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं विषयक प्रदर्शनी का शुभारंभ गत गुरुवार को केंद्रीय राज्य मंत्री भारत सरकार द्वारा बदायूं क्लब बदायूं में किया गया। प्रदर्शनी को देखने के लिए लोगों में क्रेज बड़ा है। शनिवार को विभिन्न विद्यालयों के अध्यापकों, छात्र-छात्राओं व विभिन्न क्षेत्रो के गणमान्य लोगों आदि 400 से अधिक ने प्रदर्शनी का अवलोकन कर उसे सराहा। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री भारत सरकार के व्यक्तित्व व कृतित्व तथा केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं विषयक प्रदर्शनी बदायूं क्लब बदायूं में स्थापित की गई है। लोगों में इसके प्रति उत्सुकता बड़ी है। शनिवार को सिंगुलर गर्ल्स इंटर कॉलेज की अध्यापिकाओं व छात्राओं तथा राजकीय इंटर कॉलेज बदायूं के अध्यापकों, छात्रों तथा विभिन्न क्षेत्रो के गणमान्य लोगों व विद्यालयों के अध्यापकों व छात्र-छात्राओं ने भी प्रदर्शनी का अवलोकन कर उसमें प्रदर्शित की गई योजनाओं व सामग्री को बड़ी गहनता से देखा ,उसका मनन किया व जीवन में आत्मसात करने का प्रण लिया। बदायूं क्लब बदायूं में स्थापित प्रदर्शनी आगामी 02 अक्टूबर 2025 तक प्रातः 10:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक आमजन के अवलोकनार्थ रहेगी। जनपद वासियों को एक बार इस प्रदर्शनी का अवलोकन जरूर करना चाहिए क्योंकि जहां एक और इसमें मा0 प्रधानमंत्री जी के व्यक्तित्व व कृतित्व को प्रदर्शित किया गया है वहीं केंद्र व प्रदेश सरकार की विभिन्न कल्याणकारी व लाभार्थीपरक योजनाओं की जानकारी भी प्रदर्शित की गई है।

## युवक की मौत, प्रेमिका व उसके परिजनों पर जहर देकर हत्या करने का आरोप

बदायूं। सोनियाखेड़ा गांव के दीपक चौधरी का करीब दो साल से दातागंज क्षेत्र की एक महिला से प्रेम प्रसंग चल रहा था। बृहस्पतिवार को सुबह करीब आठ बजे प्रेमिका ने फोन करके उसको मिलने को बुलाया। करीब चार बजे दीपक ने फोन करके अपनी मां को सूचना दी कि प्रेमिका व उसके परिवार के लोगों ने उसको कोई जहरीला पदार्थ खिला दिया है। वह सीएचसी दातागंज पर है। इतना कहकर फोन कट गया। परिवार के लोग सीएचसी पहुंचे जहां से दीपक को मुरादाबाद इलाज को ले जा रहे थे। रास्ते में उसकी मौत हो गई। पुलिस ने युवक के शव का पोस्टमॉर्टम कराया है। परिजनों ने उसकी महिला मित्र पर हत्या का आरोप लगाया है। गांव सोनियाखेड़ा निवासी दीपक चौधरी (25) पुत्र सत्यवीर सिंह चौधरी बिसौली में मोबाइल के शोरूम पर नौकरी करते थे। करीब दो साल पहले इंस्टाग्राम पर उसकी मुलाकात एक युवती से हुई। युवती ने बताया कि उसके पति से उसका ब्रेकअप हो गया है। इसके बाद धीरे-धीरे दोनों में नजदीकियां बढ़ गईं। दोनों एक दूसरे मिलने लगे। एक दूसरे ने साथ जीने मरने की कसमें भी खाईं। साथ-साथ होटलों आदि में खाना भी खाया करते थे।

# आत्मनिर्भर भारत एवं डिजिटल भारत की संकल्पना पर आधारित प्रदर्शनी का आयोजन

**सेवा पखवाड़ा-2025 के तहत आयोजित किया गया कार्यक्रम**

**मंत्री माध्यमिक शिक्षा राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार गुलाब देवी ने फीता काट कर किया प्रदर्शनी का किया उद्घाटन**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सम्भल, बहजोई। सेवा पखवाड़ा-2025 कार्यक्रम के अन्तर्गत रोडवेज बस स्टैंड बहजोई पर सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग के द्वारा विकसित भारत, आत्मनिर्भर भारत एवं डिजिटल भारत की संकल्पना पर आधारित प्रदर्शनी लगायी गयी जोकि 02 अक्टूबर तक चलेगी। प्रदर्शनी में मा. प्रधानमंत्री जी के जीवनकाल पर आधारित चित्रों का प्रदर्शन भी किया गया है ।आज प्रदर्शनी का उद्घाटन कार्यक्रम रोडवेज बस स्टैंड बहजोई पर आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि मा. माध्यमिक शिक्षा राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार गुलाब देवी जी एवं विशिष्ट अतिथि पूर्व मंत्री एवं पूर्व विधायक गुन्नौर अजीत कुमार राजू यादव जी एवं भाजपा जिलाध्यक्ष हरेन्द्र सिंह रिंकू जी रहे। कार्यक्रम के अन्तर्गत मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि एवं अन्य अतिथि गणों का एक पुष्प एवं एक पुस्तक देकर स्वागत किया गया। प्रदर्शनी का उद्घाटन मा. माध्यमिक शिक्षा राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार गुलाब देवी जी, जिलाधिकारी डॉ राजेन्द्र पैंसिया एवं मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट एवं पूर्व मंत्री एवं पूर्व विधायक गुन्नौर अजीत कुमार राजू यादव, भाजपा जिलाध्यक्ष हरेन्द्र सिंह रिंकू एवं नगर पालिका बहजोई के अध्यक्ष राजेश शंकर राजू एवं पूर्व दर्ज़ा प्राप्त मंत्री मंजू दिलेर, अभियान संयोजक जिला उपाध्यक्ष विपिन गुप्ता एवं अन्य अतिथि गणों द्वारा प्रदर्शनी का फीता काट कर उद्घाटन किया गया। मा. मंत्री जी एवं अन्य अतिथि गणों द्वारा मा. प्रधानमंत्री जी के जीवनकाल से जुड़े चित्रों की प्रदर्शनी का अवलोकन किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि यह प्रदर्शनी प्रेरणा देती है।सभी लोगों को देश हित के लिए कार्य करना चाहिए । उन्होंने कहा कि लोग शासन की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठायें। माननीय मंत्री जी ने अपने सम्बोधन में कहा कि सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग द्वारा बहुत ही सुन्दर प्रदर्शनी लगायी गयी है जोकि 02 अक्टूबर तक चलेगी। उन्होंने कहा कि प्रदर्शनी में मा. प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के जीवनकाल से लेकर अब तक का चित्रण दिखाया गया है। उन्होंने कहा कि देश सेवा के लिए जनहित में उन्होंने क्या क्या यातनाएं सहीं वह भी प्रदर्शनी में दिखाया गया है। प्रदर्शनी को देखकर बहुत बड़ी प्रेरणा मिलती है और अदम्य साहस का प्रदुर्भाव हुआ है। लोग इसे देखकर प्रेरणा ले सकते हैं। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट, पूर्व मंत्री एवं पूर्व विधायक गुन्नौर अजीत कुमार राजू यादव , पूर्व दर्ज़ा प्राप्त मंत्री मंजू दिलेर,नगर पालिका बहजोई अध्यक्ष राजेश शंकर राजू,जिला सूचना अधिकारी बृजेश कुमार, अभियान संयोजक जिला उपाध्यक्ष भाजपा विपिन गुप्ता, भाजपा जिला महामंत्री कमल कुमार कमल , भाजपा कोषाध्यक्ष अंकित जैन, भाजपा जिला मंत्री जय प्रकाश गुप्ता समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## निर्माणाधीन गंगा एक्सप्रेसवे पर पलटी तेज रफ्तार कार, दो सराफा कारोबारियों की मौत

बदायूं। वजीरगंज थाना क्षेत्र में निर्माणाधीन गंगा एक्सप्रेसवे पर शुक्रवार की रात भीषण हादसा हुआ। एक्सप्रेसवे पर तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर पलट गई, जिससे दो सराफा कारोबारियों की मौत हो गई। बदायूं जिले में निर्माणाधीन गंगा एक्सप्रेसवे पर शुक्रवार की रात हुए भीषण सड़क हादसे में बिसौली कस्बा के दो दोस्तों की मौत हो गई। दोनों सराफा कारोबारी थे। बरेली से घर लौट रहे थे। उनकी कार अचानक अनियंत्रित होकर एक्सप्रेसवे पर पलट गई। पुलिस के मुताबिक रफ्तार तेज होने के कारण हादसा हुआ, जिससे मौके पर ही दोनों की जान चली गई। बरेली गए थे दोनों दोस्त बिसौली कस्बा के सराफा कारोबारी सनी अग्रवाल (28 वर्ष) पुत्र आलोक अग्रवाल और अंशुल वार्ष्णेय (30 वर्ष) पुत्र केशव वार्ष्णेय शुक्रवार को किसी काम से बरेली गए थे। परिजन रातभर उनके लौटने का इंतजार करते रहे। शनिवार सुबह सड़क हादसे की सूचना मिलते ही उनके परिवारों में कोहराम मच गया। ग्रामीणों ने दी पुलिस को सूचना गंगा एक्सप्रेसवे पर अभी यातायात शुरू नहीं हुआ है, लेकिन दोनों दोस्त गंगा एक्सप्रेसवे पर कार लेकर क्यों गए, इसका कारण स्पष्ट नहीं हुआ है।

# चार साल की बच्ची से दुष्कर्म, हिन्दूवादी संगठनों ने थाना घेरा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। चार साल की बच्ची के परिजनों ने दूसरे समुदाय के युवक पर दुष्कर्म का आरोप लगाया है। लहूलुहान हालत में बच्ची मिलने के बाद परिवार के लोग बृहस्पतिवार दोपहर बाद आसफपुर चौकी गए थे। चौकी प्रभारी ने उनकी तहरीर फेंक दी और गाली देकर भगा दिया। पीड़ित की सुनवाई नहीं हुई उन्होंने इसकी जानकारी बजरंग दल समेत अन्य हिन्दूवादी संगठनों को दी। शुक्रवार को हिन्दूवादी संगठन के कार्यकर्ता थाने पहुंचे और घेराव किया। इस मामले में पुलिस ने अज्ञात युवक के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। फैजगंज थाना क्षेत्र के एक गांव में रहने वाले दूसरे समुदाय के युवक ने टॉफी दिलाने का लालच देकर बृहस्पतिवार को चार साल की बच्ची को सुनसान जगह में ले गया। वहां उसके साथ दुष्कर्म किया। बच्ची को तलाश करते हुए परिजन मौके पर पहुंच गए तो आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। परिजन बच्ची को लेकर चौकी पहुंचे लेकिन उसकी सुनवाई नहीं हुई। उन्होंने इसकी जानकारी हिन्दू संगठनों का दी। सूचना मिलने के बाद परिवार को लेकर संगठन के लोग शुक्रवार को करीब 11 बजे फैजगंज बेहटा थाने पहुंचे। कार्रवाई न करने वाले चौकी प्रभारी को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने की मांग करते हुए थाने का घेराव कर दिया। सूचना मिलते ही सीओ बिसौली सुनील कुमार सिंह थाने पहुंचे और पीड़ित की बात सुनी। उन्होंने चौकी प्रभारी पर कार्रवाई कराने का आश्वासन दिया। साथ ही मुकदमा दर्ज करवाया तो लोग शांत हुए। आरोपी की पहचान का प्रयास कर रही पुलिससीओ बिसौली सुनील कुमार का कहना है कि परिजनों ने अज्ञात युवक के खिलाफ तहरीर दी है। उसके आधार पर मुकदमा दर्ज कराया गया है। आरोपी की पहचान कराने के बाद उसको गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा। बताया चौकी प्रभारी पर कार्रवाई के लिए उच्चाधिकारियों को अवगत करा दिया है। मेडिकल के लिए बच्ची को भेजा जिला मुख्यालय बच्ची का मेडिकल कराने के लिए जिला अस्पताल भेजा गया। महिला कांस्टेबल ने बयान दर्ज किया। इसके बाद कोर्ट में भी बच्ची के बयान दर्ज कराए जाएंगे। चौकी प्रभारी पर लगे आरोपी के स्वजातीय होने का आरोप आसफपुर चौकी के प्रभारी मियां अली जैदी है। परिजनों व हिन्दूवादी संगठनों का आरोप है कि चौकी प्रभारी ने स्वजातीय होने की वजह से कार्रवाई नहीं की और पीड़ित को धमकाकर भगा दिया।

## मुस्लिम बाहुल्य है आरोपी का गांव

जिस गांव में घटना हुई है, वह मुस्लिम बाहुल्य है। आरोपी भी मुस्लिम समुदाय का है। परिवार के लोग पहचान नहीं सके। वह इतना बता रहे हैं कि युवक भागा तो देख लिया कि वह गांव का ही है।

## क्या कहते है एसएसपी डॉ. बृजेश कुमार सिंह

सूचना मिलने पर सीओ बिसौली को मौके पर भेजा था। अभी अज्ञात आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। जल्द ही उसकी पहचान कराकर गिरफ्तार किया जाएगा। चौकी प्रभारी पर लगे आरोपों की जांच कराई जा रही है। दोषी पाए जाने पर उनके खिलाफ भी विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

# प्रदर्शनी से मिली प्रधानमंत्री मोदी के जीवन की झलक

**गोंडा में आयोजित पंद्रह दिवसीय प्रदर्शनी का शनिवार को जनपद के प्रभारी मंत्री दारा सिंह चौहान ने अवलोकन किया**

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोंडा। सूचना एवं जनसंपर्क विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा गांधी पार्क, गोंडा में आयोजित पंद्रह दिवसीय प्रदर्शनी का शनिवार को जनपद के प्रभारी मंत्री दारा सिंह चौहान ने अवलोकन किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जीवन,व्यक्तित्व और कृतित्व पर आधारित इस भव्य प्रदर्शनी का शुभारंभ हाल ही में किया गया था,जिसका उद्देश्य आमजन को प्रधानमंत्री के संघर्षमय जीवन और राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान से अवगत कराना है।

प्रदर्शनी के अवलोकन के दौरान प्रभारी मंत्री दारा सिंह चौहान के साथ भारतीय जनता पार्टी के जिला महामंत्री यशवंत लाल सोनकर, किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष विद्याभूषण द्विवेदी भाजपा युवा मोर्चा के अध्यक्ष,पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी व कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

प्रदर्शनी स्थल पर उत्साह का वा तावरण देखने को मिला,जहां लोग गैलरी में ल गे चित्रों को देखकर प्रधानमंत्री के जीवन की झलकियां प्राप्त कर रहे थे।मंत्री दारा सिंह चौ हान ने प्रदर्शनी की सराहना करते हुए कहा कि सूचना विभाग के द्वारा किया गया यह प्रयास अत्यंत सराहनीय है।उन्होंने कहा कि प्रदर्शनी में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बचपन से लेकर उन के प्रधानमंत्री बनने तक के सभी महत्वपूर्ण क्ष णों को सजीव चित्रों और संक्षिप्त विवरणों के माध्यम से प्रस्तुत किया गया है।इससे युवा पी ढ़ी को यह जानने का अवसर मिलेगा कि किस प्रकार एक सामान्य परिवार से निकलकर मोदी जी ने कठिन परिश्रम,दृढ़ इच्छाशक्ति और राष्ट्र भक्ति की भावना से देश के सर्वोच्च पद तक का सफर तय किया।उन्होंने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रदर्शनी के माध्यम से हमें प्रधानमंत्री के जीवन मूल्यों और उनकी कार्यशैली से प्रेरणा लेकर समाज और राष्ट्रहित में कार्य करने का संकल्प लेना चाहिए।प्रभारी मंत्री ने गोंडा के आम नागरिकों से अपील की कि वे अधिक से अधिक संख्या में प्रदर्शनी का भ्रमण करें और प्रधानमंत्री के व्यक्तित्व एवं कृतित्व को निकट से जानें।

इस अवसर पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शनी में प्रदर्शित सामग्री की प्रशंसा की और इसे गोंडा जैसे जनपद के लिए गौरवपूर्ण आयोजन बता या,कई नागरिकों ने भी अपनी प्रतिक्रियाएं सा झा करते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रदर्श नियां नई पीढ़ी को सकारात्मक सोच और राष्ट्र निर्माण के लिए प्रेरित करती हैं।प्रदर्शनी में प्रधा नमंत्री नरेन्द्र मोदी के बचपन के संस्मरण, विद्या र्थी जीवन,संगठनात्मक कार्यकाल,गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में किए गए विकास कार्य औ र प्रधानमंत्री बनने के बाद भारत की वैश्विक पहचान को मजबूत करने की उपलब्धियों को विस्तृत रूप से प्रस्तुत किया गया है।विशेष रूप से '' विकसित भारत न्यू इंडिया 2047 '' की झ लक दिखाते हुए विकास योजनाओं, डिजिटल क्रांति, आत्मनिर्भर भारत और जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित चित्र और विवरण लोगों को आकर्षित कर रहे हैं।प्रभारी मंत्री ने अधिका रियों को निर्देश दिया कि प्रदर्शनी को आमजन तक अधिक से अधिक प्रचारित-प्रसारित किया जाए ताकि हर नागरिक इस अवसर का लाभ उठा सके।उन्होंने यह भी कहा कि इस तरह के आयोजन जनता और सरकार के बीच संवाद को सशक्त बनाते हैं और समाज में राष्ट्रभक्ति तथा सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं।गांधी पार्क में आयोजित यह प्रदर्शनी दो अक्टू बर तक प्रतिदिन सुबह से शाम तक आम जन ता के लिए निःशुल्क खुली रहेगी।स्थानीय लो गों ने इसे देखने के लिए उत्साह दिखाया और उम्मीद जताई कि आने वाले दिनों में अधिक से अधिक लोग यहां पहुंचकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जीवन और कार्यों से प्रेरणा लेंगे।

# महिला पर चाकू से हमला करने वाला आरोपी एसओजी व पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा। जिले में कौड़िया पुलिस और एसओजी की संयुक्त टीम ने एक महिला पर चाकू से हम ला करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। बसंतपुर डीहा गांव का रहने वाला आरोपी जितेंद्र अपने पड़ोस में रहने वाली महिला पर हमला करने के बाद फरार हो गया था।पुलिसअधीक्षक विनीत जायसवाल के निर्देश पर कौड़िया पुलिस व एसओजी टीम आरोपी की तलाश कर रही थी।तलाशी के दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति दिखाई दिया।पुलिस टीम केद्वारा रोकने का प्रयास करने पर उसने तमंचे से फायरिंग शुरू कर दी।पुलिस की जवाबी कार्र वाई में आरोपी के दाहिने पैर में गोली लग गई। घायल आरोपी को गोंडा मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है।पुलिस ने आरोपी के पास से एक अवैध तमंचा और कारतूस बरामद किए हैं।हमले में घायल महिला का भी गोंडा मेडि कल कॉलेज में इलाज चल रहा है।उनकी स्थि ति खतरे से बाहर है।घायल महिला के पिता की शिकायत पर पुलिस ने गंभीर धाराओं में मुक दमा दर्ज किया है।कौड़िया पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आगे की कार्रवाई कर रही है,एसपी विनीत जायसवाल ने बताया कि इस पूरी घटना के खुलासे के लिए कई पुलिस टीमों को लगाया गया था जहां पुलिस मुठभेड़ में आरोपी गिरफ्तार किया गया है।

# आगामी पर्व को लेकर हुई पीस कमेटी की बैठक

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नानपारा, बहराइच। आगामी त्यौहार दशहरा, दुर्गा पूजा व मूर्ति विसर्जन को सकुशल सम्पन्न कराने, सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ रखने तथा शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाये रखने हेतु उपजिलाधिकारी मोनालिसा जौहरी व क्षेत्राधिकारी प्रद्युमन सिंह तथा कोतवाल राजनाथ सिंह की मौजूदगी में कोतवाली नानपारा परिसर में संभ्रान्त व्यक्तियों व धर्मगुरुओं के साथ पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई, जिसमें सभी से शांतिपूर्ण तरीके से सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्योहारों को मनाने की अपील की गई साथ ही कहा गया कि सभी लोग एक दूसरे की भावनाओं का सम्मान करें, प्रशासन की गाईड लाईन का पालन करें, किसी भी प्रकार का आयोजन सड़क पर न करें, जनपद में शांति व्यवस्था बनाये रखें, शांतिपूर्ण तरीके से त्यौहार मनाये। साम्प्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश करने वालों/असामाजिक तत्वों/किसी भी प्रकार की आपराधिक अवांछित गतिविधियों दिखाई देने पर इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दें, किसी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें बल्कि अफवाह की पुष्टि उच्चाधिकारियों से करे तथा जनपद में सौहार्दपूर्ण वातावरण का माहौल बनाये रखने में पुलिस व प्रशासन का सहयोग करें। सोशल मीडिया पर ऐसी कोई भी पोस्ट शेयर न करें जिससे किसी की धार्मिक भावनाएं आहत हों तथा किसी भी प्रकार की भडकाऊ/गलत/अशोभनीय पोस्ट शेयर न करें जिससे आपसी सौहार्द खराब हो साथ ही किसी भी हिंसात्मक अथवा कानून विरोधी गतिविधि का हिस्सा ना बनें तथा आगामी पर्व/त्यौहारों को सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनायें। बैठक में ईओ नगर पालिका, राजा बाजार चौकी प्रभारी राम गोविंद, रामलीला अध्यक्ष चिरौंजी लाल, धर्मेंद्र गुप्ता सहित पुलिस एवं प्रशासन के अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## मरम्मत कार्य के कारण बाधित रहेगी विद्युत आपूर्ति

बहराइच । उप खण्ड अधिकारी बहराइच ने बताया कि बेहतर विद्युत आपूर्ति के दृष्टिगत 22 सितम्बर 2025 को 33/11 के.वी. विद्युत उपकेन्द्र-सिविल लाइन पर स्पाउट बदलने का कार्य किया जाना है जिसके कारण 33/11 के.वी. सिविल लाइन, बहराइच से पोषित 11 के.वी. फीडर फायर स्टेशन, नवोदय, टेलीफोन तथा पंचवटी से पोषित मोहल्ला बड़ीहाट, पीपल चौराहा, स्टीलगंज तालाब, बंजारीमोड़, ढपालीपुरवा, नवोदय, सरस्वती नगर, मेडिकल कालेज, अकबरपुरा नई बस्ती, रायपुर राजा मक्कापुरवा आदि क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति प्रातः 10:00 बजे से शाम 04:00 बजे तक बाधित रहेगी। सम्बन्ध में विद्युत विभाग के अधिकारियों की और से जनता में अपील की गयी है कि सभी विद्युत उपभोक्ताओं से पेयजल एवं अन्य आवश्यक व्यवस्था पूर्व से ही करने की अपेक्षा की है।

# शारदीय नवरात्रि के प्रथम दिन से देशवासियों को मिलेगी टैक्स रिबेट की सौगातः सूर्य प्रताप शाही

**समाज के सभी वर्ग को मिलेगी राहत**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बहराइच । मंत्री कृषि, कृषि शिक्षा एवं कृषि अनुसंधान विभाग/प्रभारी मंत्री जनपद बहराइच श्री सूर्य प्रताप शाही ने कलेक्ट्रेट सभागार में जी.एस.टी.-2 के सम्बन्ध में प्रेस-वार्ता करते हुए मा. प्रधानमंत्री एवं केन्द्रीय वित्त मंत्री के प्रति प्रदेशवासियों की ओर से आभार व्यक्त करते हुए बताया कि टैक्स रिबेट शारदीय नवरात्रि के प्रथम दिन 22 सितम्बर, 2025 से लागू होंगे। अब केवल 05 प्रतिशत व 18 प्रतिशत की जीएसटी दरें प्रभावी रहेंगी, 12 प्रतिशत व 28 प्रतिशत की टैक्स दरों को समाप्त कर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि जरूरी घरेलू सामान पर 05 प्रतिशत या जीरो टैक्स, व्यक्तिगत जीवन और स्वास्थ्य बीमा तथा जरूरी शिक्षण सामग्री पर जीएसटी नहीं लगेगा, कृषि कार्य से जुड़े उपकरणों पर 05 प्रतिशत टैक्स की व्यवस्था दी गई है।मा. प्रभारी मंत्री ने कहा कि सर्वाधिक आबादी के राज्य उत्तर प्रदेश को टैक्स रिबेट का सर्वाधिक लाभ प्राप्त होगा। उन्होंने कहा कि देश में उ.प्र. का किसान पिपरमेण्ट की सर्वाधिक खेती करता, ऑर्गेनिक पिपरमेण्ट पर टैक्स 05 प्रतिशत तथा सिंथेटिक पिपरमेण्ट पर टैक्स 18 प्रतिशत होगा, इससे ऑर्गेनिक प्रोडक्ट की मांग बढ़ेगी। रू. 2,500 तक के फुटवियर पर जीएसटी को कम करके 05 प्रतिशत किये जाने से चमड़ा एवं जूता उद्योग को आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी। टैक्स रिबेट मिलने पर हस्तशिल्पियों और कारीगरों द्वारा निर्मित वस्तुओं तथा रू. 2500 तक के रेडीमेट कपड़ों पर जीएसटी दर केवल 05 प्रतिशत कर देने से ओडीओपी से जुड़े हस्तशिल्पियों और कारीगरों के साथ-साथ उपभोक्ताओं को राहत मिलेगी। टैक्स रिबेट से सामान्य घरेलू उपभोक्ता वस्तुओं की खपत बढ़ेगी, मार्केट में लोगों का विश्वास बढ़ेगा, प्रोडक्शन अधिक होगा, इम्प्लॉयमेण्ट को बढ़ाने में मदद मिलेगी।प्रभारी मंत्री श्री शाही ने कहा कि फोर-व्हीलर और टू-व्हीलर वाहनों पर प्रभावी 28 प्रतिशत जीएसटी दर को घटाकर 18 प्रतिशत किया गया है। अर्थात 10 प्रतिशत की कटौती की गयी है। इससे वाहन खरीददारों को लाभ मिलेगा और रोजगार के नये अवसर सृजित होंगे। नोटबुक, पेंसिल, नक्शे, इत्यादि शिक्षण सामग्रियों पर अब कोई टैक्स नहीं लगेगा। लग्जरी व विलासिता के सामानों पर जैसे-तम्बाकू, पान मसाला, कसीनों, एसयूवी इत्यादि पर 40 प्रतिशत का टैक्स लगाया जाएगा। व्यापार में आसानी करने के लिए टैक्स रजिस्ट्रेशन को ऑटो मोड पर किया गया है और ऑटो अप्रूव करने की व्यवस्था की गयी है।

# किसान सावधानः धान और मक्का में अधिक यूरिया डालने से घट सकती है उपज

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंड़ा । किसानों के लिए यूरिया पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। जिला कृषि अधिकारी सीपी सिंह ने जानकारी दी है कि वर्तमान में गोंडा जिले में 1900 मीट्रिक टन यूरिया उपलब्ध है।इसे जिले के सभी 160 फुटकर विक्रय केन्द्रों, इफको ई-बाजार,आईएफएफडीसी,एग्री जक्शन,साधन सहकारी समितियों,क्रय विक्रय समितियों,गन्ना समितियों से किसानों तक पहुंचाया जा रहा है।अधिकारियों ने किसानों से अपील की है कि धान और मक्का की फसलों में इस समय बा लियाँ निकल रही हैं,ऐसे में यूरिया का अत्यधि क प्रयोग न क रें।अधिक मात्रा में यूरिया डालने से फसल की उपज प्रभावित हो सकती है और रोग-कीट लगने की संभावना भी बढ़ जाती है।कृषि विभाग ने सुझाव दिया है कि आवश्यकता होने पर ही प्रति बीघा पांच किलो यूरिया दो कि लो मोनो जिंक या दो सौ ग्राम बोरान मिलाकर प्रयोग करें।इसके अलावा आलू,तोरिया,सरसों, चना,मटर, मसूर और अन्य सब्जियों की बुआई के समय एनपीके,एनपीएस या सिंगल सुपर फॉस्फ़ेट का प्रयोग करने की सलाह दी गई है। इससे फसल की पैदावार भी अच्छी होगी और लागत भी कम आएगी।

# ज्ञानकोल में एक और मकान नदी में विलीन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोरखपुर । बड़हलगंज सरयू नदी के बढ़ते जलस्तर से मुसीबतें खड़ी हो गई है ज्ञान कोल में हो रही कटान से नदी की धारा में एक मकान और विलीन हो गया।सरयू व राप्ती नदी के जलस्तर में लगातार बढ़ोतरी जारी है जिसके कारण कछार क्षेत्र को जोड़ने वाली डेरवा से सूबेदार नगर माझा व खोहिया पट्टी वैरिया खास को जाने वाली सड़के जलमग्न हो गयी है। लोग पानी से होते हुए आवागमन कर रहे हैं। राप्ती नदी के पानी से विरहुआ उर्फ अगिलगौवा लखनौरा हिंगुहार सुबेदार नगर माझा गांव चारो तरफ से घिरने के कगार पर है। वहीं सरयू नदी के पानी से कोलखास अजयपुरा ज्ञानकोल वगहा कोटिया दीपशाह कोरिया निरंजन बल्थर सहित अन्य गांव चारों तरफ से घिर गया हैं।*इनकोल में एक और मकान हुआ नादी समाहित*: सरयू नदी के कटान का कहर ज्ञानकोल गांव पर बढ़ता ही जा रहा हैं। पिछले कुछ दिन पूर्व वंशी यादव की मकान नदी में कट गई थी तो वहीं आज उनके बड़े लड़के मोहन यादव की मकान नदी के तेज धारा में विलीन हो गई। कटान से जानकोल गांव के 15 घर चपेट में आ गए हैं। भुवर यादव, कामता यादव के मकान पर कटान का खतरा बढ़ गया है जानकोल गांव में सरयू नदी अपना भयंकर रूप धारण कर ली हैं। ग्रामीण सबरवीत यादव मुकेश यादव का कहना है कि बचाव कार्य पहले नही हुआ।

# पुलिस के कार्यप्रणाली पर सवाल,आम लोगों में खौफ और हिचकिचाहट

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोण्डा। आज जनता पुलिस थाने का नाम सुनते ही लोगों के मन में अक्सर खौफ और हिचकि चाहट पैदा होती है। जब भी किसी व्यक्ति को किसी समस्या या शिकायत के समाधान के लिए कोतवाली में जाना पड़ता है,तो वह अक्स र पुलिस के व्यवहार और रिसीविंग न मिलने के कारण निराश होकर लौट आता है।यह स्थिति केवल पुलिस थानों व कोतवाली तक ही सी मित नहीं है,बल्कि समाज में पुलिस और नाग रिकों के बीच विश्वास की कमी को भी दर्शाती है कोतवाली,थाने में जाने वाले कई लोग शिका यत दर्ज कराने के लिए आते हैं,लेकिन उन्हें पु लिस के रूखे और अमानवीय व्यवहार का सा मना करना पड़ता है।रिसीविंग की कमी, अन देखी और अव्यवस्थित थाने की कार्यप्रणाली अक्सर शिकायतकर्ताओं को और अधिक निरा श करती है।ऐसे कई मामलों में पुलिस का नका रात्मक दृष्टिकोण सिर्फ शिकायतकर्ताओं के मा नसिक स्थिति को ही प्रभावित नहीं करता बल्कि समाज में पुलिस के प्रति अविश्वास को भी बढ़ाता है।जानकारो का कहना है कि पुलि स विभाग को अपने व्यवहार में बदलाव लाने की जरूरत है।नागरिकों के साथ संवाद की शैली में सुधार,उनकी शिकायतों की सुनवाई करना और उन्हें प्राथमिकता देना,यह कुछ ऐसे कदम हैं जो पुलिस के साथ आम नागरिकों का रिश्ता बेहतर बना सकते हैं।पुलिस की रिसी विंग प्रणाली में सुधार,थाने में शिकायतों के लि ए निर्धारित समय और प्रक्रिया,और पुलिस अ धिकारियों की ट्रेनिंग को बेहतर बनाने की आव श्यकता है।सरकार और पुलिस प्रशासन से अ पेक्षा की जा रही है कि वे पुलिस थानों में सुधार के लिए ठोस कदम उठाएं,ताकि आम लोग बि ना डर और हिचकिचाहट के अपनी शिकायत दर्ज करा सकें और उन्हें न्याय मिल सके।जान कारो का मानना है कि एक नागरिक को केवल पुलिस के रवैये से नहीं,बल्कि उसके कार्यप्रणा ली से भी संतुष्ट किया जा सकता है।पुलिस को अपने कार्यों में पारदर्शिता और समयबद्धता ला नी होगी,ताकि लोग बिना किसी डर से अपनी शिकायतें दर्ज करा सकें और उन्हें उचित समा धान मिल सके।इस दिशा मे सरकार और पुलि स विभागों ने पहले ही सुधारात्मक कदम उठाए हैं,जैसे पुलिस थाना स्तर पर शिकायत निवारण सेल का गठन,और स्थानीय पुलिस अधिकारि यों को शिकायतों के समाधान के लिए अधिक जिम्मेदार ठहराना।हालांकि,यह बदलाव केवल पुलिस थानों में सुधार तक सीमित नहीं होना चाहिए,बल्कि इसे पूरे प्रशासनिक तंत्र में एक क्रांतिकारी बदलाव की दिशा में होना चाहिए।की जनता को न्याय मिल जाए।

## एसडीएम मोनालिसा जौहरी की अध्यक्षता में सुनीं गईं जनसमस्याएं



नानपारा, बहराइच। तहसील नानपारा में शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन उपजिलाधिकारी मोनालिसा जौहरी की अध्यक्षता में किया गया। इस दौरान कुल 29 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से 4 मामलों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। समाधान दिवस में राजस्व, भूमि विवाद, अवैध कब्जा, राशन कार्ड, चकबंदी, पुलिस व विकास से जुड़ी शिकायतें दर्ज की गईं। अधिकारियों ने आमजन की समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित विभागों के कर्मचारियों को मौके पर जाकर शत-प्रतिशत निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। एसडीएम मोनालिसा जौहरी ने कहा कि सभी अधिकारी/कर्मचारी शिकायतों की निष्पक्ष जांच कर निर्धारित समयावधि में गुणवत्तापूर्ण समाधान करें। उन्होंने विशेष रूप से निर्देशित किया कि महिला अपराध से जुड़ी शिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर किया जाए। इस मौके पर क्षेत्राधिकारी नानपारा, तहसीलदार नानपारा, खंड विकास अधिकारी बलहा व शिवपुर, पूर्ति निरीक्षक बलहा, शिवपुर, नबाबगंज समेत राजस्व और पुलिस विभाग के अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# कृषि वैज्ञानिकों ने तिल प्रजाति जीटी 6 की दी जानकारी

**मनाया गया प्रक्षेत्र दिवस**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नानपारा, बहराइच। कृषि विज्ञान केंद्र नानपारा पर समूह अग्रिम पंक्ति प्रदर्शन के अंतर्गत ग्राम निबिया बेगमपुर, विकासखंड रिसिया में किसानों के प्रक्षेत्र पर फसल तिल प्रजाति जीटी 6 के अंतर्गत प्रक्षेत्र दिवस का आयोजन किया गया। देश में तिलहनी फसलों को बढ़ावा देने के लिए भारत सरकार द्वारा कृषि उन्नत परियोजना के अंतर्गत किसानों को तिल का निशुल्क बीज, खाद उपलब्ध कराया गया जिसमें तिल की खेती पर अपना विचार रखते हुए केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ संदीप कुमार ने तिल की उपयोगिता व महत्व के बारे में किसानों को जागरूक किया। इसी क्रम में केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉक्टर पीके सिंह ने की फसल सुरक्षा पर प्रकाश डालते हुए तिल में लगने वाले रोग व कीट प्रबंधन के बारे में किसानों को विस्तृत रूप से जानकारी दी। इसी क्रम में केंद्र के वैज्ञानिक डॉक्टर सुनील कुमार ने किसानों को तिल की प्रजाति जी टी 6 के बारे में बताते हुए कहा कि इस प्रजाति में तेल की मात्रा लगभग 47% तक पाई जाती है तथा औसत उत्पादन 10:30 कुंतल प्रति हेक्टेयर पाया जाता है और यह प्रजाति फाइलोडी रोग रोधी भी है कार्यक्रम मे लगभग 47 कृषकों ने प्रतिभाग किया। इसी क्रम में ग्राम मिर्ज़ापुर चहलवा विकास खंड नवाबगंज में समूह अग्रिम पंक्ति प्रदर्शन के अंतर्गत फसल तिल प्रजाति जी टी-6 का प्रक्षेत्र दिवस का आयोजन किया गया जिसमें केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉक्टर पी के सिंह द्वारा तिल में लगने वाले विभिन्न रोग जैसे कैप्सूल छेदक लीफ बेबर एवं प्रमुख रोग फाईलोडी के बारे सावधानीपूर्वक उपचार के बारे में बताया। इसी क्रम में केंद्र के वैज्ञानिक सुनील कुमार ने भी प्रजाति जीटी 6 के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

# हृदय शरीर व जीवन का अहम हिस्साः डॉक्टर पंकज श्रीवास्तव

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा। बजाज हिंदुस्तान शुगर लिमिटेड कुंदरखी चीनी मिल परिसर में हिन्द हॉस्पिटल मेडिकल कॉलेज द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।जिसका शुभारंभ चीनी मिल के इकाई प्रमुख पी.एन.सिंह व हिन्द हॉस्पिटल मेडिकल कालेज के हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ.पंकज कुमार श्रीवास्तव ने दीप प्रज्वलित कर किया।शिविर में 240 मरीजो के ब्लड शुगर, ब्लड प्रेशर की जांच कर उन्हें निशुल्क परामर्श दिया गया।हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ.श्रीवास्तव ने कहा कि हृदय शरीर व जीवन का अहम हिस्सा है।अनियमित दिनचर्या, असंतुलित खानपान व तनाव हृदय की बीमारियों को बढ़ावा देते हैं।नियमित जांच, व्यायाम व संतुलित आहार से हृदय रोग से बचाव संभव है।डॉ.राहुल ने कहा की जंक फ़ास्ट फ़ूड का सेवन करना व घंटों एक ही जगह बैठे रहना खतरनाक हो सकता है।वहीं स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ.सोनाली व डॉ.दीक्षा ने महिलाओं की समस्याओं पर निःशुल्क परामर्श दिया।शिविर के दौरान इकाई प्रमुख ने चिकित्सकों की टीम को को स्मृति चिन्ह लेकर सम्मानित किया गया।शिविर के दौरान जीएम इंजीनियरिंग अनुपम खेर,जीएम प्रोडक्शन यूपी सिंह,एचआर हेड बीपी दीक्षित, प्रदीप कुमार गुप्ता,डॉ.राजेश मौर्या,राघवेंद्र द्विवेदी,आशीष श्रीवास्तव मुदित,आदित्य श्रीवास्तव,एकांश व पंकज सिन्हा आदि मौजूद रहे।

# उन्नति खेती के सम्बंध में हुई चर्चा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोरखपुर । बढ़ती जनसंख्या घटते क्षेत्रफल को ध्यान में रखकर देश हित में आवश्यक है किसान भाई खाद्यान्न उत्पादन बढ़ाया अपनी आय बढ़ाकर आत्मनिर्भर बने देश को आत्मनिर्भर बनाए इसके लिए प्रभावशाली साधन है कि कृषक उत्पादक संगठन से जुड़े आपके सहयोग एवं परिश्रम से संगठन व्यवसाय करके आपकी आय बढ़ाने में सहयोग करेगी संगठन के पास स्वयं का साधन कृषि निवेश कृषि यंत्र उन्नतशील बीज उर्वरक कृषि रक्षा रसायन होगा जिसका इस्तेमाल कर खेती करें उत्पादन बढ़ाये संगठन आपके उत्पादन की बिक्री का उचित प्रबंध करेगी संगठन के व्यवसाय से जो आए होगी उसमें आपका हिस्सा होगा कृषि खेती की वैज्ञानिक तकनीकी प्राकृतिक खेती किसी यंत्रों की खेती में उपयोगिता सरकार द्वारा एसपीओ के माध्यम से कृषि उपयोगी योजनाओं की विस्तार से जानकारी अमित कुमार सीबीबीओ ने दिया । कृषक उत्पादन कंपनी के सीईओ संजय कुमार ने कंपनी के आय व्यय व्यापार शेयर एवं प्रोडक्ट आदि की विस्तार से जानकारी प्रस्तुत की ।

# महिलाओं के मान सम्मान एवं सुरक्षा के लिये कार्य कर रही सरकार : मयंकेश्वर शरण सिंह

कैनविज टाइम्स संवाददाता




**महिलाओं के मान सम्मान एवं सुरक्षा के लिये कार्य कर रही सरकार : मयंकेश्वर शरण सिंह**

**जनपद अमेठी की तहसील गौरीगंज स्थित एनआईसी में किया गया सजीव प्रसारण**

अमेठी । मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा आज महिला सशक्तिकरण से सम्बंधित लोकभवन सभागार लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम के दौरान नारी सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के लिए समर्पित ''मिशन शक्ति पांच' का दीप प्रज्वलित कर भव्य शुभारम्भ किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री द्वारा प्रदेश के एक हजार छह सौ तिरसठ थानों में नव स्थापित मिशन शक्ति केन्द्रों का उद्घाटन व मिशन शक्ति केन्द्रों से सम्बंधित एसओपी की पुस्तिकाओं का विमोचन किया गया।मुख्यमंत्री द्वारा मिशन शक्ति पांच के शुभारम्भ कार्यक्रम का सीधा प्रसारण जनपद के तहसील गौरीगंज स्थित एनआईसी सभागार में किया गया जिसमें प्रदेश सरकार के चिकित्सा शिक्षा एवं स्वास्थ्य राज्यमंत्री राजा मयंकेश्वर शरण सिंह, गौरीगंज के विधायक राकेश प्रताप सिंह, जिलाधिकारी संजय चौहान, पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक, अपर जिलाधिकारी अर्पित गुप्ता, प्रभारी जिला प्रोबेशन अधिकारी सात्विक श्रीवास्तव सहित उपस्थित अधिकारियों,कर्मचारियों व महिलाओं द्वारा देखा और सुना गया।मुख्यमंत्री ने आगामी शारदीय नवरात्रि के शुभ अवसर पर मिशन शक्ति फ़ेज पांच का शुभारम्भ करते हुये प्रदेश की समस्त माताओं, बहनों व बेटियों को हार्दिक शुभकामनाएं एवं आशीर्वाद दिया तथा कहा कि जब हमारे प्रदेश की महिलाओं व बेटियों को भयमुक्त एवं सुरक्षित वातावरण में कार्य करने का अवसर मिलेगा और उनके अन्दर सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के साथ साथ नारी होने पर गरिमा की अनुभूति होगी तो निश्चित रूप से हमारा प्रदेश एवं देश विकास के पथ पर तेजी से आगे बढेगा।मुख्यमंत्री ने अपने सम्बोधन में महिला सुरक्षा, सम्मान एवं महिलाओं तथा बेटियों के लिए सरकार द्वारा चलाई जा रही शिक्षा, स्वास्थ्य एवं सुरक्षा से सम्बंधित योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मातृ बन्दना योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओं, उज्जवला योजना सहित अनेकों कल्याणकारी योजनाओं का जिक्र करते हुये कहा कि प्रदेश सरकार महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा एवं उन्हें आर्थिक आजादी देने की दिशा में जीरो टॉलरेन्स की नीति से कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि किसी भी स्तर पर इस मिशन में बाधा उत्पन्न करने वालों अथवा ''मिशन नारी सशक्तिकरण'' की मंशा को धूमिल करने का प्रयास करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अंशुमान सिंह, जिला विकास अधिकारी वीर भानु सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी मनोज त्यागी, डीसी एनआरएलएम प्रवीणा शुक्ला, जिला कार्यक्रम अधिकारी संतोष श्रीवास्तव, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय तिवारी सहित संबंधित अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

## शिक्षामित्र को भावभीनी विदाई 80 हजार सहयोग राशि भेंट

सुल्तानपुर। अखण्ड नगर विकास खंड के प्राथमिक विद्यालय कुन्दा भैरोपुर वि क्षेत्र अखण्डनगर में कार्यरत रही शिक्षामित्र मीरा सिंह 20 जुलाई 2025 को सेवानिवृत्त हो गयी। इस अवसर पर शिक्षक परिवार व शिक्षामित्र वेलफ़ेयर एशोसिएशन अखण्डनगर के सहयोग से एक भावभीनी विदाई समारोह आयोजित किया गया। समारोह में जूनियर शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष देवेंद्र तिवारी ने कहा कि शिक्षक परिवार की यह पहल समाज में सकारात्मक संदेश देगी और सेवानिवृत्त साथी को सुखद अनुभव कराएगी। राघवेन्द्र यादव ब्लाक अध्यक्ष जूनियर संगठन ने कहा कि यह सकारात्मक पहल भविष्य मे भी जारी रहना चाहिए। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के संरक्षक शैलेन्द्र सिंह व ब्लाक अध्यक्ष वीरेन्द्र तिवारी ने कहा कि सेवानिवृत शिक्षामित्र को भविष्य मे हर परिस्थिति मे सहयोग व साथ दिया जाएगा।शिक्षक परिवार अखण्डनगर की ओर से अस्सी हजार रुपये की सहयोग राशि भेंट की गई। इस मौके पर प्राथमिक शिक्षक संघ अध्यक्ष द्वय राम अनुज यादव व बिजय प्रताप यादव ने कार्यक्रम की सराहना की। एआरपी अमरीश पाण्डेय व आश्चर्य नाथ यादव ने सभी सहयोग करने वाले शिक्षको का आभार प्रकट किया। कार्यक्रम मे सबसे अहम भूमिका ब्लाक महामंत्री प्रदीप कुमार की रही।

## मुख्यमंत्री अभ्युदय नि:शुल्क कोचिंग से अमेठी के छात्र ने बीपीएससी परीक्षा में सफलता अर्जित की

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**गरीब व मेधावी विद्यार्थियों के लिये अभ्युदय कोचिंग बनी नई उम्मीद**

**गुणवत्तापूर्ण तैयारी से प्रतियोगी परीक्षाओं में चयन की राह हुई आसान**

अमेठी । मुख्यमंत्री अभ्युदय निःशुल्क कोचिंग योजना से जनपद अमेठी के मेधावी छात्रों का सपना अब साकार हो रहा है। इसी क्रम में ग्राम अमेठी के निवासी ब्रजभूषण पाण्डेय पुत्र देवी दयाल पाण्डेय ने इस योजना से पढ़ाई कर बीपीएससी थ्री परीक्षा उत्तीर्ण कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। ब्रजभूषण पाण्डेय ने अपनी सफलता की कहानी साझा करते हुये बताया कि वह मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना अन्तर्गत निःशुल्क कोचिंग अमेठी में अध्ययनरत रहे। यहां अनुभवी अध्यापकों और उत्कृष्ट शिक्षण व्यवस्था के कारण उन्हें गुणवत्तापूर्ण मार्गदर्शन प्राप्त हुआ जिससे वे प्रतियोगी परीक्षा में सफलता प्राप्त कर सके। उन्होंने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री की इस पहल से गरीब और कम आय वाले परिवारों के मेधावी बच्चे, जो आर्थिक अभाव के कारण महंगी कोचिंग नही ले पाते, उन्हें सफलता की नई राह मिल रही है। यह योजना ऐसे बच्चों के लिए वरदान है। ब्रज भूषण पाण्डेय ने जिलाधिकारी संजय चौहान, मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल एवं जिला समाज कल्याण अधिकारी के प्रति आभार व्यक्त करते हुये कहा कि इस योजना से न केवल गरीब बच्चों का प्रोत्साहन हो रहा है बल्कि प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिये उत्कृष्ट वातावरण और संसाधन उपलब्ध हो रहे हैं।उन्होंने कहा कि उनके चयन से परिवार एवं ग्रामवासी अत्यंत प्रसन्न हैं और यह योजना निश्चित रूप से जनपद सहित प्रदेश के हजारों मेधावी छात्रों के उज्ज्वल भविष्य का मार्ग प्रशस्त करेगी।

# जिलाधिकारी ने किया जिला उद्योग केंद्र का औचक निरीक्षण मुख्यमंत्री युवा उद्यमी मिशन योजना पर जोर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत। जिलाअधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह ने जिला उधोग केन्द्र पीलीभीत मे औचक निरीक्षण किया जिला अधिकारी ने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी मिशन योजना के लंबित आवेदनों के शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिये जिला उद्योग एवं उद्यम प्रोत्साहन केंद्र का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने उपस्थिति पंजिका की जांच की, जिसमें सभी कर्मचारी उपस्थित पाए गए इसके बाद जिलाधिकारी ने पटल सहायकों से उनके कार्यों की जानकारी ली। सहायकों ने अपने कार्यों की समुचित जानकारी प्रस्तुत की, जिससे संतुष्ट होकर जिलाधिकारी ने आवश्यक निर्देश दिए निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने पाया कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी मिशन अभियान योजना के तहत बैंकों में ऋण के लिए कई आवेदन लंबित हैं डीएम ने उपायुक्त उद्योग संजय कुमार और सीएम युवा फ़ेलो पंकज कुमार शर्मा से स्पष्टीकरण मांगा प्रधान सहायक सीमा शंकर की सम्बद्धता समाप्त कर दी गई जिलाधिकारी ने विभिन्न सरकारी योजनाओं की समीक्षा की। इनमें मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, युवा उद्यमी विकास अभियान, ओडीओपी और विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना शामिल थीं। उन्होंने निरस्त किए गए आवेदनों की गहन जांच के निर्देश दिए इस पर उन्होंने मुख्य विकास अधिकारी से वार्ता कर इन लंबित आवेदनों को शीघ्र निस्तारित कराने के निर्देश दिए, ताकि योजना का लाभ पात्र उद्यमियों तक समय पर पहुंचे जिलाधिकारी ने यह भी निर्देश दिया कि सभी सरकारी योजनाओं से संबंधित आवेदनों का निस्तारण निर्धारित समय सीमा के अंदर और पूरी पारदर्शिता के साथ किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को इस दिशा में विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए वही पत्रकार वार्ता मे बताया कि काफी आवेदकों की शिकायत आ रही है बैंकों मे उन्हें कई चक्कर लगाने पड़ रहे और योजना का लाभ नही मिल पा रहा वही जिलाअधिकारी ने आदेश दिया कि आवेदकों को पूरी प्रक्रिया समझाए और जिसके कार्य के लिये वो लोन लेना चाहते है उसके आवश्यक दस्तावेज के बारे पूरी और सही जानकारी दीजिए और बैंकों से सम्पर्क कर लाभ दिलाया जाय सहायकों ने अपने कार्यों की समुचित जानकारी प्रस्तुत की, जिससे संतुष्ट होकर जिलाधिकारी ने आवश्यक निर्देश दिए निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने पाया कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी मिशन अभियान योजना के तहत बैंकों में ऋण के लिए कई आवेदन लंबित हैं। इस पर उन्होंने मुख्य विकास अधिकारी से वार्ता कर इन लंबित आवेदनों को शीघ्र निस्तारित कराने के निर्देश दिए, ताकि योजना का लाभ पात्र उद्यमियों तक समय पर पहुंचे जिलाधिकारी ने यह भी निर्देश दिया कि सभी सरकारी योजनाओं से संबंधित आवेदनों का निस्तारण निर्धारित समय सीमा के अंदर और पूरी पारदर्शिता के साथ किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को इस दिशा में विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए वही पत्रकार वार्ता मे बताया कि काफी आवेदकों की शिकायत आ रही है बैंकों मे उन्हें कई चक्कर लगाने पड़ रहे और योजना का लाभ नही मिल पा रहा वही जिलाअधिकारी ने आदेश दिया कि आवेदकों को पूरी प्रक्रिया समझाए और जिसके कार्य के लिये वो लोन लेना चाहते है उसके आवश्यक दस्तावेज के बारे पूरी और सही जानकारी दीजिए और बैंकों से सम्पर्क कर लाभ दिलाया जाय।

# देवस्थान और होलिकादहन स्थल पर दबंगों का कब्जा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बल्दीराय/सुल्तानपुर। दक्खिनगांव ग्रामसभा में आस्था के प्रतीक देवस्थान और होलिकादहन की भूमि पर दबंगों का कब्जा, प्रशासन की नाकामी और भ्रष्टाचार की परतों को उजागर कर रहा है। ग्रामसभा के गाटा संख्या 242/0.0250 एवं 243/0.0250 हेक्टेयर, जो कि देवस्थान और होलिकादहन के नाम से चिह्नित भूमि है, उस पर ग्रामसभा स्वराँव निवासी सिरताज खान, इसराइल, तौहीद अहमद और अकील अहमद ने तारबंदी करके कब्जा कर लिया। दबंगई इतनी कि हिंदू पक्ष को पूजा-अर्चना तक से रोक दिया गया है।

गौरतलब हो कि इस संबंध में इसी माह 9सितंबर को उपजिलाधिकारी बल्दीराय को ,ग्रामीणों ने इसी प्रकरण की शिकायत की थी। कोई सुनवाई न होने के बाद ,जिलाधिकारी सुल्तानपुर को 19सितंबर को इस अवैधकब्जे को हटवाने का शिकायतपत्र दिया। आगामी नवरात्रि में पूजा अर्चना न होने की स्थिति में , भक्तों की आस्था आहत होना तय माना जा रहा है। हिन्दुओं की आस्था पर ,भूमाफिया दबंग विभागीय सहयोग के चलते भारी पड़ रहे हैं। शिकायतकर्ता ओमप्रकाश सहित आधा दर्जन ग्रामीणों ने जिलाधिकारी सुल्तानपुर को प्रार्थना पत्र देकर कब्जा मुक्त कराने की मांग की। जिलाधिकारी ने मामले को गंभीर मानते हुए बल्दीराय एसडीएम को जांचकर कार्रवाई और अवैध कब्जे की भूमि को खाली कराके उपजिलाधिकारी बल्दीराय से आख्या मांगी। भ्रष्टाचार के चलते जमीनी हकीकत इससे उलट है।

आरोप है कि जांच के नाम पर गई टीम ने न तो गाटों की पैमाइश की और न ही अवैध कब्जे का वास्तविक सत्यापन किया। इसके बजाय केवल अपनी उपस्थिति की तस्वीर खींचकर फर्ज और भ्रामक रिपोर्ट तैयार करने की तैयारी में जुट गई है। इससे साफ है कि तहसील में कानूनगो और लेखपाल की मिलीभगत से शासन और न्यायालय की मंशा की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। ग्रामीणों का कहना है कि प्रशासन की इस लीपापोती से भूमाफियाओं के हौसले बुलंद हो रहे हैं। ओमप्रकाश और अन्य ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि देवस्थान और होलिकादहन की भूमि को कब्जामुक्त नहीं कराया गया तो वे उच्चाधिकारियों और न्यायालय की शरण लेंगे। धार्मिक स्थल पर अवैध कब्जा और प्रशासन की उदासीनता ने ग्रामीणों में गहरा आक्रोश पैदा कर दिया है। सवाल यह है कि क्या राजस्व विभाग और तहसील प्रशासन भूमाफियाओं के दबाव में आस्था और कानून दोनों को गिरवी रख चुके है ।

## ब्लॉक रोड पर अवैध रूप से संचालित पैथोलॉजी लैब हुई सीज

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। ब्लॉक रोड पर संचालित लैब पर सीएचसी प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. मनीष राज शर्मा ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी के निर्देश पर अवैध रूप से संचालित जनता पैथोलॉजी लैब को सीज कर दिया। बताया गया कि लैब बिना पंजीकरण और आवश्यक अनुमति के संचालित की जा रही थी। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने मौके पर जांच की और अनियमितताएं पाए जाने पर लैब को तुरंत बंद कराने का आदेश दिया। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि अवैध तरीके से चल रही स्वास्थ्य सेवाओं पर सख्त कार्रवाई जारी रहेगी ताकि मरीजों की सुरक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता बनी रहे। शनिवार दोपहर दो बजे प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर मनीष राज शर्मा ने बताया अवैध रूप से संचालित लैब को सीज किया गया है।

## किसान नेताओं ने जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। भारतीय किसान यूनियन चढ़ूनी के जिला उपाध्यक्ष जोगा सिंह विर्क एवं जिला प्रभारी बलराम सिंह का कहलो के नेतृत्व में जिला अधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह को विभिन्न समस्याओं के समाधान के लिए एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन देने वालों में मुख्य रूप से जगविंदर सिंह तहसील अध्यक्ष, बलराज सिंह, श्यामल, अमल, मंगल सिंह, वरिंदर कुमार, जगदीश सिंह सहित दर्जनों पदाधिकारी एवं कार्यकता मौजूद रहे हैं।

## विश्व सफाई दिवस पर विद्यालय में आयोजित हुए कई कार्यक्रम

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। कंपोजिट विद्यालय मंडेला खुर्द में विश्व सफाई दिवस के अवसर पर बच्चों ने स्लोगन बनाए और पोस्टर बनाए। इस गतिविधि में नीरज, सुमन, रूपमती, सुहानी, मुस्कान आदि बच्चों ने भाग लिया। बच्चों ने सफाई से संबंधित स्लोगन और पोस्टर बनाए।नाटक का मंचन सुनीता ने एक नाटक का मंचन किया।विश्व सफाई दिवस के अवसर पर इस तरह की गतिविधियों से बच्चों में सफाई के प्रति जागरूकता बढ़ती है और वे स्वच्छता के महत्व को समझते हैं।इस मौके पर समस्त स्टाफ जिसमें इंचार्ज मंजुल मिश्रा,सहायक पूनम सहगल, आशा, आरती, रेखा सिंह, राधा आदि मौजूद रहे है।

## जिला पंचायत सदस्य पद के उम्मीदवार ने किया जनसंपर्क

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। विकास खंड की ग्राम पंचायत मुझ खुर्द निवासी युवा भाजपा नेता मुन्ना ने जिला पंचायत सदस्य पद के लिए वार्ड नंबर 5 से अपनी दावेदारी ठोक दी है। उन्होंने आने वाले चुनाव में जिला पंचायत सदस्य के लिए दावेदारी करते हुए वार्डवासियों से जन संपर्क शुरू कर दिया है।युवा भाजपा नेता मुन्ना ने वार्ड नंबर 5 से जिला पंचायत सदस्य पद के लिए अपनी दावेदारी पेश की है। वे वार्डवासियों से संपर्क कर रहे हैं। वे लगातार वार्डवासियों के पास जाकर उनके पास जाकर उनके सुख दु:ख में हिस्सा ले रहे हैं। जिला पंचायत सदस्य पद के चुनाव में युवा भाजपा नेता मुन्ना ने अपनी उम्मीदवारी पेश करते हुए वार्डवासियों का समर्थन हासिल करने का प्रयास कर रहे हैं।इस तरह के चुनावों में उम्मीदवारों का जनसंपर्क और वार्डवासियों के साथ जुड़ाव महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।युवा भाजपा नेता मुन्ना लगातार क्षेत्र में जनसंपर्क कर अपने पक्ष में चुनाव करने का प्रयास कर रहे हैं।

## लखनऊ के प्लासियो माल से चोरी की गई स्कूटी के साथ एक युवक गिरफ्तार

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना मुसाफिरखाना पुलिस ने लखनऊ के प्लासियो माल से चोरी की गई स्कूटी के साथ एक युवक को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर थाना मुसाफिरखाना पुलिस द्वारा तलाश वांछित, देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर स्कूटी सवार सिद्धान्त सिंह उर्फ नमन सिंह पुत्र स्वर्गीय राजेन्द्र प्रताप सिंह निवासी पूरे काली बक्श थाना नसीराबाद जनपद रायबरेली को गिरफ्तार किया गया। स्कूटी के कागजाच मांगने पर दिखा नही सका।

## पुलिस ने शातिर अपराधी के कब्जे से तमंचा किया बरामद

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना मुसाफिरखाना पुलिस ने एक अदद तमंचा व एक अदद जिन्दा कारतूस के साथ एक युवक को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर थाना मुसाफिरखाना पुलिस द्वारा तलाश वांछित देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान भारत पुत्र रामसुमेर निवासी करीडीह मजरे जलालपुर तिवारी थाना जगदीशपुर जनपद अमेठी को गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम द्वारा की गई तलाशी में युवक के कब्जे से एक अदद तमंचा व एक अदद जिन्दा कारतूस बरामद हुआ है।

## कोतवाली में मिशन शक्ति केंद्र का महिला दारोगा ने फीता काटकर किया शुभारंभ उपस्थित रहे चेयरमैन शैलेंद्र गुप्ता



कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर।कोतवाली परिसर में शनिवार मिशन शक्ति केंद्र का उद्घाटन किया गया। पुलिस क्षेत्राधिकारी की मौजूदगी में महिला दारोगा पिंकी यादव ने फीता काटकर केंद्र का शुभारंभ किया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी देखा गया,जिसमें मिशन शक्ति अभियान की महत्ता और इसके उद्देश्यों पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम में कोतवाली प्रभारी ने बताया कि मिशन शक्ति केंद्र से महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षा,जागरूकता और समय पर सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। साथ ही यह केंद्र महिलाओं से संबंधित शिकायतों को सुनने और उनके निस्तारण में मददगार साबित होगा। उद्घाटन कार्यक्रम में पुलिसकर्मियों के साथ नगर पालिका परिषद अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता सहित क्षेत्र की सम्मानित लोग मौजूद रहे। मिशन शक्ति केंद्र के शुभारंभ को महिला सुरक्षा की दिशा में एक अहम कदम माना जा रहा है। इससे समाज में महिला सशक्तिकरण और सुरक्षा की भावना को और मजबूती मिलेगी।

# समाधान दिवस में आई शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही क्षम्य नही : डीएम

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अमेठी । जनसामान्य की शिकायतों के त्वरित निस्तारण के उददेश्य से जनपद की चारों तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया।जिलाधिकारी संजय चौहान की अध्यक्षता में तहसील मुसाफिरखाना में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ जिसकी अध्यक्षता करते हुये जिलाधिकारी ने शिकायतकर्ताओं की समस्या सुनकर मौके पर अधिकारियों को निर्देश देते हुये कहा कि शिकायतें लंबित न रखी जाये शिकायतों को गम्भीरता से लेकर उनका प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण सुनिश्चित कराया जाय। उन्होंने कहा कि जन सामान्य की शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करना हमारी प्राथमिकता है।मुख्यमंत्री द्वारा भी जन सामान्य की शिकायतों के निस्तारण को लेकर कड़े निर्देश दिये गये हैं। किसी भी स्तर पर शिकायतों के निस्तारण में हीलाहवाली करने पर संबंधित अधिकारी, कर्मचारी के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जायेगी। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान पुलिस विभाग के संबंधित शिकायतों को पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक ने सुना एवं संबंधित थानाध्यक्षों को निस्तारण के निर्देश दिया। तहसील मुसाफिरखाना में कुल बत्तीस शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें चार का मौके पर निस्तारण कराया गया। तहसील तिलोई में अठाइस शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें तीन का निस्तारण किया गया। तहसील अमेठी में छब्बीस शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें एक शिकायत का निस्तारण किया गया, तथा तहसील गौरीगंज में छत्तीस शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें दो शिकायत का निस्तारण किया गया, शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु पुलिस और राजस्व की संयुक्त टीमें मौके पर भेजी गई। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान उपजिलाधिकारी अभिनव कनौजिया, बीएसए संजय तिवारी, सीएमओ डॉ अंशुमान सिंह,तहसीलदार मुसाफिरखाना सहित जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# गजरौला कला,खमरिया पंडरी,पौटा में सपा पीडीए जनचर्चा पंचायत कार्यक्रम का हुआ आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पीलीभीत।विधानसभा बरखेड़ा क्षेत्र के ग्राम गजरौला कला,खमरिया पंडरी,पौटा कला में सपा पीडीए जनचर्चा पंचायत कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम की अध्यक्षता 128 विधानसभा बरखेड़ा अध्यक्ष सपा अधिवक्ता सभा धनपति वर्मा एडवोकेट ने की कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सपा जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा,विशिष्ट अतिथि सपा जिला उपाध्यक्ष बालकराम सागर व काशीराम सरोज रहे।कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे सपा अधिवक्ता सभा के विधानसभा अध्यक्ष धनपति वर्मा एडवोकेट ने कहा भाजपा सरकार गरीबों, पिछड़ों,किसानों और अल्पसंख्यकों के खिलाफ काम कर रही है।समाजवादी पार्टी ही एकमात्र विकल्प है। जो सभी वर्गो को न्याय, सम्मान और अवसर दे सकती है। जनता अब जाग चुकी है, और बदलाव तय है। कार्यक्रम में मुख्य रूप 128 विधानसभा महासचिव नरेश कुमार सागर,चंद्रपाल यादव, वेदप्रकाश दीक्षित,ऋषिपाल वर्मा,शादाब खान,दिलशाद अली,राजीव कुमार वर्मा,वीरेंद्र प्रताप वर्मा,महेश वर्मा,अकील खान,आविद खां,विपिन कुमार वी,इसरार अहमद,नियमतुल्ला,जमील बक्स, मोइन खान, सगीर, मुशर्रफ अली,अजय सिंह, विशेष, शिवकुमार वर्मा,दिनेश कुमार वर्मा, कंता प्रसाद,राजेश वर्मा,सत्यपाल राजपूत, शिव वर्मा,नवल किशोर,जावेद अंसारी, मो. आरिफ, सज्जाद,रियासत,मो. तारिक, मो.उवैस, मो.आजम, मो.सैफ, मो.अनीस, मो.शोएब, मो.अरमान, मो.फैजान, मो.शकील, मो.फिरोज, चंद्रसेन, तौले बक्स, नासिर, मो.शाकिर, हाशिम, अशफाक, मो.फैजान, नासिर, शाकिर, इरफान, मुनब्बर, जाबिर अंसारी, जाहिद, हनीफ, जाबिर कुरैशी, यूसुब, इकबाल अहमद,रफीक अहमद,इमरान,आसिफ हुसैन, अशरत हुसैन,शफी अहमद,तौहीद अहमद,इस्लामुद्दीन,रशीद, शाहिद हुसैन,रईस अहमद,इकबाल अहमद,श्रीकृष्ण,जमुना प्रसाद,इशरत हुसैन,आसिफ, वाहिद,अशरफ,जाहिद सहित तमाम सम्मानित नेतागण पदाधिकारी कार्यकर्ता एवं सम्मानित ग्रामवासी शामिल रहे है।

# अखिल मसाले ब्रांड के नाम से स्थानीय से प्रदेश स्तरीय बाजार तक पहुंचे अमेठी के उत्पाद

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी । आत्मनिर्भर भारत अभियान के अंतर्गत प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना जनपद अमेठी में ग्रामीण स्तर पर उद्यमिता को बढ़ावा देने और खाद्य प्रसंस्करण उद्योग को नई दिशा देने में अहम भूमिका निभा रही है। इसी कड़ी में विकास खण्ड गौरीगंज के ग्राम रौजा निवासी दिलीप कुमार ने योजना का लाभ लेकर एक मिसाल कायम की है। दिलीप कुमार ने डीआरपी के सहयोग से पीएम एफएमई पोर्टल पर आवेदन कर मसाला प्रसंस्करण इकाई स्थापित करने का निर्णय लिया। इस योजना के तहत छह लाख पच्चीस हजार रुपये का ऋण प्राप्त कर उन्होंने आवश्यक मशीनरी एवं संसाधनों की व्यवस्था की और ल्लअखिल मसालेङ्क ब्रांड नाम से इकाई का शुभारम्भ किया। उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा उन्हें प्रोजेक्ट कास्ट का पैंतीस प्रतिशत अनुदान भी उपलब्ध कराया गया। इस इकाई में हल्दी, मिर्च, धनिया, गरम मसाला, सब्जी मसाला, छोला मसाला, पनीर मसाला, बिरयानी मसाला, अमचूर पाउडर, काली मिर्च पाउडर, जीरा पाउडर, रायता मसाला, राजमा मसाला आदि अनेक प्रकार के मसाले तैयार किये जा रहे हैं। इन उत्पादों का विपणन न केवल स्थानीय स्तर पर हो रहा है बल्कि यह आसपास के जनपदों के बाजारों तक भी पहुंच रहे हैं। आज यह इकाई वार्षिक रूप से लगभग पचास लाख रुपये का टर्नओवर कर रही है। दिलीप कुमार ने केवल मसालों तक ही सीमित न रहते हुए सरसों का तेल, बेसन, मिश्रित आटा, मैदा आदि उत्पादों का निर्माण भी प्रारम्भ कर दिया है। इससे उनका व्यवसाय और अधिक विस्तारित हुआ है। दिलीप कुमार की सफलता का सबसे बड़ा प्रभाव यह है कि उनकी इकाई स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर पैदा कर रही है। अनेक लोग प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से इस इकाई से जुड़कर आर्थिक लाभ कमा रहे हैं। यह उदाहरण दर्शाता है कि योजनाओं का लाभ सही पात्र व्यक्तियों तक पहुंचने से न केवल उनकी आजीविका में सुधार होता है ।

## सम्पादकीय

# पराली की कसक

निर्विवाद रूप से पर्यावरण प्रदूषण देश के सामने एक बड़ा संकट है। लाखों लोगों के जीवन पर इससे संकट के बादल मंडराते हैं। शीत ऋतु की दस्तक के साथ राष्ट्रीय राजधानी में प्रदूषण की काली छाया के बीच अक्सर इस संकट के मूल में निकटवर्ती राज्यों में पराली जलाने की घटनाओं को जिम्मेदार बताने की कवायद हर साल होती है। इस बार भी पंजाब में धान की खरीद शुरू होने के बाद विभिन्न हितधारकों का ध्यान एक मौसमी समस्या पराली जलाने की ओर आकर्षित हुआ है। सर्वोच्च न्यायालय ने राज्य सरकार से उस कुप्रथा में लिप्त कुछ किसानों को गिरफ्तार करने के बारे में निर्णय लेने को कहा है, जिसे हर साल अक्तूबर-नवंबर में वायु प्रदूषण का एक प्रमुख कारण बताया जाता है। वैसे न्यायालय ने इस बात को स्वीकार किया है कि 'हमारे लिये किसान विशेष हैं और हम उनकी बदौलत ही भोजन प्राप्त कर रहे हैं। साथ ही अपनी खाद्य शृंखला को मजबूत कर रहे हैं।' लेकिन वहीं दूसरी ओर शीर्ष अदालत ने राज्य से पर्यावरण की सुरक्षा के बारे में कड़ा संदेश देने के लिये दंडात्मक प्रावधान लागू करने का भी आग्रह किया है। निर्विवाद रूप से देश में पंजाब और हरियाणा, जो कि खाद्यान्न उत्पादन में अग्रणी राज्य भी हैं, पराली जलाने से रोकने के लिये विगत में कभी-कभी किसानों को जेल में भी डालते रहे हैं। लेकिन एक हकीकत यह भी है कि यह कठोर कदम व्यावहारिक धरातल में एक प्रभावी निवारक साबित नहीं हो सका है। हमें इस बात की भी अनदेखी नहीं करनी चाहिए कि पिछले कुछ वर्षों में हुई गिरफ्तारियों और भारी जुर्माने ने इस क्षेत्र के कृषक समुदाय के गुस्से को भड़काया ही है। जिसने केंद्र और राज्य सरकारों के खिलाफ आवाज उठाने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। वैसे एक हकीकत यह भी है कि सत्ताधीशों के लिये किसानों पर आपराधिक मुकदम चलाना राजनीतिक दृष्टि से एक जोखिम भरा कदम माना जाता है। निस्संदेह, इन राज्यों में किसान अब एक प्रभावशाली वोट बैंक बन चुके हैं। खासकर पंजाब में किसानों की जागरूकता सत्ताधीशों पर दबाव बनाने में कामयाब हो जाती है। सर्वविदित है कि देश के सीमावर्ती राज्य पंजाब में हाल ही में आई बाढ़ के दौरान धान की फसल को भारी नुकसान पहुंचा है। ऐसे में किसानों के खिलाफ कोई सख्त कदम उठाना संवेदनशीलता की दृष्टि से उचित भी नहीं कहा जा सकता है। इसलिए अधिकारी किसी संभावित आक्रोश से बचने के लिये दंडात्मक कार्रवाई से बचने का प्रयास कर सकते हैं। ऐसे में वे कोई सुरक्षित रुख अपना सकते हैं। निस्संदेह, किसी ऐसी सख्त कार्रवाई से पहले ही प्राकृतिक आपदा की मार झेल रहे किसानों की स्थिति और बिगड़ सकती है। ऐसे हालात में किसानों से टकराव की बजाय सहयोग को प्राथमिकता बनाना तार्किक कहा जा सकता है। आर्थिक विकल्प, दंड से बेहतर काम करेगा। दूसरी ओर किसानों को पराली के प्रबंधन के लिए प्रोत्साहित करने की जरूरत है। हम उन्हें सशक्त बनाकर इस संकट का तार्किक समाधान निकाल सकते हैं। सरकार प्रयास करे कि पराली का उपयोग उद्योगों द्वारा जैव ईंधन के रूप में एक उत्पादक विकल्प के तरह किया जाए। हमारे देश के ऊर्जा उत्पादन में बायोमास के उपयोग को बढ़ावा देने से जमीनी स्तर पर बदलाव लाया जा सकता है। पराली आधारित बॉयलरों को अपनाने वाले उद्योगों को प्रोत्साहित करने के लिये पूंजीगत सब्सिडी सराहनीय पहल बन सकती है। सर्दियों में भीषण ठंड से बचने के लिये पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ किसानों की भलाई सुनिश्चित करने वाले पर्यावरण अनुकूल कदम उठाना भी जरूरी है। साथ ही पराली का निस्तारण करने वाली मशीनों की खरीद के लिये किसानों को प्रोत्साहित किया जा सकता है। मशीनों की खरीद में सब्सिडी तथा ग्राम पंचायत स्तर पर सहकारिता के आधार पर इनके उपयोग से भी सार्थक परिणाम मिल सकते हैं। इस दिशा में किसानों को जागरूक करने के लिये अभियान चलाए जाने जरूरी हैं। उन्हें बताया जाना चाहिए कि खेत में पराली जलाने से जहां खेतों की उर्वरता पर प्रतिकूल असर पड़ता है, वहीं इससे उठने वाला धुआं उनके व परिवार के लिये भी घातक है।

# युद्ध-आतंक के दौर में शांति के लिये भारत की पुकार

### अन्तर्राष्ट्रीय शांति दिवस पर विशेष

**विश्व शांति की दिशा में भारत का योगदान हमेशा से उल्लेखनीय रहा है और वर्तमान समय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसे नई दिशा और ऊर्जा प्रदान की है। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय मंचों पर बार-बार वसुधैव कुटुंबकम् और एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य का संदेश देकर मानवता को एक साझा परिवार के रूप में देखने की दृष्टि दी है। संयुक्त राष्ट्र और जी-20 जैसे वैश्विक मंचों पर मोदी ने संवाद, कूटनीति, अहिंसा और सहअस्तित्व को संघर्ष और युद्ध से बेहतर विकल्प बताया है। भारत के नेतृत्व में जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान शांति और सतत विकास के एजेंडे को प्राथमिकता दी गई। आतंकवाद के विरुद्ध वैश्विक सहयोग, योग को विश्व स्तर पर शांति और मानसिक संतुलन का साधन बनाना, जलवायु परिवर्तन और पर्यावरण संरक्षण के लिए अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन दुनियाभर विश्व अहिंसा दिवस मनाने जैसे प्रयास भी विश्व शांति को दीर्घकालिक आधार प्रदान करते हैं। प्रधानमंत्री मोदी का यह मानना है कि शांति केवल संघर्षों की अनुपस्थिति नहीं, बल्कि न्याय, समानता और सहयोग की उपस्थिति है। उनके नेतृत्व में भारत विश्व को न केवल आर्थिक और राजनीतिक सहयोग दे रहा है, बल्कि नैतिकता, अहिंसा, योग और सांस्कृतिक रूप से भी शांति की राह दिखा रहा है। महात्मा गांधी ने कहा था-शांति का कोई रास्ता नहीं, शांति ही रास्ता है। गांधी का यह विचार आज और भी प्रासंगिक प्रतीत होता है। नेल्सन मंडेला ने भी कहा था-शांति का निर्माण हथियारों से नहीं, बल्कि आपसी विश्वास और मेल-जोल से होता है। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस बार-बार यह चेतावनी देते रहे हैं कि दुनिया को हथियारों की नहीं, बल्कि कूटनीति और संवाद की आवश्यकता है। शांति केवल एक आदर्श नहीं, यह सभी के जीवन और विकास का अधिकार है। महात्मा गांधी ने जिस अहिंसा और सत्याग्रह का मार्ग दिखाया, वह आज भी वैश्विक शांति की सबसे बड़ी आशा है। स्वामी विवेकानंद ने भी विश्व धर्म महासभा में यह संदेश दिया था कि समस्त धर्म मानवता को जोड़ने के लिए हैं, बाँटने के लिए नहीं।**

अंतर्राष्ट्रीय शांति दिवस, जिसे प्रतिवर्ष 21 सितंबर को मनाया जाता है, आज के समय की सबसे बड़ी मानवीय आवश्यकता की याद दिलाता है। जब पूरी दुनिया युद्ध, हिंसा, आतंकवाद, जलवायु संकट और असमानताओं के दौर से गुजर रही हो, तब शांति का महत्व केवल एक आदर्श नहीं, बल्कि अस्तित्व का आधार बन जाता है। इतिहास गवाह है कि युद्धों ने मानव सभ्यता को केवल विनाश ही दिया है। दो विश्वयुद्धों में करोड़ों लोगों की जान गई, असंख्य परिवार उजड़ गए और सभ्यता के सपनों पर गहरी चोट लगी। आज भी यूक्रेन से लेकर सीरिया, अफगानिस्तान और अफ्रीका तक की धरती पर संघर्ष और आतंकवाद की आग धधक रही है। निर्दोष नागरिक, महिलाएं और बच्चे सबसे अधिक पीड़ा झेल रहे हैं। शरणार्थियों की भीड़, विस्थापितों के आँसू और टूटे हुए घर-परिवार इस बात का सबूत हैं कि युद्ध और आतंकवाद किसी भी समस्या का समाधान नहीं, बल्कि और बड़ी समस्या पैदा करते हैं। संयुक्त राष्ट्र संघ की स्थापना ही इसी उद्देश्य से हुई थी कि विश्व में शांति और सहयोग कायम हो। इसी क्रम में 1981 में महासभा ने 21 सितंबर को अंतर्राष्ट्रीय शांति दिवस घोषित किया, ताकि पूरी दुनिया को यह याद दिलाया जा सके कि युद्धविराम, संवाद और अहिंसा ही मानव सभ्यता की रक्षा कर सकते हैं। इस दिन संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में शांति की घंटी बजाई जाती है, जो यह प्रतीक है कि जब तक धरती पर शांति नहीं होगी, तब तक जीवन सुरक्षित नहीं हो सकता। आज विज्ञान और तकनीक ने मानव को अभूतपूर्व शक्ति और संसाधन दिए हैं, लेकिन इसके साथ ही भय, हिंसा, तनाव और असुरक्षा भी बढ़ी है। परमाणु हथियारों की दौड़ ने धरती को विनाश के कगार पर ला खड़ा किया है। आर्थिक असमानताएँ और संसाधनों की होड़ युद्धों और संघर्षों को जन्म दे रही हैं। जलवायु परिवर्तन और पर्यावरणीय संकट नए विवादों एवं संकटों को जन्म दे रहे हैं। इस पृष्ठभूमि में अंतर्राष्ट्रीय शांति दिवस केवल एक औपचारिक अवसर नहीं, बल्कि एक चेतावनी और आह्वान है। यह हमें सोचने पर मजबूर करता है कि क्या हम हिंसा और युद्ध की संस्कृति से ऊपर उठकर शांति, संवाद और सहयोग की संस्कृति को स्थापित कर सकते हैं, क्या हम धर्म, जाति और राजनीति की संकीर्णताओं से निकलकर एक वैश्विक परिवार के रूप में जी सकते हैं, क्या हम शिक्षा, करुणा और अहिंसा को अपने जीवन और समाज का आधार बना सकते हैं। विश्व शांति की दिशा में भारत का योगदान हमेशा से उल्लेखनीय रहा है और वर्तमान समय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसे नई दिशा और ऊर्जा प्रदान की है। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय मंचों पर बार-बार वसुधैव कुटुंबकम् और एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य का संदेश देकर मानवता को एक साझा परिवार के रूप में देखने की दृष्टि दी है। संयुक्त राष्ट्र और जी-20 जैसे वैश्विक मंचों पर मोदी ने संवाद, कूटनीति, अहिंसा और सहअस्तित्व को संघर्ष और युद्ध से बेहतर विकल्प बताया है। भारत के नेतृत्व में जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान शांति और सतत विकास के एजेंडे को प्राथमिकता दी गई। आतंकवाद के विरुद्ध वैश्विक सहयोग, योग को विश्व स्तर पर शांति और मानसिक संतुलन का साधन बनाना, जलवायु परिवर्तन और पर्यावरण संरक्षण के लिए अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन दुनियाभर विश्व अहिंसा दिवस मनाने जैसे प्रयास भी विश्व शांति को दीर्घकालिक आधार प्रदान करते हैं। प्रधानमंत्री मोदी का यह मानना है कि शांति केवल संघर्षों की अनुपस्थिति नहीं, बल्कि न्याय, समानता और सहयोग की उपस्थिति है। उनके नेतृत्व में भारत विश्व को न केवल आर्थिक और राजनीतिक सहयोग दे रहा है, बल्कि नैतिकता, अहिंसा, योग और सांस्कृतिक रूप से भी शांति की राह दिखा रहा है। महात्मा गांधी ने कहा था-शांति का कोई रास्ता नहीं, शांति ही रास्ता है। गांधी का यह विचार आज और भी प्रासंगिक प्रतीत होता है। नेल्सन मंडेला ने भी कहा था-शांति का निर्माण हथियारों से नहीं, बल्कि आपसी विश्वास और मेल-जोल से होता है। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस बार-बार यह चेतावनी देते रहे हैं कि दुनिया को हथियारों की नहीं, बल्कि कूटनीति और संवाद की आवश्यकता है। शांति केवल एक आदर्श नहीं, यह सभी के जीवन और विकास का अधिकार है। महात्मा गांधी ने जिस अहिंसा और सत्याग्रह का मार्ग दिखाया, वह आज भी वैश्विक शांति की सबसे बड़ी आशा है। स्वामी विवेकानंद ने भी विश्व धर्म महासभा में यह संदेश दिया था कि समस्त धर्म मानवता को जोड़ने के लिए हैं, बाँटने के लिए नहीं। आज संयुक्त राष्ट्र के शांति अभियानों में भारत की भूमिका सबसे बड़ी एवं महत्वपूर्ण है, भारतीय सैनिक और अधिकारी अनेक देशों में जाकर शांति स्थापना के मिशनों में सक्रिय योगदान दे रहे हैं। भारत ने न केवल सिद्धांतों से बल्कि व्यवहार में भी यह दिखाया है कि शांति उसका मूल आदर्श है। इन विचारों और योगदानों की गूंज आज के समय में हमें सचेत करती है। अगर मानवता को बचाना है तो युद्ध, आतंकवाद और हिंसा को छोड़कर केवल शांति को अपनाना होगा। जब व्यक्ति, समाज और राष्ट्र स्तर पर शांति की चेतना जागेगी तभी सभ्यता का भविष्य सुरक्षित हो सकेगा। अंतर्राष्ट्रीय शांति दिवस हमें यही प्रेरणा देता है कि हम सहअस्तित्व, करुणा और संवाद की राह पर चलें और पूरी दुनिया को भय और हिंसा से मुक्त करके एक शांति और समरसता से भरा वैश्विक परिवार बनाएं। संघर्ष की अग्रिम पंक्तियों पर तैनात शांति सैनिकों से लेकर समुदाय के सदस्यों और दुनिया भर के कक्षाओं में पढ़ने वाले छात्रों तक, हर किसी की शांतिपूर्ण विश्व संरचना में महत्वपूर्ण भूमिका है। हमें हिंसा, नफ़रत, भेदभाव और असमानता के खिलाफ़ आवाज़ उठानी होगी; सह-अस्तित्व का अभ्यास करना होगा; और अपनी दुनिया की विविधता को अपनाना होगा। शांति-स्थापना की कार्रवाई करने के कई तरीके हैं। समझदारी, अहिंसा और निरस्त्रीकरण की तत्काल आवश्यकता के बारे में बातचीत शुरू करें। अपने समुदाय में स्वयंसेवा करें, अपनी आवाज़ से अलग आवाज़ों को सुनें, अपने कार्यस्थल पर भेदभावपूर्ण भाषा एवं व्यवहार को चुनौती दें, ऑनलाइन और ऑफलाइन, दोनों तरह से अशांति फैलाने वालों की रिपोर्ट करें, और सोशल मीडिया पर पोस्ट करने से पहले तथ्यों की पुष्टि ज़रूर करें। आप अपनी पसंद के बारे में भी बता सकते हैं, सामाजिक रूप से जागरूक ब्रांडों से सामान खरीदने का विकल्प चुन सकते हैं, या स्थिरता और मानव अधिकारों को बढ़ावा देने वाले संगठनों को दान दे सकते हैं। संयुक्त राष्ट्र मानव अधिकारों को आगे बढ़ाने, जलवायु परिवर्तन से लड़ने, तथा संघर्ष को रोकने और उसका जवाब देने के लिए वैश्विक प्रयासों का नेतृत्व करता है। वह शांति निर्माण आयोग के माध्यम से, जो 2025 में अपनी बीसवीं वर्षगांठ मना रहा है, गरीबी, असमानता, भेदभाव और अन्याय- हिंसा के सभी संभावित कारणों को दूर करने के लिए कार्य करता है। अपने 17 सतत विकास लक्ष्यों के माध्यम से , संयुक्त राष्ट्र समृद्धि बढ़ाने, स्वास्थ्य और जीवन स्तर को बेहतर बनाने, और सभी प्रकार के भेदभाव और अन्याय को समाप्त करने के देशों के प्रयासों का समर्थन करता है। संयुक्त राष्ट्र के शांति सैनिक दुनिया भर में कठिन और खतरनाक परिस्थितियों में काम करते हैं और सभी को कार्रवाई करने के लिए प्रेरित करते हैं। तथा हाल ही में अपनाए गए भविष्य के लिए समझौते में, संयुक्त राष्ट्र ने उभरती चुनौतियों और अवसरों - जैसे कि विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार का समाधान करने तथा भावी पीढ़ियों की सक्रिय भागीदारी का समर्थन करने का वादा किया है। संयुक्त राष्ट्र के एक्टनाउ अभियान ने दुनिया भर के लाखों लोगों को उन मुद्दों को चुनने, उन पर कार्रवाई करने और उनके प्रभाव को ट्रैक करने में मदद की है जो उनके लिए महत्वपूर्ण हैं। शांति स्थापना के कार्य शब्दों से अधिक जन-जीवन में जोर से गूंजें। **– ललित गर्ग**

# अपनी आईडी को ऑनलाइन सुरक्षित रखना

**विजय गर्ग**

पहचान की चोरी और धोखाधड़ी को रोकने के लिए आपकी आईडी को ऑनलाइन सुरक्षित रखना आवश्यक है। आपकी व्यक्तिगत जानकारी को सुरक्षित करने में आपकी सहायता करने के लिए यहां कुछ प्रमुख प्रथाएं दी गई हैं: 1.। अपने पासवर्ड और प्रमाणीकरण को मजबूत करें मजबूत, अद्वितीय पासवर्ड बनाएं। अपरकेस और लोअरकेस अक्षर, संख्या और विशेष प्रतीकों सहित कम से कम 12 वर्णों के संयोजन का उपयोग करें। अपने नाम, जन्मदिन या पालतू जानवर के नाम जैसी व्यक्तिगत जानकारी का उपयोग करने से बचें। एक पासवर्ड मैनेजर का उपयोग करें। हर खाते के लिए अद्वितीय, जटिल पासवर्ड याद रखना मुश्किल है। एक पासवर्ड प्रबंधक आपके पासवर्ड को सुरक्षित रूप से संग्रहीत कर सकता है और यहां तक कि आपके लिए नए उत्पन्न कर सकता है। दो-कारक प्रमाणीकरण सक्षम करें। यह सुरक्षा की एक अतिरिक्त परत जोड़ता है। यहां तक कि अगर किसी हैकर को आपका पासवर्ड मिलता है, तो वे दूसरे सत्यापन कारक के बिना आपके खाते तक नहीं पहुंच सकते हैं, जैसे कि आपके फोन या ईमेल पर भेजा गया कोड। 2.। जानकारी साझा करने के बारे में सतर्क रहें जो आप सोशल मीडिया पर साझा करते हैं उसे सीमित करें। आपके द्वारा पोस्ट किए गए व्यक्तिगत विवरणों के प्रति सचेत रहें, क्योंकि उनका उपयोग साइबर अपराधियों द्वारा किया जा सकता है। अपना पता, फोन नंबर या अन्य संवेदनशील जानकारी साझा करने से बचें। गोपनीयता सेटिंग्स की जाँच करें। सोशल मीडिया और अन्य प्लेटफार्मों पर, सुनिश्चित करें कि आपकी गोपनीयता सेटिंग्स को सीमित करने के लिए कॉन्फ़िगर किया गया है जो आपकी पोस्ट और व्यक्तिगत जानकारी देख सकते हैं। ऑनलाइन क्विज़ से सावधान रहें। सोशल मीडिया पर कई क्विज़ ऐसी जानकारी मांगते हैं जिनका उपयोग सुरक्षा प्रश्नों के उत्तर देने के लिए किया जा सकता है, जैसे कि आपकी माँ का पहला नाम या आपके पहले पालतू जानवर का नाम। 3। अपने उपकरणों और नेटवर्क को सुरक्षित करें सॉफ्टवेयर अपडेट रखें। आपके ऑपरेटिंग सिस्टम और अनुप्रयोगों के अपडेट में अक्सर महत्वपूर्ण सुरक्षा पैच शामिल होते हैं जो नए खतरों से बचाते हैं। सुरक्षित नेटवर्क का उपयोग करें। सार्वजनिक वाई-फाई का उपयोग करते समय सतर्क रहें। इन नेटवर्क में अक्सर कमजोर सुरक्षा होती है, जिससे दूसरों के लिए आपके डेटा तक पहुंचना आसान हो जाता है। सार्वजनिक वाई-फाई से कनेक्ट होने पर क्रेडिट कार्ड नंबर जैसी संवेदनशील जानकारी दर्ज करने से बचें। सुरक्षा सॉफ्टवेयर स्थापित करें। दुर्भावनापूर्ण कार्यक्रमों से बचाने के लिए अपने उपकरणों पर प्रतिष्ठित एंटीवायरस और एंटी-मैलवेयर सॉफ़्टवेयर का उपयोग करें जो आपकी जानकारी चुरा सकते हैं। 4। फ़िशिंग और घोटाले के लिए बाहर देखो वेबसाइट सुरक्षा सत्यापित करें। किसी भी व्यक्तिगत जानकारी को दर्ज करने से पहले, पैडलॉक आइकन की तलाश करें और सुनिश्चित करें कि वेबसाइट का पता ''https'' (''प'' सुरक्षित के लिए खड़ा है) से शुरू होता है। फ़िशिंग प्रयासों को पहचानें। फ़िशिंग घोटालों में अक्सर ईमेल, ग्रंथ या कॉल शामिल होते हैं जो एक वैध कंपनी या सरकारी एजेंसी से प्रतीत होते हैं। वे आपको व्यक्तिगत जानकारी प्रकट करने में छल करने की कोशिश करते हैं। वर्तनी त्रुटियों, असामान्य ईमेल पते या तात्कालिकता की भावना जैसे संकेतों की तलाश करें। संदिग्ध लिंक या अटैचमेंट पर क्लिक न करें। यदि कोई ईमेल या संदेश संदिग्ध लगता है, तो किसी भी लिंक पर क्लिक न करें या किसी भी अनुलग्नक को डाउनलोड न करें। इसके बजाय, लॉग इन या उनसे संपर्क करने के लिए सीधे कंपनी की आधिकारिक वेबसाइट पर जाएं। 5.। अपने डिजिटल पदचिह्न की निगरानी करें नियमित रूप से अपने खातों की जांच करें। किसी भी संदिग्ध लेनदेन के लिए अपने बैंक और क्रेडिट कार्ड के बयानों पर नजर रखें। अपनी क्रेडिट रिपोर्ट की निगरानी करें। आप अपने नाम पर खोले गए किसी भी नए खाते या क्रेडिट की लाइनों की जांच करने के लिए प्रत्येक प्रमुख क्रेडिट ब्यूरो से अपनी क्रेडिट रिपोर्ट की एक मुफ्त प्रति प्राप्त कर सकते हैं। आप नए खातों को खोलने से रोकने के लिए क्रेडिट फ्रीज रखने पर भी विचार कर सकते हैं। संवेदनशील दस्तावेज। व्यक्तिगत जानकारी के साथ पुराने बिलों, बैंक स्टेटमेंट या अन्य दस्तावेजों का निपटान करते समय, शारीरिक पहचान की चोरी को रोकने के लिए उन्हें साझा करना सुनिश्चित करें।

## सेहत मंत्र

# दिल की खतरनाक बीमारी है कन्जेस्टिव हार्ट फ़ेल्योर

जब हमारे हृदय को अपनी जरूरत के हिसाब से रक्त नहीं मिलता, तो उस स्थिति को कंजेस्टिव हार्ट फैल्योर या सीएचएफ कहते हैं। इस अवस्था में दिल के आस-पास की नसों के जरिए खून का संचार सही प्रकार से नहीं हो पाता। कंजेस्टिव हार्ट फैल्योर का सबसे ज्यादा असर फ़ेफड़ों, पैर और पेट पर पड़ता है। सीएचएफ को क्रोनिक हार्ट फैल्योर के नाम से भी जाना जाता है। दिल इस स्थिति के लिए सबसे ज्यादा उच्च रक्तचाप, कोरोनरी हृदय रोग, कार्डियोमायोपैथी और दिल की अन्य बीमारियां जिम्मेदार हैं। लेकिन अगर दिल का दौरा पहले भी पड़ चुका है तो उसका असर बाद में पड़ता है और कंजेस्टिव हार्ट फ़ेलर की स्थिति होती है। कांजेस्टिव हार्ट फ़ेल्योर के कारणः मोटापे के कारण, संतृप्त वसा और उच्च कोलेस्ट्रॉल युक्त आहार का सेवन करना।, उच्च रक?तचाप का होना।, मधुमेह के कारण।, धूम्रपान करने से।, शारीरिक निष्क्रियता के कारण। कंजेस्टिव हार्ट फ़ेल्योर के लक्षणः शारीरिक गतिविधि के दौरान सांस लेने में दिक्कत होना, सामान्?य स्थिति में भी सांस लेने में दिक्कत होना, हमेशा थकान का एहसास होना, मांसपेशियों में दर्द होना, टखने और पैर में सूजन होना, पेट में सूजन होना, गले में घरघराहट होना और लगातार खांसी आना। कंजेस्टिव हार्ट फ़ेल्योर का उपचारः दवाओं सेः दवाओं के जरिए दिल की इस बीमारी पर काबू पाया जा सकता है। रक्त संचार को नियमित करने के लिए आप अपने चिकित्सक से सलाह लेकर दवाओं का सेवन कर सकते हैं। दवाओं के सेवन से दिल ठीक से काम करेगा और यह बीमारी नियंत्रित हो सकेगी। हाई ब्लड प्रेशर का इलाजः यदि आपका ब्लड प्रेशर ज्यादा है तो कंजेस्टिव हार्ट फ़ेलर की स्थिति हो सकती है। इसलिए ब्लड प्रेशर को नियंत्रित रख कर इस बीमारी पर काबू पाया जा सकता है। लाइफस्टाइल में बदलावः दिल की बीमारी के लिए सबसे ज्यादा जिम्मेदार लाइफस्टल और खान-पान है। यदि कंजेस्टिव हार्ट फ़ेलर की स्थिति है, तो नियमित रूप से व्यायाम कीजिए, स्मोकिंग बिलकुल न करें, नियमित रूप से डाइट चार्ट का पालन कीजिए, खाने में कम वसा वाले आहार शामिल कीजिए, नमक कम मात्रा में लीजिए।

## धर्म मंत्र

# धन लाभ के लिए दक्षिणावर्ती शंख में गाय का दूध लेकर करें देवी लक्ष्मी का अभिषेक

भाद्रपद मास के शुक्ल पक्ष की अष्टमी से आश्विन मास के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तक महालक्ष्मी व्रत किया जाता है। ये व्रत मुख्य तौर पर महाराष्ट्रीयन परिवारों में किया जाता है। उज्जैन के ज्योतिषाचार्य पं. मनीष शर्मा के अनुसार, इन 15 दिनों में रोज माता लक्ष्मी की पूजा विधि-विधान से की जाती है। इस बार ये व्रत 16 सितंबर, रविवार से शुरू हो रहा है जो 2 अक्टूबर, मंगलवार तक किया जाएगा। इस व्रत के दौरान महालक्ष्मी को प्रसन्न करने के लिए विशेष उपाय किए जाएं तो धन से जुड़ी समस्याओं का समाधान हो सकता है। ये उपाय इस प्रकार हैं... 1. महालक्ष्मी व्रत के दौरान रोज देवी लक्ष्मी के साथ भगवान विष्णु की भी पूजा करें। इससे भी धन लाभ के योग बनते हैं। 2. महालक्ष्मी व्रत के दौरान रोज दक्षिणावर्ती शंख में गाय का कच्चा (बिना उबला) दूध लेकर देवी लक्ष्मी की मूर्ति का अभिषेक करें। 3. महालक्ष्मी व्रत के दौरान रोज किसी लक्ष्मी मंदिर में कमल के फूल अर्पित करें। इससे भी देवी लक्ष्मी की कृपा आप पर बनी रहेगी। 4. इन 15 दिनों कभी भी कमल गट्टे की माला देवी लक्ष्मी को अर्पित करें और बाद में ये माला अपनी तिजोरी में रख लें। 5. देवी पुराण के अनुसार यदि आप धन लाभ की इच्छा रखते हों तो महालक्ष्मी का श्रृंगार सोने, चांदी आदि के आभूषणों से करें। 6. देवी महालक्ष्मी की पूजा में कौड़ी अर्पित करें और बाद में इसे अपने धन स्थान जैसे- तिजोरी या लॉकर में रख लें। 7. महालक्ष्मी व्रत के दौरान श्रीयंत्र या महालक्ष्मी यंत्र अपने पूजा स्थान पर स्थापित करें और रोज इसकी पूजा करें।

## पर्यटन



# सेंट विनसेंट में लें खूबसूरत पहाड़ों के साथ समुद्र में अलग-अलग वॉटर एक्टिविटीज का भी मजा

कैरेबियन आइलैंड पर बसा सेंट विनसेंट बहुत ही खूबसूरत टूरिस्ट डेस्टिनेशन है। जहां यॉट में बैठकर समुद्र घूमने का मजा लिया जा सकता है। यह वॉल्केनो आईलैंड नेचुरली बहुत ही खूबसूरत है। जिसमें स्कूबा डाइविंग से लेकर स्नोर्केलिंग जैसी एक्टिविटीज़ को एन्जॉय किया जा सकता है। यहां कई सारे वॉल्केनो पहाड़ हैं। जिसमें ला सोफियरे सबसे बड़ा पहाड़ है। साल1979 के बाद से इसमें कोई विस्फोट नहीं हुआ है। यहां रहने वाले लोगों को विनसेंटियन्स कहा जाता है लेकिन इनके अलावा यहां ब्रिटिश और फ्रांसीसी लोग भी रहते हैं। 160 किमी के एरिया में फैला सेंट विनसेंट आइलैंड 29 किमी लंबा और 18 किमी चौड़ा है। जो बारबडोस के पूर्व में स्थित है। ये पूरा आइलैंड पहाड़ों और जंगलों से घिरा हुआ है। यहां का औसतन तापमान 18-31 डिग्री के बीच रहता है इसलिए किसी भी मौसम में यहां जाने की प्लानिंग नहीं कर सकते हैं। हां अगस्त में यहां का मौसम सुहावना होता है। जिस दौरान यहां बहुत से टूरिस्ट्स आते हैं। यहां के 95% बीच पर आपको काली रेत देखने को मिलेगी वहीं ग्नेरेडियंस द्वीप में सफ़ेद रेत। काली रेत का इस्तेमाल अब बिल्डिंग इंडस्ट्री में किया जाने लगा है। आईलैंड में घूमने के लिए कई सारी जगहें हैं। हर एक जगह कुछ नया देखने और जानने को मिलता है। साल 2002 में सेंट विनसेंट में अमेरिकन मूवी Pirates of the caribbean: The curse of the black pearl की शूटिंग हुई थी। इसके अलावा और भी कई दूसरी हॉलीवुड फिल्मों की शूटिंग भी यहां हो चुकी है। कुछ ऐसी है इस जगह की खूबसूरती। है कि यहां कई हॉलीवुड फिल्मों की शूटिंग भी होती है। यहां तक कि अमेरिकन एडवेंचर फिल्में भी यहां शूट होती हैं। स्थानीय लोगों को भी शूटिंग के दौरान कई मौके मिलते हैं। 2.5 स्क्वेयर किमी में फैले इस छोटे से आइलैंड पर बोट द्वारा ही पहुंचा जा सकता है। ये जगह सनबेथिंग के लिए परफ़ेक्ट है। साउथ ग्नेरेडियंस में टोबैगो केज में स्वीमिंग से लेकर स्नोर्केलिंग दोनों का ही मजा ले सकते हैं। यहां का क्रिस्टल क्लीयर वॉटर टूरिस्टों को अपनी ओर आकर्षित करता है। हरे-नीले पानी और सफ़ेद रेत वाला ये आइलैंड बहुत ही खूबसूरत है। जहां आप स्नोर्केलिंग को एन्जॉय कर सकते हैं। आसपास नारियल के हरे-भरे पेड़ इस जगह की खूबसूरती को दोगुना करते हैं।

# कर्मयोग : एक अंतहीन यात्रा' ! माटी के लाल ने चमकाया मातृभूमि का ललाट

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। उत्तर प्रदेश की सांस्कृतिक और शैक्षिक भूमि बाराबंकी ने एक बार फिर इतिहास रच दिया।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस पर दूरदर्शन ओरिजिनल्स द्वारा प्रस्तुत विशेष डॉक्यूमेंट्री 'कर्मयोग : एक अंतहीन यात्रा' में बाराबंकी का नाम राष्ट्रीय मंच पर गूंजने से जिले को गर्व महसूस हो रहा होगा। यह डॉक्यूमेंट्री न केवल बाराबंकी की प्रतिभा को प्रदर्शित करती है, बल्कि सुमंगलदीप त्रिवेदी जैसे युवा की मेहनत और क्षमता को भी उजागर करती है।

सुमंगल दीप त्रिवेदी द्वारा तैयार किए गए रिसर्च और कॉन्सेप्ट ने इस डॉक्यूमेंट्री को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। यह देखना उत्साहजनक है कि कैसे स्थानीय प्रतिभाएं राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना रही हैं और अपने काम से दूसरों को प्रेरित कर रही हैं।

सुमंगल दीप त्रिवेदी की डॉक्यूमेंट्री और युवा वैज्ञानिक पूजा पाल की उपलब्धियां बाराबंकी की प्रतिभाओं को राष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शित करती हैं।

कहते है जब माटी (प्रतिभा), मंथन (परिश्रम) और मार्गदर्शन (शिक्षक का समर्पण) एक साथ आते हैं, तो स्थानीय प्रतिभाएं वैश्विक पहचान बना लेती हैं। यह एक ऐसा महत्वपूर्ण संदेश है जो युवाओं को प्रेरित कर सकता है।





प्रधानमंत्री मोदी पर डॉक्यूमेंट्री बनाने से बाराबंकी को राष्ट्रीय फलक पर पहचान मिली है, जो निश्चित रूप से आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं, जिनमें सेवा पखवाड़ा, स्वास्थ्य शिविर, और अन्य सामुदायिक गति विधियाँ शामिल होती हैं।

इस डॉक्यूमेंट्री का रिसर्च और कॉन्सेप्ट बाराबंकी के ही युवा सपूत सुमंगल दीप त्रिवेदी ने तैयार किया। यह रचना केवल प्रधानमंत्री मोदी के विराट व्यक्तित्व का दर्पण नहीं, बल्कि भारत की आत्मा और उसकी विकास यात्रा का जीवंत चित्रण है। डॉक्यूमेंट्री में प्रधानमंत्री मोदी के जीवन और कृतित्व को पंचतत्व, 'क्षिति, जल, पावक, गगन और समीर' से जोड़ा गया है। इन तत्वों के माध्यम से उनके जीवन दर्शन, कर्मयोग और देश की विविध प्रगतियों को प्रतीकात्मक रूप में प्रस्तुत किया गया है। यह केवल एक जीवनी नहीं, बल्कि भारत के उदय मान भविष्य की प्रेरणादायी गाथा है। इसी क्रम में, वायु तत्व के अंतर्गत बाराबंकी की प्रतिभाशाली छात्रा पूजा

**महादेवा, कोटवा की धरती धन्य धन्य**

पाल को शामिल किया गया। पूजा पहले ही इंस्पायर अवार्ड से सम्मानित हो चुकी हैं। उनकी यह उपलब्धि न केवल ज़िले का मान बढ़ाती है, बल्कि यह संदेश भी देती है कि, छोटे गांव एवं नगरों की प्रतिभाएं भी राष्ट्रीय और वैश्विक पटल तक पहुंच सकती हैं। पूजा की सफलता के पीछे उनके मेन्टर और शिक्षक राजीव श्रीवास्तव का उल्लेखनीय योगदान रहा है। उन्होंने अपने समर्पण और मार्गदर्शन से यह सिद्ध कर दिया कि, यदि युवाओं को सही दिशा और प्रेरणा मिले, तो उसकी प्रतिभा किसी भी सीमा को पार कर सकती है। डॉक्यूमेंट्री का निर्देशन अमितेश सोनकर ने किया है। लेकिन, इसकी आत्मा और मौलिकता सुमंगलदीप त्रिवेदी की गहन सोच और शोध में निहित है। श्री त्रिवेदी का मानना है कि, ''किसी भी व्यक्ति की सफलता और ऊंचाइयों की यात्रा में उसकी जड़ों का महत्व बहुत अधिक होता है। जड़ें यानी मातृभूमि, परिवार, संस्कृति और परंपराएं जो हमें हमारी पहचान और मूल्यों से जोड़ती हैं।

अर्थात सफलता के साथ-साथ हमें अपनी जड़ों का सम्मान करना चाहिए और उन्हें बनाए रखना चाहिए। इससे हमें अपनी विरासत और संस्कृति को आगे बढ़ाने में मदद मिलती है और हम अपने समाज के लिए एक अच्छा उदाहरण प्रस्तुत कर सकते हैं। हर उपलब्धि सृष्टि रचयिता और पालनहार श्री हरि की कृपा के बिना संभव ही नहीं''।यह क्षण केवल एक डॉक्यूमेंट्री में बाराबंकी की उपस्थिति भर नहीं है, बल्कि यह जिले की सांस्कृतिक और शैक्षिक धरोहर के राष्ट्रीय पटल पर गूंजने का गौरवपूर्ण अवसर है। सुमंगल दीप त्रिवेदी की दृष्टि, पूजा पाल की उपलब्धि और शिक्षक राजीव श्रीवास्तव का समर्पण यह सिद्ध करता है कि, जब माटी, मंथन और मार्गदर्शन एक हो जाएं, तो स्थानीय प्रतिभाएं वैश्विक पहचान बना लेती हैं। वास्तव में, प्रधानमंत्री मोदी की इस डॉक्यूमेंट्री ने बाराबंकी को ऐसा गौरव प्रदान किया है, जो आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का शाश्वत स्रोत बनेगा। इसमें तनिक भी संदेह नहीं। महादेवा और कोटवा की धरती धन्य हुई। पूजा पाल का घर सांप्रदायिक एकता के तीर्थ श्री कोटवाधाम सिरौली गौसपुर के सन्निकट तो सुमंगल दीप त्रिवेदी लोधेश्वर महादेवा के करीबी हैं।

## स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान एवं पोषण अभियान कार्यक्रम का शुभारंभ

सुलतानपुर। कमला नेहरू इंस्टिट्यूट ऑफ चाइल्ड एजुकेशन, करौंदिया में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा निर्धारित कार्यक्रम ह्लस्वस्थ नारीदृसशक्त परिवार अभियान एवं पोषण अभियानङ्क का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर शिक्षिकाओं और छात्राओं को स्वास्थ्य और पोषण के महत्व की जानकारी दी गई। प्रार्थना सभा में समन्वयक रेनू सिंह ने बताया कि एक स्वस्थ नारी ही सशक्त परिवार और सशक्त समाज की आधारशिला है। महिला स्वास्थ्य को मजबूत बनाने के लिए संतुलित आहार, योग, नियमित व्यायाम और समय-समय पर स्वास्थ्य जांच को आवश्यक बताया। साथ ही पोषण अभियान के अंतर्गत कुपोषण को मिटाने और प्रत्येक महिला व बच्चे तक पर्याप्त पोषण पहुँचाने का संकल्प लिया गया। सुबह की प्रार्थना सभा में विद्यालय के शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राओं ने सक्रिय भागीदारी की।प्रधानाचार्य डॉ.एन.डी.सिंह ने बताया कि इस तरह के आयोजन समाज में छात्राओं एवं शिक्षिकाओं के सशक्तिकरण और स्वस्थ भारत के निर्माण में अहम भूमिका निभाते हैं। उन्होंने जागरुक करते हुए बताया कि कार्बोहाइड्रेट और वसा शरीर को ऊर्जा प्रदान करते हैं और प्रोटीन शरीर में ऊतकों की मरम्मत, रुधिर कणिकाओं का निर्माण, एंटीबॉडीज, हार्मोन तथा न्यूरोट्रांसमीटर आदि का निर्माण करता है।

# समाधान दिवस में जनता से सीधे रूबरू हुए एसडीएम अनुराग और ज्वाइंट मजिस्ट्रेट गुंजिता

**जनता और प्रशासन के बीच संवाद का सशक्त माध्यम बना संपूर्ण समाधान दिवस**




कैनविज टाइम्स संवाददाता

रामसनेहीघाट ,रामनगर, बाराबंकी। शनिवार को तहसील सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में उपजिलाधिकारी अनुराग सिंह और तहसील रामनगर में एसडीएम एवं ज्वाइंट मजिस्ट्रेट गुंजिता अग्रवाल ने फरियादियों की समस्याओं को पूरी गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ सुना। रामसनेहीघाट में राजस्व विभाग से 29, पुलिस से 8, विकास से 3, आपूर्ति से 3, विद्युत से 5 और अन्य विभागों से 2 सहित कुल 50 शिकायती पत्र प्राप्त हुए। इनमें से 4 मामलों का मौके पर ही निस्तारण किया गया, जबकि शेष को संबंधित अधिकारियों को शीघ्र समाधान के लिए भेजा गया। मौके पर तहसीलदार शशांक नाथ उपाध्याय, नायब तहसीलदार उमेश द्विवेदी, बीईओ संजय कुमार राय सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। तहसील रामनगर में आयोजित समाधान दिवस में कुल 49 शिकायतें दर्ज हुईं, जिनमें 26 राजस्व, 13 पुलिस, 7 विकास, 1 विद्युत, 1 वन विभाग और 1 बैंक से जुड़ी थीं। मौके पर 6 शिकायतों का तत्काल निस्तारण किया गया। एसडीएम गुंजिता अग्रवाल ने अधिकारियों को लंबित मामलों के शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए और कहाः ''संपूर्ण समाधान दिवस जनता और सरकार के बीच संवाद का सशक्त सेतु है। इसका उद्देश्य लोगों की समस्याओं का त्वरित और प्रभावी निस्तारण करना है।'' कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे और फरियादियों ने प्रशासन की तत्परता और गंभीरता को देखकर संतोष जताया। यह आयोजन जनता और प्रशासन के बीच विश्वास और सहयोग को और मजबूती देने वाला साबित हुआ।

## ऑनलाइन गेम से गई मासूम यश की जान, सपा प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व विधायक पहुंचे शोकग्रस्त परिवार के बीच

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। मोहनलालगंज विधानसभा क्षेत्र के धनुवा साड़ गांव में एक दर्दनाक घटना ने पूरे क्षेत्र को स्तब्ध कर दिया। छठी कक्षा में पढ़ने वाले 13 वर्षीय यश कुमार यादव ने ऑनलाइन गेम की लत में अपने पिता के बैंक खाते से करीब 13 लाख रुपये गंवा दिए। इस भारी मानसिक दबाव और डर के चलते उसने आत्महत्या जैसा खौफनाक कदम उठा लिया। बताया गया कि यश अपने पिता सुरेश कुमार यादव का मोबाइल फोन इस्तेमाल करता था, जिसमें बैंक खाते की जानकारी लिंक थी। ऑनलाइन गेमिंग एप्लिकेशन के ज़रिए वह लगातार पैसा खर्च करता रहा, जिसकी भनक परिवार को तब लगी जब खाते से मोटी रकम निकल चुकी थी। बेटे की ऐसी आकस्मिक मौत ने पूरे परिवार को गहरे सदमे में डाल दिया है। घटना की जानकारी मिलते ही समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल गांव पहुंचे और शोक संतप्त परिवार से मुलाकात कर संवेदना व्यक्त की। उन्होंने परिजनों को ढाढ़स बंधाया और ग्रामवासियों से बातचीत में कहा कि ''ऑनलाइन गेम्स बच्चों के जीवन के लिए एक छिपा हुआ खतरा बन चुके हैं। माता-पिता को चाहिए कि वे अपने बच्चों की गतिविधियों पर सतत निगरानी रखें और उन्हें मोबाइल की लत से बचाएं। इस मौके पर पूर्व विधायक अम्ब्रीश सिंह पुष्कर ने भी पीड़ित परिवार के प्रति गहरी संवेदना प्रकट की और कहा, ''यह घटना केवल एक परिवार की नहीं, बल्कि पूरे समाज के लिए एक चेतावनी है। ऑनलाइन गेम्स और वर्चुअल दुनिया बच्चों को वास्तविकता से दूर कर रही है। सरकार को चाहिए कि वह ऑनलाइन गेमिंग को नियंत्रित करने के लिए ठोस नीति बनाए। साथ ही, माता-पिता को भी सतर्क रहने की जरूरत है। सपा के कई अन्य वरिष्ठ नेता और पदाधिकारी भी मौके पर पहुंचे, जिनमें जिला अध्यक्ष जय सिंह जयंत, प्रदेश उपाध्यक्ष सी. एल. वर्मा, शब्बीर खान, शशिलेंद्र यादव, मनोज पाल, प्रवक्ता मनोज यादव, संदीप यादव, राकेश यादव, ग्राम प्रधान पदम सिंह यादव, अभिषेक दीक्षित, राम सरोहन यादव, रामनाथ चौरसिया, मोहम्मद शकील, अशर्फी लाल धीमान, दिलीप यादव, मनीष यादव, अजय पाल, गोलू यादव, सर्वेश कुमार रावत, संतराम रावत, हरी शंकर रावत और राम सुमिरन सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जन मौजूद रहे।

## कृष्ण लीला के दूसरे दिन कंस के अत्याचारों का मार्मिक मंचन, दर्शक हुए भाव-विभोर

कैनविज टाइम्स संवाददाता



मोहनलालगंज। मोहनलालगंज नगर पंचायत के मऊ कस्बे में जय मां दुर्गे श्री कृष्ण लीला समिति द्वारा आयोजित श्रीकृष्ण लीला महोत्सव के दूसरे दिन का मंचन अत्यंत भावुक, मार्मिक और रोमांचकारी रहा। इस दिन की लीला में अत्याचारी कंस के उग्र स्वभाव, उसकी क्रूरता और आकाशवाणी के भय से देवकी-वासुदेव को कारागार में डालने की कथा का सजीव मंचन किया गया।लीला की शुरुआत कंस द्वारा अपने पिता राजा उग्रसेन को अपदस्थ कर गद्दी हथियाने और देवकी-वासुदेव को बंदी बनाए जाने से हुई। जैसे-जैसे मंचन आगे बढ़ा, राज्य में फैले भय, धर्म के दमन और कंस के अत्याचारों को कलाकारों ने इतनी जीवंतता से प्रस्तुत किया कि दर्शक भावविभोर हो उठे।कंस के बढ़ते आतंक से व्याकुल देवताओं ने क्षीरसागर जाकर भगवान विष्णु से पृथ्वी पर अवतार लेने की प्रार्थना की। वहीं, नारद मुनि ने भी भगवान विष्णु को धरती पर धर्म की रक्षा के लिए अवतरण का वचन दिलवाया।

आकाशवाणी द्वारा कंस को यह बताया गया कि उसकी मृत्यु उसी की बहन देवकी की आठवीं संतान के हाथों होगी। यह सुनकर भयभीत कंस ने देवकी की हत्या का प्रयास किया, लेकिन वसुदेव ने कूटनीति से उसे टालते हुए अपनी सभी संतानें कंस को सौंपने का वचन दे दिया।इसके पश्चात एक-एक कर कंस ने देवकी की छह संतानों की निर्दयता से हत्या कर दी। सातवें गर्भ में भगवान विष्णु की योगमाया ने लीला रची और भ्रूण को वसुदेव की दूसरी पत्नी रोहिणी के गर्भ में स्थानांतरित कर दिया, जिससे वह संतान बलराम के रूप में प्रकट हुई। इस रहस्य से अनभिज्ञ कंस भ्रमित और भयभीत रहा।मंचन में ''ओम् कंसाय नमः स्वाहा'' जैसे मंत्रों के उच्चारण से धर्म पर हो रहे अत्याचारों को दिखाया गया। ब्राह्मणों और ऋषियों पर हो रहे अत्याचारों को देखकर पंडाल में मौजूद जनसमूह भावुक हो उठा।लीला के अंत में जब आठवीं संतान के जन्म की भूमिका बनी, तो दर्शकों की उत्सुकता चरम पर थी। संपूर्ण पंडाल ''कृष्ण कन्हैया लाल की जय'' के उद्घोष से गूंज उठा।इस मौके पर सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु, दर्शकगण, नगरवासी तथा कृष्ण लीला समिति के पदाधिकारी और कलाकार उपस्थित रहे। आयोजन समिति की ओर से लीला मंचन को सफल बनाने के लिए सभी कलाकारों और सहयोगियों का अभिनंदन किया गया।

### छत से गिरकर महिला की मौत

निंदूरा बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। छत पर चिड़ियों को दाना खिला रही एक महिला हादसे का शिकार हुई। और इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हुई। घुंघटेर थाना क्षेत्र के ओदरिया गांव निवासी मदन मौर्य की 35 वर्षीय पुत्री प्रशंसा मौर्य मायके आई थी। शुक्रवार शाम को वह अपने मकान की छत पर चिड़ियों को दान खिला रही थी। इसी दौरान छत पर पैर फिसल गया और वह नीचे फर्श पर जा गिरी। परिजन तत्काल लखनऊ स्थित एक निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हुई। शनिवार को शव गांव पहुंचते ही कोहराम मच गया। परिजनों ने पुलिस को सूचना दिए बिना ही अंतिम संस्कार कर दिया। थानाध्यक्ष घुंघटेर बेंचू सिंह यादव ने घटना से अनभिज्ञता जताई।

### हृदयाघात से लेखपाल की मृत्यु

रामसनेहीघाट बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। रामसनेहीघाट तहसील क्षेत्र पतुलकी में नियुक्त लेखपाल निशांत श्रीवास्तव की शनिवार को हार्ट अटैक से मृत्यु हुई। वह मूल रूप से फतेपुर पचघरा मोहल्ला के निवासी थे। उनकी मृत्यु की खबर सुनकर तहसील प्रशासन और राजस्व विभाग में शोक की लहर दौड़ गई। साभागार में राजस्व और सभी कर्मचारियों ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन रख कर श्रद्धांजलि दी।एसडीएम अनुराग सिंह, नायब तहसीलदार उमेश द्विवेदी, एसडीएम नायिका आकांक्षा गुप्ता और राजस्व निरीक्षक नानकशरण समेत अधिकारियों ने शोक व्यक्त किया।

### आंदोलन की तैयारी में भाकियू जनशक्ति

सिद्धौर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। आश्वासन के बाद भी जन समस्याओं का निस्तारण न कराए जाने से भाकियू श्रमिक जनशक्ति के पदाधिकारी कार्यकर्ताओं में आक्रोश है। श्रमिक जनशक्ति के युवा मंडल अध्यक्ष ''अयोध्या '' शिवकुमार ने बताया कि समस्याओं के निस्तारण कि मांग को लेकर सिद्धौर खंड विकास अधिकारी को ज्ञापन दिया गया था।जिस पर निस्तारण कराए जाने का आश्वासन तो दिया गया। परंतु महीनों बाद भी नतीजा शूनय रह। जनसमस्याओं के निस्तारण में इस तरह की बरती जा रही लापरवाही को लेकर

# बलात्कार, गला दबाकर महिला की हत्या

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मसौली बाराबंकी। थाना क्षेत्र के ग्राम त्रिलोकपुर के निकट एक 42 वर्षीय तलाकशुदा महिला की हत्या की गई । दो युवकों की निशानदेही पर शारदा सहायक डबल नहर के किनारे झाड़ियों के बीच शव बरामद हुआ। दुष्कर्म कर हत्या की गई।

बताते चले कि शुक्रवार की सुबह गदवापुर निवासी सुरेश शर्मा की 42 वर्षीय तलाकशुदा पुत्री करुणावती शहर स्थित एक निजी अस्पताल में दवा लेने गयी थी देर शाम तक घर वापस न लौटने पर परिजनों ने जब तलाश शुरु की तो पता चला कि देर शाम जहागीराबाद थाना क्षेत्र के ग्राम अछैछा निवासी राजू वर्मा पुत्र मोलहे अपनी बाइक से बिठाकर ले गया है परिजनों की सूचना पर मसौली पुलिस ने राजू व उसके साथी फतेहपुर कोतवाली के ग्राम भट्टपुरवा निवासी जितेंद्र रावत पुत्र मनीराम को हिरासत मे लेकर कड़ाई से पूछताछ की तो अभियुक्तों की निशानदेही पर महिला का शव गदवापुर एवं बेरिया के बीच शारदा सहायक डबल नहर के किनारे झाड़ियों से बरामद हुआ। महिला का शव मिलते ही क्षेत्र मे हड़कंप मच गया और ग्रामीणों की भारी भीड़ जुट गयी मौक़े पर अपर पुलिस अधीक्षक विकास चंद त्रिपाठी, क्षेत्राधिकारी रामनगर गरिमा पंथ, प्रभारी निरीक्षक अमित प्रताप सिंह ने फील्ड यूनिट के तहत घटनास्थल के साक्ष्य एकत्रित किया पुलिस ने पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

**( 18 वर्षो से पति पत्नी के बींच चल रहा था विवाद )**

बीपी शुक्ला इंटर कॉलेज त्रिलोकपुर के सेवानिवर्त गदवापुर निवासी सुरेश शर्मा की पुत्री कृष्णावती की शादी 22 वर्ष पूर्व सीतापुर महमूदाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम जसमंडा पैतेपुर निवासी उमेश शर्मा पुत्र मनीराम के साथ हुई थी तथा एक 20 वर्षीय पुत्र रिशु शर्मा है करीब 18 वर्षो से पति पत्नी के बींच विवाद होने के कारण मामला न्यायालय मे विचाराधीन है कृष्णावती अपने मायके मे पिता के घर रह रही थी तथा सरदार बल्लभभाई पटेल स्कूल बेरिया मे पढ़ाने का कार्य करती थी। घटना से क्षेत्र मे सनसनी फैली हुई है और लोग आरोपियों को कड़ी से कड़ी सजा के लिए आवाज उठा रहे है। आरोपी राजू वर्मा इससे पूर्व दुष्कर्म एव एक 5 वर्षीय बालिका के मुँह मे फ़ेविकोल लगाने के मामले मे जेल जा चुका है आपराधिक प्रवृत्ति का होने के कारण घर परिवार के लोग इससे दूर रहते थे तथा राजू गाँव के ही सुनील वर्मा की पिपरमिंट टंकी पर रहता था।

### शारदीय नवरात्रि सोमवार से, सज रहे हैं पंडाल

रामनगर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। शारदीय नवरात्रि सोमवार 22 सितंबर से प्रारंभ होगी। घट स्थापना की अभिजीत मुहूर्त प्रातः काल 6:09 से 8:06 तक रहेगी। उसके बाद दोपहर में भी घट स्थापना की मुहूर्त मिलेगी। इस बार आदि शक्ति मां दुर्गा जी हाथी पर सवार होकर पृथ्वी लोक पर आ रही हैं। तथा सोमवार का दिन होने के कारण बहुत ही शुभ समय है। हाथी पर सवार होकर मां के आने से भक्तों को अन्न, धन एवं समृद्धि प्राप्त होगी। इस समय शारदीय नवरात्र की पूरे क्षेत्र में तैयारी चल रही है। मठ, मंदिरों की रंगाई, पुताई और सफाई का कार्य चल रहा है।

### एसडीओ ने किया समस्याओं का निस्तारण

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। बदोसराय में विद्युत विभाग ने मेगा कैंप का आयोजन किया। कस्बे के पंचायत भवन में आयोजित कैंप में उपभोक्ताओं की समस्याओं का समाधान किया गया।शनिवार को सुबह 9 बजे से विद्युत अवर अभियंता राज मौर्य और बाबू जीशान के नेतृत्व में कैंप शुरू हुआ। उपखण्ड अधिकारी विमेलश मौर्य ने उपभोक्ताओं की समस्याएं सुनीं और उनका समाधान किया।कैंप में 52 उपभोक्ताओं की शिकायतों का निपटारा किया गया। विभाग ने 337 रसीदें काटकर 6.50 लाख रुपए का राजस्व वसूला। लंबे समय से बिल जमा न करने वाले 32 बड़े बकाएदार उपभोक्ताओं के कनेक्शन काट दिए गए।इस दौरान विद्युत लाइनमैन सहित सभी कर्मचारी मौजूद रहे।

### सेवा दिवस के रूप में मनाया स्थापना दिवस

सुलतानपुर। अधिवक्ता परिषद अवध इकाई सुल्तानपुर द्वारा अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद का 34 वां स्थापना दिवस सेवा दिवस के रूप में आनंद भवन वृद्धाश्रम तोराबखानी सुल्तानपुर में मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री विजय कुमार गुप्ता अपर जनपद न्यायाधीश सुल्तानपुर रहे एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में अधिवक्ता परिषद अवध के प्रांतीय उपाध्यक्ष श्री अनिल दुबे एडवोकेट तथा अध्यक्ष हरिश्चन्द्र दुबे एडवोकेट उपस्थित रहे. कार्यक्रम का संचालन महामंत्री सर्वेश कुमार मिश्रा एडवोकेट ने किया. कार्यक्रम का शुभारम्भ भारत माता की प्रतिमा पर पुष्पार्चन माल्यार्पण से हुआ. कार्यक्रम में अधिवक्ता परिषद के उद्देश्य के बारे में चर्चा की गई तथा सेवा के रूप में संस्था में रहने वाले लोगो को फल वितरण किया गया ।

## दुष्कर्म ,आरोपी को बीस साल का कठोर कारावास

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। विशेष न्यायाधीश,पॉक्सो एक्ट,कोर्ट संख्या 46,असद अहमद हाशमी ने थाना सतरिख से संबंधित एक 06 वर्षीया मासूम के साथ दुष्कर्म करने के मामले में आरोपित राम कैलाश उर्फ कैलाश उर्फ नच्चू को दोषी पाते हुए उसे 20 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई। 20 हज़ार रुपए का अर्थदंड भी लगाया है।जिसे अदा न करने पर राम कैलाश को एक वर्ष का अतिरिक्त सश्रम कारावास और भुगतना पड़ेगा। कोर्ट ने आदेश में लिखा कि आरोपित राम कैलाश द्वारा इस मामले में जेल में बिताई गई अवधि को सजा में समायोजित किया जाएगा। विशेष लोक अभियोजक पॉक्सो एक्ट लव त्रिपाठी के अनुसार मामला थाना सतरिख के एक गांव का है जहां पीड़िता की मां ने प्रार्थना पत्र देकर बताया था कि उसके गांव का ही रहने वाला उसकी पुत्री पीड़िता को बुरी नियत से देखता था। दिनांक 24/05/2025 को जब वह पड़ोस में गई थी, पीड़िता घर पर अकेली थी तभी मौका पाकर आरोपित राम कैलाश उर्फ कैलाश उर्फ नत्थू ने पीड़िता को बहला फुसलाकर अपने घर बुलाया और उसके साथ दुष्कर्म करने की कोशिश की। पीड़िता के चिल्लाने लगी।उसका शोर सुनकर पड़ोसी और वादिनी रामकैलास के घर पहुंचे।तभी रामकैलास वहां से भाग गया था। पुलिस ने आरोपित राम कैलाश के विरुद्ध पॉक्सो एक्ट व बीएनएस की धाराओं में आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया था। जिसमे जज हाशमी ने 19 अगस्त 2025 को मामले की गंभीरता को देखते हुए संज्ञान लेकर अभियोजन को गवाहों को प्रस्तुत करने का आदेश दिया था।अभियोजन ने मामले के शीघ्र निपटारे हेतु गवाहों को प्रस्तुत कर अभियोजन साक्ष्य बंद किए। कोर्ट ने गवाहों के बयान और दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद आरोपित राम कैलाश उर्फ कैलाश उर्फ नच्चू को पीड़िता के साथ दुष्कर्म करने का आरोप साबित पाते हुए उसे 20 वर्ष के सश्रम कारावास और जुर्माना से दंडित किया।

## सुहेलदेव आर्मी का गुस्सा फूटा शौकत अली का पुतला दहन



कैनविज टाइम्स संवाददाता

हैदरगढ़ बाराबंकी । एआईएमआईएम के प्रदेश अध्यक्ष शौकत अली द्वारा चक्रवर्ती सम्राट सुहेलदेव पासी को लुटेरा कहे जाने के विरोध में सुहेलदेव आर्मी का आक्रोश सड़कों पर दिखा। आर्मी के कार्यकर्ताओं ने मुख्य चौराहे पर जोरदार प्रदर्शन कर शौकत अली का पुतला फूंका और नारेबाजी करते हुए कड़ा विरोध दर्ज कराया।इसके बाद सुहेलदेव आर्मी ने मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन नायब तहसीलदार सौरभ कुमार को सौंपकर मांग की कि इस बयानबाजी पर कड़ी कार्रवाई हो।इस विरोध प्रदर्शन में मुख्य रूप से विकास कुमार पासी ब्लॉक अध्यक्ष, कोनी लाही बॉर्डर, दुर्गेश पासी (विधानसभा अध्यक्ष राम कुमार पासी पूरे लोधे सिंह शुभम पासी, अमित पासी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# मिशन शक्ति 5.0 का शुभारंभ जनपद में हुआ सजीव प्रसारण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और आत्मनिर्भरता को लेकर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित मिशन शक्ति 5.0 का शुभारंभ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा किया गया। ह्लसशक्त नारी, समृद्ध प्रदेशङ्क की थीम पर आधारित यह कार्यक्रम महिलाओं की शिक्षा, सुरक्षा, स्वावलंबन और सामाजिक सम्मान सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। राजधानी से हुए इस शुभारंभ का सजीव प्रसारण जनपद में एनआईसी सभागार में आयोजित हुआ।इस अवसर पर प्रदेश सरकार के खाद्य एवं रसद तथा नागरिक आपूर्ति राज्य मंत्री श्री सतीश चंद्र शर्मा,

**मिशन शक्ति की रोल मॉडल सुश्री पूजा पाल को सीएम आवास**

अल्पसंख्यक कल्याण राज्य मंत्री श्री दानिश आजाद अंसारी, विधायक कुर्सी साकेन्द्र प्रताप वर्मा, विधान परिषद सदस्य अंगद सिंह, विधायक हैदरगढ़ दिनेश रावत, जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी, पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय, मुख्य विकास अधिकारी अन्ना सुदन सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारीगण उपस्थित रहे।

**थानों व पुलिस लाइन में प्रसारण**

मुख्यमंत्री जी का उद्बोधन जनपद के सभी थानों व पुलिस लाइन में भी सजीव प्रसारित किया गया। इस दौरान सभी थानों में मिशन शक्ति केंद्रों का शुभारंभ किया गया, ताकि महिलाओं को त्वरित सहयोग व सुरक्षा आसानी से मिल सके।

जनपद की प्रतिभाशाली बेटी पूजा पाल का हुआ सम्मान व परिजन को भेंट किया गया मुख्यमंत्री आवास का स्वीकृत पत्र

मिशन शक्ति 5.0 के शुभारंभ अवसर पर जनपद की प्रतिभाशाली बेटी पूजा पाल को रोल मॉडल के रूप में सम्मानित किया गया। पूजा पाल ने किसानों की मदद के लिए ह्लधूल-रहित थ्रेशर मशीन का आविष्कार किया।मा0 जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने पूजा पाल को बुके व अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया तथा उनके परिजनों को मुख्यमंत्री आवास योजना का स्वीकृत पत्र प्रदान किया।



# बिजनेस/स्पोर्ट्स



# भारत को पाकिस्तान के 'पलटवार' से सतर्क रहना होगा

एजेंसी

दुबई। सट्टेबाजों ने रविवार को दुबई अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में पाकिस्तान के खिलाफ एशिया कप सुपर 4 मुकाबले में भारत की जीत की संभावना लगभग 80 प्रतिशत बताई है, लेकिन क्रिकेट, ज़िंदगी की तरह, शानदार अनिश्चितताओं से भरा है - और पाकिस्तान का चंचल स्वभाव उसे गन्ने के खेत में कोबरा जितना खतरनाक बनाता है। यह मुकाबला सिर्फ़ एक आम खेल नहीं है; यह एक उत्सव है, एक भव्य रंगमंच है जहां भावनाएं तंदूर से भी ज्यादा तेज होंगी। टिकट किसी पंजाबी शादी में जलेबियों से भी तेज़ी से गायब हो गए, और खचाखच भरे घर में हर रन, विकेट और मिसफ़ील्ड का शोर मचने की उम्मीद है। दुनिया भर में लाखों लोग स्क्रीन से चिपके रहेंगे, उस जादुई पल का इंतज़ार करेंगे जो सिर्फ़ भारत-पाकिस्तान मुकाबले में ही मिल सकता है। भारत पूरी ताकत से, अपराजित और आत्मविश्वास से भरा हुआ है। उन्होंने ग्रुप चरण में पाकिस्तान को सात विकेट से हराया था, और उनकी बल्लेबाज़ी किसी नदी की तरह बह रही है। शुभमन गिल टीम को संभाले रखने वाले बांध की तरह हैं,




सूर्यकुमार यादव आसमान को रोशन करने वाले वज्र की तरह हैं, जबकि अभिषेक शर्मा और तिलक वर्मा ऊपरी क्रम में आतिशबाज़ी करते हैं। संजू सैमसन स्टंप के पीछे और मध्य क्रम में विश्वसनीयता लाते हैं, जबकि हार्दिक पांड्या किसी भी विपक्षी टीम की कमर तोड़ने वाला हथौड़ा हैं। गेंद से, भारत किसी सर्जन की छुरी की तरह तेज नजर आता है। कुलदीप यादव धैर्यवान मकड़ी की तरह जाल बुनते हैं, वरुण चक्रवर्ती हवा से करतब दिखाने वाले जादूगर हैं, और अक्षर पटेल टीम को अंतिम रूप देते हैं। फिर जसप्रीत बुमराह हैं - तेज गेंदबाज़ी के रोल्स रॉयस - जो यॉर्कर तीर की तरह सीधे विपक्षी टीम के दिलों में दागने के लिए तैयार हैं। इस बीच, पाकिस्तान इस मुकाबले में असली चॉकलेट का डिब्बा हैः आपको कभी नहीं पता होता कि आपको क्या मिलने वाला है! उन्होंने यूएई को 41 रनों से हरा दिया, उनका शीर्ष क्रम पुराने ट्रैक्टर की तरह लड़खड़ाता रहा। फिर भी, फखर ज़मान के शानदार 50 रनों ने दिखाया कि उनकी क्लास कायम है, जबकि कप्तान सलमान आगा और हसन नवाज मध्यक्रम की मजबूती की कुंजी हैं। पिछले मैच में शाहीन अफरीदी का कैमियो रेगिस्तान में बारिश की तरह अप्रत्याशित था, और मोहम्मद हारिस और मोहम्मद नवाज अंत में पासा पलटने में सक्षम हैं। उनकी गेंदबाजी, हमेशा की तरह, उनका गौरव और तलवार है। नई गेंद के साथ अफरीदी और हारिस रऊफ आग उगल सकते हैं, जबकि नवाज और अबरार अहमद स्पिन के जरिए दबाव बनाने की कोशिश करेंगे। दुबई की पिच एक अस्थिर दोस्त है। शुरुआत में, यह दरवेश में नर्तक की तरह स्विंग और सीम कर सकती है, जिससे अच्छे से अच्छे बल्लेबाज भी परेशान हो सकते हैं। लेकिन जैसे-जैसे शाम ढलती है, यह ढीली पड़ जाती है, जिससे स्ट्रोक बनाने वालों को अपने कंधे खोलने का मौका मिलता है। कसी हुई और चतुराई से गेंदबाजी करने वाले स्पिनर बीच के ओवरों में अपने मौके तलाशेंगे। लस्सी जितनी घनी नमी और बाद में ओस पड़ने की उम्मीद के साथ, लक्ष्य का पीछा करना मई में आमों जितना लुभावना हो सकता है। इतिहास भारत पर मुस्कुरा रहा है, जिसने पिछले पांच टी20 मुकाबलों में से चार जीते हैं, जिसमें पिछले रविवार को मिली जीत भी शामिल है। लेकिन पाकिस्तान की नाटकीयता और पार्टियों को बिगाड़ने की आदत का मतलब है कि अभी तक कोई पटकथा नहीं लिखी गई है। शाहीन की एक तूफानी पारी, फखर का एक कमाल, या नवाज का एक स्पेल पलक झपकते ही सब कुछ बदल सकता है।

# हॉकी इंडिया ने ज्योति सिंह की अगुवाई में ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए जूनियर महिला टीम की घोषणा की

एजेंसी

नयी दिल्ली। हॉकी इंडिया ने शनिवार को ज्योति सिंह की अगुवाई में आगामी ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए 23 सदस्यीय भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम की घोषणा की। इस दौरे पर भारतीय जूनियर महिला टीम 26 सितंबर से दो अक्टूबर तक कैनबरा के राष्ट्रीय हॉकी केंद्र में कुल पांच मैच खेलेगी। पहले तीन मैच ऑस्ट्रेलिया जूनियर महिला टीम के खिलाफ तथा बाद के दो मैच ऑस्ट्रेलिया की हॉकी वन लीग की क्लब टीम कैनबरा चिल के साथ होंगे। यह श्रृंखला दिसंबर में चिली के सैंटियागो में होने वाले एफआईएच हॉकी महिला जूनियर विश्व कप 2025 से पहले भारतीय टीम के लिए एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी।




टीम में देश भर के डिफेंडर, मिडफील्डर और फॉरवर्ड खिलाड़ियों का संतुलित मिश्रण है, जिनका नेतृत्व उनकी कप्तान ज्योति सिंह करेंगी, जिन्होंने इस साल की शुरुआत में एफआईएच हॉकी प्रो लीग के दौरान सीनियर टीम में जगह बनाई थी। गोलकीपिंग की ज़िम्मेदारी निधि और एंगिल हर्षा रानी मिंज को सौंपी गई है। डिफेंस में, टीम मनीषा, ज्योति सिंह (कप्तान), लालथंतलुआंगी, ममिता ओरम, साक्षी शुक्ला, पूजा साहू और नंदनी पर निर्भर करेगी। मिडफील्ड में प्रियंका यादव, साक्षी राणा, खैदेम शिलेइमा चानू, रजनी केरकेट्टा, बिनिमा धन, इशिका, सुनीता टोप्पो और अनीशा साहू जैसी प्रतिभाशाली खिलाड़ी शामिल होंगी। वहीं, फॉरवर्ड लाइन में लालरिनपुई, निशा मिंज, पूर्णिमा यादव, सोनम, कनिका सिवाच और सुखवीर कौर शामिल हैं। टीम चयन को लेकर भारतीय जूनियर महिला टीम के कोच तुषार खांडेकर ने कहा, यह युवा खिलाड़ियों का एक प्रतिभाशाली समूह है जो प्रशिक्षण में कड़ी मेहनत कर रहे हैं। हमने सभी विभागों में सही संतुलन बनाने की कोशिश की है, ऐसे खिलाड़ियों के साथ जो किसी भी परिस्थिति में ढल सकें। हालांकि वे युवा हैं, वे अपनी उम्र के हिसाब से काफी अनुभवी हैं और एक साथ बहुत अच्छा खेल रहे हैं।

## गावस्कर ने ओमान के खिलाफ बल्लेबाजी नहीं करने के सूर्यकुमार के फैसले का समर्थन किया

दुबई। महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर ने भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव के ओमान के खिलाफ एशिया कप के अपने अंतिम ग्रुप मैच में अपने साथियों को आगे भेजने और खुद बल्लेबाजी करने के लिए नहीं उतरने के फैसले का समर्थन किया। भारत ने संयुक्त अरब अमीरात और पाकिस्तान पर जीत के बाद पहले ही सुपर 4 में जगह पक्की कर ली थी, इसलिए सूर्यकुमार ने निचले क्रम के बल्लेबाजों को खेलने का मौका देने के लिए बल्लेबाजी क्रम में फ़ेरबदल किया, यहां तक कि खुद को 11वें नंबर पर धकेल दिया। गावस्कर ने सोनी स्पोर्ट्स पर पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज इरफान पठान के साथ बातचीत में कहा, ''अगर वह एक ओवर भी बल्लेबाजी करते तो कुछ चौके और छक्के लगा सकते थे और यह उनके लिए अच्छा होता।

# ओलंपिक की तरह मिलान-कॉर्टिना खेलों में भी तटस्थ रूप से भाग लेगा रूसः आइओसी

एजेंसी

मिलान। रूस के खिलाड़ियों को अगले वर्ष होने वाले मिलान-कॉर्टिना शीतकालीन खेलों में भाग लेने की अनुमति दी जाएगी, लेकिन अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आइओसी) ने कहा कि उसने कभी भी इजरायल पर प्रतिबंध लगाने पर चर्चा नहीं की। आईओसी ने शुक्रवार को मिलान में कार्यकारी बोर्ड की बैठक के बाद पुष्टि की कि वह पिछले वर्ष पेरिस ओलंपिक खेलों में अपनाई गई प्रणाली का पालन करेगा, जिसके तहत रूस के खिलाड़ियों को व्यक्तिगत तटस्थ खिलाड़ी के रूप में प्रतिस्पर्धा करने की अनुमति दी जाएगी। आईओसी अध्यक्ष क्रिस्टी कोवेंट्री ने कहा, ''हमने मिलान-कॉर्टिना खेलों में व्यक्तिगत तटस्थ खिलाड़ियों को लेकर बात की। कार्यकारी बोर्ड बिल्कुल वही दृष्टिकोण अपनाएगा जो पेरिस ओलंपिक खेलों में अपनाया गया था। इसमें कुछ भी बदलाव नहीं हुआ है। रूस के यूक्रेन पर हमले के बाद आईओसी ने 2023 में रूसी ओलंपिक समिति को निलंबित कर दिया था। इसके बाद से ही रूस के खिलाड़ी विभिन्न प्रतियोगिताओं में व्यक्तिगत तटस्थ खिलाड़ी के रूप में भाग ले रहे हैं। इजरायल के गाजा में हमले के बाद उस पर भी इस तरह का प्रतिबंध लगाने की मांग की जा रही है।

इस बारे में पूछे जाने पर कोवेंट्री ने कहा, ''इस कार्यकारी बोर्ड और किसी अन्य कार्यकारी बोर्ड में हमने एनओसी (राष्ट्रीय ओलंपिक समितियों) का प्रतिनिधित्व नहीं करने पर चर्चा नहीं की है। आईओसी ने पहले कहा था कि इजरायल ने रूस की तरह ओलंपिक चार्टर का उल्लंघन नहीं किया है, जिसने पूर्वी यूक्रेन के क्षेत्रों पर कब्जा कर लिया था।

# जेफरसन-वुडन का विश्व चैंपियनशिप में स्वर्णिम स्प्रिंट डबल

एजेंसी

टोक्यो। अमेरिकी मेलिसा जेफरसन-वुडन ने शुक्रवार को विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में स्वर्णिम स्प्रिंट डबल पूरा किया। उन्होंने महिलाओं की 200 मीटर दौड़ में शानदार जीत हासिल की और 100 मीटर में भी अपना खिताब जोड़ा। 24 वर्षीय इस खिलाड़ी ने 21.68 सेकंड का विश्व रिकॉर्ड बनाते हुए अपने करियर का चौथा विश्व खिताब जीता। वह पिछली दो चैंपियनशिप में अमेरिका की विजेता 4x100 मीटर रिले टीमों का भी हिस्सा थीं। ब्रिटेन की एमी हंट ने 22.14 सेकंड के समय के साथ रजत पदक जीता, जबकि जमैका की गत चैंपियन शेरिका जैक्सन ने 22.18 सेकंड के समय के साथ कांस्य पदक जीता। इस बीच अमेरिकी स्प्रिंट सनसनी नोआ लाइल्स ने पुरुषों की 200 मीटर दौड़ में 19.52 सेकंड का प्रभावशाली समय निकालकर लगातार चौथी जीत हासिल की। 28 वर्षीय लाइल्स ने चार




विश्व चैंपियनशिप में अपना छठा स्वर्ण पदक हासिल किया, जिसमें बुडापेस्ट में 100 मीटर का खिताब और दोहा तथा बुडापेस्ट में 4x100 मीटर रिले में स्वर्ण पदक शामिल हैं। दो बार के ओलंपिक रजत पदक विजेता केनेथ बेडनारेक ने सत्र का सर्वश्रेष्ठ 19.58 सेकंड का समय निकालकर रजत पदक जीता और अमेरिका को पहला-दो स्थान दिलाया। जमैका के ब्रायन लेवेल ने 19.64 सेकंड के व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ समय के साथ कांस्य पदक जीता। इस सप्ताह के शुरू में 100 मीटर दौड़ में रजत पदक जीतने वाले बोत्सवाना के लेत्सिले तेबोगो, 19.65 सेकंड के समय के साथ चौथे स्थान पर रहकर पोडियम से चूक गए। पुर्तगाल के टोक्यो ओलंपिक चैंपियन पेड्रो पिचार्डो ने पुरुषों की ट्रिपल जंप में जीत हासिल की। उन्होंने अपने अंतिम प्रयास में 17.91 मीटर का विश्व रिकॉर्ड बनाया। 32 वर्षीय इस खिलाड़ी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए तीन साल पहले यूजीन में जीत के बाद अपना दूसरा विश्व खिताब हासिल किया। इटली के एंड्रिया डल्लावाले ने 17.64 मीटर की छलांग लगाकर रजत पदक जीता, जबकि क्यूबा के लाज़ारो मार्टिनेज ने इस सीजन का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 17.49 मीटर की छलांग लगाकर कांस्य पदक जीता। टोक्यो ओलंपिक में रजत पदक विजेता चीन के झू यामिंग 16.51 मीटर के साथ 11वें स्थान पर रहे। ओलंपिक चैंपियन अमेरिका के राय बेंजामिन ने पुरुषों की 400 मीटर बाधा दौड़ में सीजन का सर्वश्रेष्ठ 46.52 सेकंड का समय लेकर जीत हासिल की। 28 वर्षीय अमेरिकी ने फाइनल में अपना दबदबा बनाते हुए अपना पहला विश्व आउटडोर खिताब हासिल किया। 2022 विश्व चैंपियन और दो बार के ओलंपिक कांस्य पदक विजेता, ब्राज़ील के एलिसन डॉस सैंटोस ने 46.84 सेकंड के समय के साथ रजत पदक जीता, जबकि कतर के अब्दर्रहमान सांबा ने 47.06 सेकंड के समय के साथ कांस्य पदक जीता।

# संक्षिप्त समाचार

## नवी मुंबई में होगी महाराष्ट्र की पहली फॉर्मूला नाइट स्ट्रीट रेस

**मुंबई।** महाराष्ट्र खेलों की दुनिया में एक बड़ा कदम उठाने जा रहा है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की मौजूदगी में रेसिंग प्रमोशन्स प्रा. लि. (आरपीपीएल) और नवी मुंबई नगर निगम (एनएमएमसी) के बीच एमओयू साइन किया गया। इंडियन रेसिंग फ़ेस्टिवल (आईआरएफ) का भव्य फिनाले दिसंबर 2025 में आयोजित किया जाएगा। इस घोषणा के साथ मुंबई को उसका पहला एफआईए-ग्रेड स्ट्रीट रेसिंग सर्किट मिलने जा रहा है, जो शहर को वैश्विक खेल कैलेंडर पर मजबूती से स्थापित करेगा। पहली बार नवी मुंबई की सड़कें रात में जगमगाते फ्लडलाइट्स के बीच हाई-स्पीड रेसिंग ट्रैक में बदलेंगी। यह नाइट रेस भारत में मोटरस्पोर्ट्स का नया इतिहास रचने वाली होगी। महाराष्ट्र के विकास केंद्र और मुंबई मेट्रोपॉलिटन रीजन (एमएमआर) का अहम हिस्सा नवी मुंबई अब वैश्विक मोटरस्पोर्ट्स मानचित्र पर शामिल हो जाएगा। लगभग 3.753 किमी लंबे और 14 टर्न वाले इस एफआईए-ग्रेड स्ट्रीट सर्किट पर ड्राइवरों की रणनीति, तकनीक और कौशल की असली परीक्षा होगी, वहीं दर्शकों को भी शहर की चमचमाती स्काईलाइन के बीच रोमांचक अनुभव मिलेगा। इस इवेंट में भारत और दुनिया के बेहतरीन ड्राइवर हिस्सा लेंगे। दर्शकों को एक रोमांचक नाइट-टाइम डबल हेडर वीकेंड देखने को मिलेगा जिसमें इंडियन रेसिंग लीग (आईआरएल) और एफआईए-प्रमाणित फॉर्मूला 4 इंडियन चैंपियनशिप शामिल होंगी। सर्किट का रास्ता नवी मुंबई की आइकॉनिक पाम बीच रोड से शुरू होगा, जो चौड़ी सड़कों और खूबसूरत नेरुल लेक के किनारे से गुजरते हुए रोमांचक अनुभव देगा। मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा, ह्लहम नवी मुंबई में इंडियन रेसिंग फ़ेस्टिवल को लेकर गर्व महसूस कर रहे हैं। मुंबई स्ट्रीट रेस महाराष्ट्र के मोटरस्पोर्ट्स सफर में ऐतिहासिक मील का पत्थर है। यह न सिर्फ पर्यटन और रोजगार को बढ़ावा देगा, बल्कि युवाओं को रेसिंग, इंजीनियरिंग, टेक्नोलॉजी और इवेंट मैनेजमेंट जैसे क्षेत्रों में भी प्रेरित करेगा। मैं आरपीपीएल और सभी सरकारी विभागों को धन्यवाद देता हूं जिन्होंने मिलकर इस अंतरराष्ट्रीय स्तर के आयोजन को संभव बनाया। आरपीपीएल के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर अखिलेश रेड्डी ने कहा, ''मुख्यमंत्री फडणवीस और एनएमएमसी के मजबूत सहयोग से मुंबई में एक शानदार मोटरस्पोर्ट इवेंट होने जा रहा है। 'सिटी दैट नेवर स्लीप्स' के नाम से मशहूर मुंबई इस नाइट रेस को एक खास और बिजली जैसी रोमांचक ऊर्ज़ा देगा। यह इवेंट भारत में मोटरस्पोर्ट्स के लिए नया मानक स्थापित करेगा। यह आयोजन सिर्फ खेल तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि इसमें ग्लैमर और एंटरटेनमेंट का भी मेल होगा। इसमें मशहूर फिल्मी सितारों और हस्तियों के टीम ओनर्स शामिल होंगे – जॉन अब्राहम (गोवा ऐसेस जेए रेसिंग ), अर्जुन कपूर (स्पीड डेमन्स दिल्ली), सौरव गांगुली (कोलकाता रॉयल टाइगर्स ), सुदीप किच्चा (किच्चा किंग्स बेंगलुरु), नागा चैतन्य (हैदराबाद ब्लैकबर्ड्स) और डॉ. स्वेता सुंदरप आनंद (चेन्नई टर्बो राइडर्स) इंडियन रेसिंग फ़ेस्टिवल पहले ही हैदराबाद और चेन्नई में स्ट्रीट रेसिंग का रोमांच लेकर आ चुका है। 2025 सीजन की शुरुआत कोयंबटूर और चेन्नई से हुई थी, इसके बाद तीसरा और चौथा राउंड क्रमशः कोयंबटूर और गोवा स्ट्रीट सर्किट में होगा। अब मुंबई के जुड़ने से यह फ़ेस्टिवल भारत में एक स्थायी और विश्वस्तरीय मोटरस्पोर्ट्स इकोसिस्टम बनाने की दिशा में बड़ा कदम होगा। दिसंबर में, इंजनों की गड़गड़ाहट, दर्शकों की गूंज और नवी मुंबई की जगमगाती स्काईलाइन के बीच, यह इवेंट उस जगह बनेगा जहां स्पीड और स्पेक्टेकल (रोमांचक नज़ारा) का अनोखा संगम होगा।

## श्रीलंका की टीम से जुड़े वेल्लालगे

**दुबई।** अपने पिता के निधन के कारण स्वदेश लौटने वाले श्रीलंका के हरफनमौला खिलाड़ी दुनिथ वेल्लालगे वापस टीम से जुड़ गए हैं और शनिवार को बांग्लादेश के खिलाफ एशिया कप सुपर 4 मैच में चयन के लिए उपलब्ध रहेंगे। वेल्लालगे के पिता सुरंगा का गुरुवार रात को 54 वर्ष की उम्र में दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया था। उसी दिन इस 22 वर्षीय स्पिनर ने अफगानिस्तान के खिलाफ श्रीलंका के ग्रुप बी लीग मैच में हिस्सा लिया था। इस युवा खिलाड़ी को मैच के बाद ही अपने पिता के निधन की खबर पता चली और वह जल्द से जल्द उपलब्ध उड़ान से कोलंबो वापस आ गया। वह शुक्रवार रात टीम मैनेजर महिंदा हालंगोडे के साथ यूएई लौट आया। श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) ने शुक्रवार रात एक बयान में कहा, ''श्रीलंका की टीम यूएई में चल रहे टूर्नामेंट के सुपर 4 चरण अभियान की शुरुआत कल बांग्लादेश के खिलाफ करेगी। वेल्लालगे इस मैच में खेलने के लिए उपलब्ध रहेंगे। बांग्लादेश के खिलाफ मुकाबले के बाद श्रीलंका का सामना 23 सितंबर को पाकिस्तान से और 26 सितंबर को भारत से होगा।

# टिकटॉक के लिए अमेरिका-चीन में समझौता, अगले साल चीन जाएंगे ट्रम्प

एजेंसी

वाशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने शुक्रवार को चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ फोन पर बात की जिसमें दोनों के बीच टिकटॉक को लेकर समझौता, द्विपक्षीय व्यापार तथा कई अन्य मुद्दों पर सहमति बनी। श्री ट्रम्प ने सोशल मीडिया ट्रुथ पर इस वार्ता को ''सफल'' बताते हुये कहा कि दोनों नेता इस साल अक्टूबर के अंत में दक्षिण कोरिया में होने वाले एपेक शिखर बैठक में मुलाकात करेंगे। इसके बाद अगले साल की शुरुआत में अमेरिकी राष्ट्रपति चीन का दौरा करेंगे और बाद में चीनी राष्ट्रपति भी अमेरिका आयेंगे। दोनों देशों के बीच पिछले जो बाइडेन प्रशासन के दौरान रिश्तों में दूरी आ गयी थी। यहां तक कि श्री ट्रम्प भी अब तक चीन के आलोचक रहे थे और उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) के सदस्य देशों से चीन पर शत-प्रतिशत




आयात शुल्क लगाने की अपील की थी। ऐसे में चीन के प्रति उनके रवैये में बदलाव वैश्विक कूटनीति के लिहाज से काफी महत्वपूर्ण है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने अपने पोस्ट में लिखा, ''चीन के राष्ट्रपति शी के साथ काफी सफल बातचीत हुई। हमने व्यापार, फ़ेनटानिल, रूस और यूक्रेन के बीच लड़ाई समाप्त करने और टिकटॉक समझौते समेत कई मुद्दों पर महत्वपूर्ण प्रगति की।'' उन्होंने कहा कि बातचीत अच्छी रही। उन्होंने टिकटॉक समझौते को मिली मंजूरी की सराहना की। बीबीसी की एक रिपोर्ट के अनुसार, इस समझौते के तहत टिकटॉक का अमेरिकी कारोबार कथित तौर पर अमेरिकी निवेशकों के एक समूह को बेचा जायेगा। चीनी कंपनी बाइटडांस द्वारा संचालित टिकटॉक को अमेरिकी प्रशासन ने पहले ही बता दिया था कि उसे अपना अमेरिकी परिचालन बेचना होगा, अन्यथा वहां कारोबार समेटना पड़ सकता है। पिछले साल हुये राष्ट्रपति चुनाव में अपने अभियान के लिए श्री ट्रम्प ने टिकटॉक का काफी इस्तेमाल किया था और राष्ट्रपति बनने के बाद उन्होंने चार बार अमेरिका में उस पर प्रतिबंध लगाने की समय सीमा को आगे बढ़ाया है। फिलहाल यह समय सीमा दिसंबर तक बढ़ा दी गयी है। अपने ब्रिटेन दौरे पर ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टारमर के साथ एक संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान टिकटॉक को लेकर पूछे गये एक प्रश्न के उत्तर में श्री ट्रम्प ने कहा था, ''जो लोग इसमें निवेश कर रहे हैं, वे दुनिया के सबसे महान निवेशकों में से हैं।

# दक्षिण अफ्रीका की महिला टीम ने पाकिस्तान को 25 रन से हराया

एजेंसी

लाहौर। ताजमिन ब्रिट्स (नाबाद 171), लौरा वोल्वार्ट(100) और उसके बाद नादिन डी क्लार्क (तीन विकेट) के शानदार प्रदर्शन की बदौलत दक्षिण अफ्रीका की महिला टीम ने वर्षा बाधित दूसरे एकदिवसीय मुकाबले में पाकिस्तान को डकवर्थ-लुईस-स्टर्न विधि (डीएलएस पद्धति) के तहत 25 रनों से हरा दिया। इसी के साथ दक्षिण अफ्रीका ने तीन मैचों की सीरीज में 2-0 से अजेय बढ़त बना ली है। 313 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पाकिस्तान की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने तीसरे ही ओवर में मुनीबा अली(एक) का विकेट गंवा दिया। इसके बाद ओमैमा सोहेल, सिदरा अमीन की जोड़ी ने पारी को संभालने का प्रयास किया। 11वें ओवर में मसाबाता क्लास ने ओमैमा सोहेल (43) को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। आलिया रियाज (18) रन बनाकर आउट हुई। सिदरा अमीन और नतालिया परवेज की जोड़ी ने चौथे विकेट के लिए 146 रन जोड़े। क्लो ट्रायोन ने सिदरा अमीन (122) को बोल्ड कर इस साझेदारी का अंत किया। इसके बाद दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाजी आक्रमण के आगे पाकिस्तान के बल्लेबाज नियमित अंतराल पर विकेट गंवाते रहे। नतालिया परवेज ने 60 गेंदों में 73 रन बनाये। रमीन शमीम 12 रन बनाकर आउट हुई। शेष बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके। पाकिस्तान की पूरी टीम 44.4 ओवर में 287 के स्कोर पर सिमट गई। ताजिमन ब्रिट्स को उनकी शानदार 171 रनों की पारी के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' से नवाजा गया। दक्षिण अफ्रीका की ओर से नादिन डी क्लार्क ने तीन विकेट लिये। मारिजन कैप, क्लो ट्रायोन को दो-दो विकेट मिले। मसाबाता क्लास, नोंडुमिसो शांगासे ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। पाकिस्तान की महिला टीम ने शुक्रवार रात खेले गये मुकाबले में टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया।

# अमेजन ने असम में अगले दिन डिलीवरी दोगुनी की, प्रीमियम वस्तुओं की मांग में वृद्धि

एजेंसी

गुवाहाटी। ई-कॉमर्स क्षेत्र की प्रमुख कंपनी अमेजन ने असम में उसी दिन और अगले दिन सामान पहुंचाने की श्रेणियों में अपने उत्पादों की डिलीवरीदोगुनी कर दी है। साथ ही प्रीमियम उत्पादों की मांग में भी वृद्धि दर्ज की गई है। अमेजन के एक अधिकारी ने बताया कि असम के 10,000 से अधिक विक्रेताओं को भी अमेजन के जरिए पूरे देश के ग्राहकों तक पहुंचने का फायदा मिला है। अमेजन प्राइम इंडिया की वरिष्ठ प्रबंधक पल्लवी सिंह ने कहा, ङ्कअमेजन इंडिया असम, विशेषकर गुवाहाटी में बढ़ती ग्राहक मांग को पूरा करने की तैयारी कर रही है, जिससे ग्राहकों को बेहतरीन मूल्य, तेज सेवा और व्यापक चयन मिल सके। उन्होंने कहा कि इस त्योहारी सत्र में, गुवाहाटी के ग्राहक अमेजन फैशन और सौंदर्य श्रेणी के प्रीमियम उत्पादों को ज्यादा पसंद कर रहे




हैं। सिंह ने कहा, घड़ियों और लक्जरी सौंदर्य उत्पादों में सालाना आधार पर 30 प्रतिशत की वृद्धि देखी जा रही है। उन्होंने बताया कि असम में आभूषणों की मांग भी सालाना आधार पर 20 प्रतिशत बढ़ रही है। वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि असम के 10,000 से ज्यादा विक्रेता पूरे देश में अमेजन पर घरेलू इस्तेमाल, किराना और खिलौनों जैसी श्रेणी के उत्पादों को बेचते हैं। सिंह ने कहा, अमेजन राज्य के 10,000 से ज्यादा विक्रेताओं को सशक्त बनाता है, साथ ही इस क्षेत्र में सैकड़ों नए रोजगार के अवसर भी पैदा करता है।

# एच1-बी वीजा शुल्क वृद्धि से अमेरिकी नवाचार पर असर पड़ेगाः कांत

एजेंसी

नयी दिल्ली। नीति आयोग के पूर्व मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अमिताभ कांत ने शनिवार को कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा एच1-बी वीजा शुल्क को 1,00,000 अमेरिकी डॉलर करने का निर्णय अमेरिकी नवाचार को प्रभावित करेगा। उन्होंने कहा कि इस फैसले से प्रयोगशालाओं, पेटेंट और स्टार्टअप की अगली लहर अब बेंगलुरु और हैदराबाद जैसे भारतीय शहरों की ओर रुख करेगी, जिससे भारत के नवाचार और प्रगति को नई गति मिलेगी। ट्रंप प्रशासन का कहना है कि इस शुल्क का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि देश में लाए जा रहे लोग वास्तव में अत्यधिक कुशल हों और अमेरिकी मूल के कर्मचारियों की जगह न लें। कांत ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, 'डोनाल्ड ट्रंप का



1,00,000 डॉलर वाला एच1-बी शुल्क अमेरिकी नवाचार को दबा देगा, जबकि भारत के नवाचार को तेज करेगा। वैश्विक प्रतिभा के लिए अमेरिका के दरवाजे बंद होने से अगली पीढ़ी की प्रयोगशालाएं, पेटेंट, नवाचार और स्टार्टअप बेंगलुरु, हैदराबाद, पुणे और गुरुग्राम जैसे शहरों की ओर बढ़ेंगी। भारत के बेहतरीन डॉक्टर, इंजीनियर, वैज्ञानिक और नवप्रवर्तनकारी भारत के विकास और विकसित भारत की दिशा में योगदान देने का अवसर पाएंगे। अमेरिका का नुकसान भारत का लाभ होगा। अमेरिका में वीजा पर काम कर रहे भारतीय पेशेवरों पर प्रतिकूल प्रभाव डालने वाले एक कदम के तहत ट्रंप ने शुक्रवार को एक घोषणापत्र पर हस्ताक्षर किए, जिससे एच1-बी वीजा के लिए शुल्क बढ़कर सालाना 100,000 अमेरिकी डॉलर हो जाएगा। यह आव्रजन पर नकेल कसने के प्रशासन के प्रयासों का नवीनतम कदम है। जेएसए एडवोकेट्स एंड सॉलिसिटर्स के पार्टनर, सजाई सिंह ने शनिवार को कहा कि अमेरिका द्वारा एच1-बी वीजा पर सालाना 1,00,000 अमेरिकी डॉलर का शुल्क लगाने से उन भारतीय आईटी कंपनियों और पेशेवरों के लिए लागत बढ़ेगी, जो इस वीजा पर बहुत ज्यादा निर्भर हैं। इससे उनके व्यापार मॉडल और कमाई पर भी बुरा असर पड़ सकता है।

# शौर्य और पराक्रम की छह दशक लंबी विरासत छोड़ जायेगा मिग-21

एजेंसी

नयी दिल्ली। छह दशक से भी लंबे समय तक भारत की हवाई सीमाओं के प्रहरी रहे और 1965 की लड़ाई से लेकर अभी तक के सभी छोटे-बड़े सैन्य अभियानों में शौर्य और पराक्रम की गाथा लिखने वाले मिग-21 यानी मिकोयान-गुरेविच-21 लड़ाकू विमान को आगामी 26 सितम्बर को वायु सेना अलविदा कहने जा रही है। पिछले दशक तक भारतीय वायु सेना की रीढ और उसके लड़ाकू विमान के बेड़े की शान रहा यह विमान सैन्य विमानन के क्षेत्र में शौर्य और पराक्रम की छह दशक से भी लंबी ऐसी विरासत छोड़ जायेगा जिसे भूला पाना नामुमकिन होगा। मिग-21 ने अपनी ताकत, फुर्ती और सटीक हमलों से भारतीय वायु सेना की मारक क्षमता और उसकी शक्ति को नया आयाम दिया।

वायु सेना ने शनिवार को सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर एक पोस्ट में मिग-21 विमान लड़ाकू विमान को आगामी 26 सितम्बर को अपने बेड़े से विदा करने का ऐलान किया। वायु सेना ने कहा है कि इस लड़ाकू विमान ने अपनी ताकत और पराक्रम से राष्ट्र के गौरव को आसमान तक पहुंचाया। वायु सेना ने पोस्ट में कहा , '' मिग-21- छह दशकों की सेवा, साहस की अनगिनत कहानियां, एक 'युद्ध बाज' जिसने राष्ट्र के गौरव को आसमान में पहुंचाया। मिग-21 को चंडीगढ एयरबेस से विदाई दी जायेगी और अब वायु सेना की नयी ताकत के रूप में देखा जा रहा स्वदेशी हल्का लड़ाकू विमान तेजस मार्क-1 ए इसकी जगह लेगा। मिग-21 विमानों का पहला स्कवैड्रन चंडीगढ में ही बनाया गया था जिसे 'फर्स्ट सुपरसोनिक्स' नाम दिया गया था। रूस ने इस विमान को 1980 के दशक में बनाना बंद कर दिया था लेकिन चार महाद्वीपों के लगभग 60 देशों की वायु सेनाओं की शान रहा मिग-21 अपनी पहली उड़ान के सात दशक बाद भी कुछ देशों में अपनी सेवाएं दे रहा है। सैन्य विमानन इतिहास में सबसे अधिक उत्पादित सुपरसोनिक जेट विमान के नाम कोरियाई युद्ध के बाद सबसे अधिक संख्या में बनाये गये लड़ाकू विमान जैसे कीर्तिमान दर्ज हैं। मिग-21 ने गणतंत्र दिवस परेड के दौरान पहले राजपथ और बाद में कर्तव्यपथ पर सबसे लंबे समय तक अपनी गर्जना से देश की सैन्य शक्ति का प्रदर्शन किया। इसके अलावा मिग -21 ने अपने सेवाकाल में वायु सेना के लिए हजारों प्रशिक्षित पायलट तैयार करने में भी अग्रणी भूमिका निभायी। वर्ष 1963 में वायु सेना के लड़ाकू विमानों के बेड़े में शामिल किये गये मिग-21 ने हर छोटे - बड़े सैन्य अभियान में दुश्मन को पस्त कर आकाश में अपनी धाक जमाई। वायु सेना के पास उस समय यह पहला सुपरसोनिक लड़ाकू विमान था जो ध्वनि की गति से तेज गति से उडान भरने में



सक्षम था। बेड़े में शामिल किये जाने के दो वर्ष बाद ही मिग-21 ने सबसे पहले 1965 की भारत-पाकिस्तान लड़ाई में अपने जौहर दिखाये और दुश्मन की कमर तोड़ दी। इसके बाद 1971 की लड़ाई में इसने ढाका में राजभवन को निशाना बनाकर पाकिस्तान को आत्मसमर्पण के लिए मजबूर कर दिया। उसके बाद करगिल युद्ध के दौरान भी दुश्मन को खदेड़ने में इसने अग्रणी और महत्वपूर्ण भूमिका निभायी। वर्ष 2019 में पुलवामा आतंकवादी हमले के बाद भारतीय सेनाओं की आतंकवादियों के ठिकाने ध्वस्त करने के लिए की गयी बालाकोट एयरस्ट्राइक के जवाब में पाकिस्तानी वायु सेना की कार्रवाई का मुकाबला करते समय विंग कमांडर अभिनंदन वर्धमान के मिग-21 बायसन विमान ने पाकिस्तानी वायु सेना के अत्याधुनिक अमेरिकी लड़ाकू विमान एफ-16 को गिरा दिया था। हालाकि विंग कमांडर अभिनंदन का मिग भी दुश्मन की मिसाइल से दुर्घनाग्रस्त हो गया था। यह विमान लड़ाई के दौरान एफ-104 जैसे शक्तितशाली विमान को भी मिट्टी में मिला चुका है। सबसे लंबे समय तक सेवा में रहने वाले इस विमान के नाम केवल शौर्य और पराक्रम की गाथा ही नहीं है इसे सबसे अधिक पायलटों की मौत के लिए भी याद किया जायेगा। सरकारी आंकड़ों के अनुसार छह दशक के दौरान 400 से भी अधिक मिग विभिन्न कारणों से दुर्घटनाग्रस्त हुए और इनमें लगभग 200 पायलटों की मौत हुई। इतनी बड़ी संख्या में पायलटों की मौत के कारण इस विमान को 'उडते ताबूत' की संज्ञा भी दी गयी। छह दशक के लंबे समय में वायु सेना ने अलग-अलग समय पर 850 से भी अधिक मिग विमान खरीदे। इनमें से आधे से भी ज्यादा का देश के रक्षा क्षेत्र के सार्वजनिक उपक्रम हिन्दुस्तान एरोनॉटिक्स लिमिटेड ने देश में ही असेम्बल किये। अभी वायु सेना के पास केवल 36 मिग विमान बचे हैं। मिग-21 अपनी फुर्ती, सटीक हमलों और तेज गति के कारण अक्सर पायलटों की पहली पसंद रहा।

# देश में चिकित्सक-मरीज अनुपात 1/1000 पूरा करने का प्रयास जारी

एजेंसी

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल में शनिवार को आयोजित एक कार्यक्रम में अटल बिहारी वाजपेयी आयुर्विज्ञान संस्थान (एबीवीआईएमएस) के 11वें दीक्षांत समारोह में 250 स्नातकोत्तर और चिकित्सा विज्ञान के छात्रों और 100 एमबीबीएस स्नातकों के पहले बैच को उपाधियां प्रदान की गईं। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी) के अध्यक्ष डॉ. अभिजात चंद्रकांत सेठ ने की। इस समारोह में स्वास्थ्य सेवा महानिदेशक (डीजीएचएस) डॉ. सुनीता शर्मा और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव डॉ. विनोद कोटवाल भी मौजूद थे। इस समारोह को संबोधित करते हुए डॉ. सेठ ने कहा कि केंद्र सरकार देश भर में 1/1000 का एक समान चिकित्सक-मरीज अनुपात बनाए रखने की विश्व स्वास्थ्य संगठन की सिफ़ारिश को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है, इसके लिए सरकार देश में डॉक्टरों की संख्या बढ़ाने के लिए ज़ोर दे रही है।

डॉ. सेठ ने स्नातक (यूजी) से स्नातकोत्तर (पीजी) के बीच 1:1 का संतुलित अनुपात के लिए जारी प्रयासों को भी साझा किया, जिसका उद्देश्य भारत की स्वास्थ्य सेवा प्रणाली की गुणवत्ता को विकसित देशों के मानकों तक बढ़ाना है। डॉ. सेठ ने राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान परीक्षा बोर्ड और राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग (एनएमसी) द्वारा शुरू की जा रही नवीन पहलों पर भी प्रकाश डाला। डॉ. विनोद कोटवाल ने कहा कि आज का अवसर छात्रों की वर्षों की कड़ी मेहनत का परिणाम है और यह आपकी राष्ट्र के स्वास्थ्य और कल्याण के प्रति आजीवन प्रतिबद्धता की भी शुरुआत है। उन्होंने हाल ही में एबीवीआईएमएस को एनएबीएच मान्यता मिलने पर भी बधाई दी। डॉ. कोटवाल ने छात्रों से आग्रह किया कि वे ज्ञान, खोज और सेवा को अपने मार्गदर्शक सिद्धांतों के रूप में ईमानदारी, करुणा और सम्मान के साथ जारी रखें।

# टिकटॉक के लिए अमेरिका-चीन में समझौता, अगले साल चीन जाएंगे ट्रम्प

एजेंसी

वाशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने शुक्रवार को चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ फोन पर बात की जिसमें दोनों के बीच टिकटॉक को लेकर समझौता, द्विपक्षीय व्यापार तथा कई अन्य मुद्दों पर सहमति बनी। श्री ट्रम्प ने सोशल मीडिया ट्रुथ पर इस वार्ता को ''सफल'' बताते हुये कहा कि दोनों नेता इस साल अक्टूबर के अंत में दक्षिण कोरिया में होने वाले एपेक शिखर बैठक में मुलाकात करेंगे। इसके बाद अगले साल की शुरुआत में अमेरिकी राष्ट्रपति चीन का दौरा करेंगे और बाद में चीनी राष्ट्रपति भी अमेरिका आयेंगे। दोनों देशों के बीच पिछले जो बाइडेन प्रशासन के दौरान रिश्तों में दूरी आ गयी थी। यहां तक कि श्री ट्रम्प भी अब तक चीन के आलोचक रहे थे और उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) के सदस्य देशों से चीन पर शत-प्रतिशत आयात शुल्क लगाने की अपील की थी। ऐसे में चीन के प्रति उनके रवैये में बदलाव वैश्विक कूटनीति के लिहाज से काफी महत्वपूर्ण है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने अपने पोस्ट में लिखा, ''चीन के राष्ट्रपति शी के साथ काफी सफल बातचीत हुई। हमने व्यापार, फ़ेनटानिल, रूस और यूक्रेन के बीच लड़ाई समाप्त करने और टिकटॉक समझौते समेत कई मुद्दों पर महत्वपूर्ण प्रगति की।'' उन्होंने कहा कि बातचीत अच्छी रही। उन्होंने टिकटॉक समझौते को मिली मंजूरी की सराहना की। बीबीसी की एक रिपोर्ट के अनुसार, इस समझौते के तहत टिकटॉक का अमेरिकी कारोबार कथित तौर पर अमेरिकी निवेशकों के एक समूह को बेचा जायेगा। चीनी कंपनी बाइटडांस द्वारा संचालित टिकटॉक को अमेरिकी प्रशासन ने पहले ही बता दिया था कि उसे अपना अमेरिकी परिचालन बेचना होगा, अन्यथा वहां कारोबार समेटना पड़ सकता है। पिछले साल हुये राष्ट्रपति चुनाव में अपने अभियान के लिए श्री ट्रम्प ने टिकटॉक का काफी इस्तेमाल किया था और राष्ट्रपति बनने के बाद उन्होंने चार बार अमेरिका में उस पर प्रतिबंध लगाने की समय सीमा को आगे बढ़ाया है। फिलहाल यह समय सीमा दिसंबर तक बढ़ा दी गयी है। अपने ब्रिटेन दौरे पर ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टारमर के साथ एक संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान टिकटॉक को लेकर पूछे गये एक प्रश्न के उत्तर में श्री ट्रम्प ने कहा था, ''जो लोग इसमें निवेश कर रहे हैं, वे दुनिया के सबसे महान निवेशकों में से हैं। बाइटडांस के एक प्रवक्ता ने शुक्रवार को कहा, 'बाइटडांस मौजूदा कानूनों के अनुसार यह सुनिश्चित करने के लिए काम करेगा कि टिकटॉक अमेरिकी उपयोगकर्ताओं के लिए टिकटॉक यूएस के माध्यम से उपलब्ध रहे।

# आईएसआईएस आतंकी मॉड्यूल के पाँच राज्यों में 'बारूद घर' व रिक्रूटमेंट कैंप बरामद

एजेंसी

नयी दिल्ली। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने हाल ही में जिस आईएसआईएस आतंकी मॉड्यूल का पर्दाफाश किया था उसकी जाँच में कई सनसनीखेज खुलासे हुए हैं। शुरुआती गिरफ्तारियों के बाद पाँच आतंकियों से हुई गहन पूछताछ के आधार पर पुलिस टीमों ने झारखंड, महाराष्ट्र, तेलंगाना, मध्य प्रदेश और बेंगलुरु में कई ठिकानों पर ताबड़तोड़ छापेमारी की है।

दिल्ली पुलिस के एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बरामद ठिकानों को आईएसआईएस के रिक्रूटमेंट कैंप और विस्फोटक फैक्ट्री बताया है। इन जगहों से मिले रसायन, हथियार, लैपटॉप और गुप्त दस्तावेज़ों से यह साफ हो गया है कि यह गिरोह सिर्फ साजिशें नहीं रच रहा था, बल्कि बड़े पैमाने पर हमले करने की ठोस तैयारी में जुटा था। जांच में सबसे बड़ा खुलासा झारखंड की राजधानी रांची से हुआ। यहां अश्हर उर्फ दानिश नाम का आतंकी 2024 से तबारक लॉज में किरायेदार बनकर रह रहा था। बाहर से वह भले ही एसएससी की तैयारी करने वाला छात्र लगता था, लेकिन पुलिस ने पाया कि उसका कमरा विस्फोटक बनाने का अड्डा बन चुका था। छापेमारी में पुलिस को एक किलोग्राम पोटेशियम नाइट्रेट समेत कई खतरनाक रसायन, बम बनाने का सामान और गुप्त दस्तावेज़ मिले। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि दानिश बम बनाने में माहिर था। उसने कबूल किया कि वह सोनरेखा नदी के किनारे जाकर बनाए गए विस्फोटकों का परीक्षण करता था। वह धमाके कर बमों की शक्ति की जाँच करता और फिर सबूत मिटाने के लिए उन्हें नदी में फेंक देता था। स्पेशल सेल की जाँच में सामने आया कि दानिश सीधे पाकिस्तान में बैठे अपने हैंडलर से जुड़ा था। उन्हें इंटरनेट के ज़रिए बम और विस्फोटक तैयार करने की 'क्लास' दी जाती थी। गिरोह ने युवाओं की भर्ती, फंड जुटाने और आतंकी योजनाओं को साझा करने के लिए गुप्त संदेश सेवा पर ल्लइंटर्नस इंटरव्यूऽबिजनेस आइडियाक्ष नाम का एक ग्रुप भी बनाया था। पूछताछ में पता चला कि दानिश ने इंटरनेट से ही 'टीएटीपी' जैसे खतरनाक बम बनाना सीखा और उसकी तस्वीरें अपने साथियों को भेजीं। उसने ऑनलाइन मंचों से चाकू और रसायन तक मंगाए थे। जांच अधिकारियों का कहना है कि ये पाकिस्तान आधारित हैंडलर के निर्देश पर भारत में 'खिलाफत' स्थापित करने और 'गजवा-ए-हिंद' के तहत जिहाद छेड़ने की साजिश रच रहे थे। इनका उद्देश्य भारत में बड़े हमले करना था। इनके निशाने पर भारतीय जनता पार्टी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के बड़े नेता थे। इसके साथ ही कुछ प्रमुख धार्मिक स्थल और वीवीआईपी भी उनकी हिट लिस्ट में शामिल थे। दिल्ली पुलिस ने कुछ दिन पहले ही पाँच आतंकियों - अश्हर उर्फ दानिश, आफ़ताब कुरैशी, सुफियान अबूबकर खान, मोहम्मद हुज़ैफ़ यामन और कामरान कुरैशी को गिरफ्तार किया था। इन्हीं से हुई पूछताछ के बाद उपरोक्त ठिकानों पर छापेमारी की गई, जिनमें विस्फोटक बनाने का सामान, लैपटॉप, मोबाइल, हथियार और कई डिजिटल दस्तावेज़ बरामद हुए।

## पेज एक का शेष

उद्योग और नीति निर्माता...

निर्माता मिलकर इसका समाधान निकालेंगे। इसके साथ ही फैसले से प्रभावित होने वाले पेशवरों के परिवारों पर पड़ने वाले मानवीय प्रभावों को दूर करने की अपील की गई है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रंधीर जायसवाल ने कहा है कि सरकार को एच-1बी वीजा कार्यक्रम पर प्रस्तावित प्रतिबंधों से जुड़ी रिपो?र्ट्स की जानकारी है। भारतीय उद्योग समेत इससे प्रभावित सभी पक्ष इस कदम के पूरे प्रभावों का अध्ययन कर रहे हैं। भारतीय उद्योग ने पहले ही एक प्रारंभिक विश्लेषण जारी किया है, जिसमें वीजा कार्यक्रम से जुड़ी कुछ गलतफहमियों को दूर किया गया है। उन्होंने जोर दिया है कि भारत और अमेरिका दोनों देशों के उद्योग, अन्वेषण व रचनात्मकता में साझेदार हैं। इसलिए, उम्मीद है कि वे मिलकर आगे का सबसे अच्छा रास्ता तय करेंगे। जायसवाल ने आगे कहा है कि, ल्लकुशल प्रतिभाओं का आवागमन और आदान-प्रदान ने अमेरिका और भारत में तकनीकी विकास, आर्थिक वृद्धि, प्रतिस्पर्धात्मकता और धन सृजन में बहुत बड़ा योगदान दिया है। नीति निर्माता हाल के कदमों का मूल्यांकन आपसी फायदों को ध्यान में रखकर करेंगे, इसमें दोनों देशों की जनता के बीच मजबूत संबंध भी शामिल हैं। यह कदम परिवारों के लिए मानवीय समस्याएं पैदा कर सकता है, क्योंकि इससे उनके जीवन में व्यवधान आएगा। अंत में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने उम्मीद जताई है कि अमेरिकी अधिकारी इन समस्याओं का उचित समाधान करेंगे।

नरेन्द्र मोदी एकङङङ

और मोदी-मोदी के नारे लगवाना' विदेश नीति नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि विदेश नीति में राष्ट्रीय हितों को सर्वोच्च रखना चाहिए तथा किसी से मित्रता को विवेक एवं संतुलन के साथ आगे बढ़ाना चाहिए। खरगे ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, 'नरेन्द्र मोदी जी, आपके जन्मदिन पर फोन कॉल के बाद आपको जो जवाबी तोहफा मिला है, उससे भारतीय नागरिकों को दुख होता है। यह आपकी 'अबकी बार, ट्रम्प सरकार' की ओर से जन्मदिन का जवाबी तोहफा है। उन्होंने दावा किया कि एच -1बी वीजा पर एक लाख डॉलर वार्षिक शुल्क भारतीय तकनीकी कर्मचारियों को सबसे अधिक प्रभावित करने वाला है, क्योंकि एच-1बी वीजा धारकों में से 70 प्रतिशत भारतीय हैं। कंग्रेस अध्यक्ष ने कहा, '50 प्रतिशत टैरिफ पहले ही लगाया जा चुका है, अकेले 10 क्षेत्रों में भारत को 2.17 लाख करोड़ रुपये का नुकसान पहले से ही अनुमानित है। अमेरिका का 'हायर' अधिनियम भारतीय आउटसोर्सिंग को लक्षित करता है। उनके मुताबिक, चाबहार बंदरगाह से छूट हटाई गई, जिससे भारत के रणनीतिक हितों को नुकसान होगा। खरगे ने कहा, ' यहां तक कि यूरोपीय संघ से भारतीय वस्तुओं पर 100 प्रतिशत शुल्क लगाने का आह्वान भी किया गया। ट्रंप ने हाल ही में कई बार दावा किया कि उनके हस्तक्षेप से भारत-पाक युद्ध रुक गया। उन्होंने कहा, 'भारतीय राष्ट्रीय हित सर्वोच्च हैं। गले मिलना, खोखले नारे, संगीत कार्यक्रम और लोगों से 'मोदी, मोदी' के नारे लगवाना विदेश नीति नहीं है। खरगे के अनुसार, विदेश नीति भारत के राष्ट्रीय हितों की रक्षा के बारे में है और भारत को प्रथम रखते हुए, मित्रता को विवेक और संतुलन के साथ आगे बढ़ाना होगा। उन्होंने कहा, 'इसे सतही दिखावे तक सीमित नहीं किया जा सकता, जिससे हमारी दीर्घकालिक स्थिति कमजोर होने का खतरा है। लोकसभा में कांग्रेस के उप नेता गौरव गोगोई ने कहा, 'एच1-बी वीजा पर हालिया फैसले से अमेरिकी सरकार ने भारत के सर्वश्रेष्ठ और प्रतिभाशाली दिमागों के भविष्य पर प्रहार किया है। उन्होंने कहा, 'मुझे अभी भी पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की निर्भीकता याद है, जब अमेरिका में एक भारतीय महिला राजनयिक का अपमान किया गया था। गोगोई ने दावा किया कि अब प्रधानमंत्री मोदी की रणनीतिक-चुप्पी और सिर्फ दिखावे की तरकीब अपनाना भारत और उसके नागरिकों के राष्ट्रीय हित के लिए बोझ बन गया है।

100 दुखों की...

6-7 दशकों बाद भी भारत वो सफलता हासिल नहीं कर पाया, जिसके हम हकदार थे। इसके दो बड़े कारण रहे- लंबे समय तक कांग्रेस सरकार ने देश को लाइसेंस कोटा राज में उलझाए रखा। दुनिया के बाजार से अलग-थलग रखा। कांग्रेस सरकार की नीतियों ने देश के नौजवानों का बहुत नुकसान किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, 2047 तक हमें विकसित होना है तो भारत को आत्मनिर्भर होना ही होगा... इसके अलावा कोई विकल्प नहीं है। 140 करोड़ देशवासियों का एक ही संकल्प होना चाहिए- चिप हो या शिप... हमें भारत में ही बनाने होंगे। इसी सोच के साथ आज भारत समुद्री क्षेत्र भी नेक्स्ट जेनरेशन रिफॉर्म करने जा रहा है। इसी सोच के साथ वन नेशन, वन डॉक्यूमेंट और वन नेशन, वन पोर्ट प्रोसेस लागू किया जाना है। भारत को सबसे बड़ी समुद्री शक्ति बनाने के लिए तीन बड़ी योजनाओं पर काम चल रहा है और आने वाले वर्षों में इस पर 70 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा खर्च किए जाएंगे। देश के समुद्री क्षेत्र को मजबूती देने के लिए एक बहुत ऐतिहासिक निर्णय हुआ है... अब सरकार ने बड़े जहाजों को इंफ्रास्ट्रक्चर के रूप में मान्यता दे दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जब देश को अपने जहाज निर्माण (शिपबिल्डिंग) को मजबूत करना चाहिए था, तब कांग्रेस सरकारों ने विदेशी जहाज किराए पर लेना ज्यादा बेहतर समझा। पीएम मोदी ने कहा कि इसके कारण भारत का अपना शिपबिल्डिंग इकोसिस्टम लगभग खत्म हो गया और विदेशी जहाजों पर निर्भरता मजबूरी बन गई। उन्होंने कहा कि करीब 50 साल पहले भारत का लगभग 40% व्यापार अपने ही जहाजों के जरिए होता था, लेकिन अब यह घटकर सिर्फ 5% रह गया है। पीएम मोदी ने कहा कि इसका मतलब यह है कि आज भारत को अपने 95% व्यापार के लिए विदेशी जहाजों पर निर्भर रहना पड़ता है, जिससे देश को भारी आर्थिक नुकसान होता है। इस दौरान प्रधानमंत्री ने इसे आत्मनिर्भर भारत के रास्ते में बड़ी रुकावट बताया और देश को फिर से समुद्री शक्ति बनाने की दिशा में कदम उठाने पर जोर दिया। आज भारत एक अलग मिजाज के साथ आगे बढ़ रहा है। हम जो लक्ष्य तय करते हैं उसे अब समय से पहले पूरा करके भी दिखाते हैं। सोलर सेक्टर में भारत अब अपने लक्ष्यों को चार-चार, पांच-पांच साल पहले हासिल कर रहा है। पीएम मोदी ने कहा, 'देशवासी यह जानकर हैरान रह जाएंगे कि 75 बिलियन अमेरिकी डॉलर यानी करीब 6 लाख करोड़ रुपये हर साल विदेशी शिपिंग कंपनियों को किराए में दिए जाते हैं। यह रकम भारत के रक्षा क्षेत्र के बजट के बराबर है। हमारे पैसों से विदेशों में लाखों नौकरियां बनी हैं। अगर पूर्व सरकारों ने हमारे शिपिंग इंडस्ट्री पर ध्यान दिया होता तो आज दुनिया भारत में बने जहाजों से व्यापार कर रही होती और उसका सीधा लाभ हमारे देश को मिलता। पीएम ने कहा, पूरे देश भर में लाखों लोग सेवा पखवाड़ा मना रहे हैं। मुझे बताया गया है कि गुजरात में भी, पिछले दो-तीन दिनों में ही सेवा पखवाड़ा के दौरान बहुत जगह कार्यक्रम हुए, सैकड़ों जगहों पर रक्तदान शिविर लगे और इनमें अब तक एक लाख लोग ब्लड डोनेशन कर चुके हैं। इसके साथ ही बड़े पैमाने पर स्वच्छता अभियान चलाए जा रहे हैं, जिनमें लाखों लोगों ने भाग लिया। आज मैं ऐसे समय में भावनगर आया हूं, जब नवरात्रि का पर्व शुरू होने वाला है। इस बार जीएसटी में कमी की वजह से बाजारों में रौनक भी ज्यादा रहने वाली है। और ये उत्सव के इसी माहौल में आज हम समुद्र से समृद्धि का महा-उत्सव मना रहे हैं।

व्यवधान के वास्तविक...

चली। सीजीएलई भारत की सबसे बड़ी भर्ती परीक्षाओं में से एक है, जिसमें केंद्र सरकार की नौकरियों के इच्छुक लाखों उम्मीदवार भाग लेते हैं। फीडबैक पोर्टल की शुरुआत को इस प्रक्रिया को और अधिक संवेदनशील और अभ्यर्थी-केंद्रित बनाने की दिशा में एक कदम के रूप में देखा जा रहा है, जिससे यह सुनिश्चित होगा कि परीक्षा प्रणाली की समग्रता को बनाए रखते हुए समस्याओं का वास्तविक समय में समाधान किया जाए।

'गैर न्यायिक ट्रिब्यूनल...

में विश्वास मजबूत होगा। मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई ने ट्रिब्यूनल के फैसलों के खिलाफ बढ़ती अपीलों पर भी बात की। उन्होंने कहा कि कई मामलों में केंद्रीय प्रशासनिक न्यायाधिकरण (कैट) और हाईकोर्ट के निष्कर्ष एक जैसे होते हैं। फिर भी सुप्रीम कोर्ट में अपील दायर की जाती है। ऐसा इसलिए होता है क्योंकि नौकरशाह कोई भी जोखिम लेने से डरते हैं। वे सारा दोष अदालतों पर डालना चाहते हैं। सीजेआई ने कहा कि अगर कोई केंद्रीय एजेंसी यह तय कर सके कि मामला वास्तव में अपील योग्य है या नहीं, तो इससे अदालत में लंबित मामलों में भारी कमी आएगी। हम सभी जानते हैं कि केंद्र सरकार सर्वोच्च न्यायालय और उच्च न्यायालयों में सबसे बड़ी वादी है। मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि हालांकि नागरिकों का अपील करने का अधिकार न्याय की आधारशिला है, लेकिन इस प्रक्रिया के चलते अक्सर मुकदमेबाजी कई साल तक चलती रहती है। इससे ट्रिब्यूनल की स्थापना का उद्देश्य कमजोर होता है। अनेक मामलों में तो सरकारी अधिकारी और कर्मचारी निपटारे से पहले ही सेवानिवृत्ति की आयु तक पहुंच जाते हैं। मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई ने न्यायाधिकरणों के सदस्यों की समान सेवा शर्तों के मुद्दे को उठाया। उन्होंने कहा कि अगर सरकार चाहती है कि हाईकोर्ट के रिटायर्ड जज और अच्छे न्यायिक अधिकारी ट्रिब्यूनल के कार्यालयों में काम करें तो सरकार को पहल करनी होगी। सरकार को ट्रिब्यूनल के अध्यक्ष और सदस्यों की सेवा शर्तों पर पुनर्विचार करना होगा। सीजेआई ने अदालतों में कुछ न्यायाधीशों और न्यायिक अधिकारियों के व्यवहार पर भी टिप्पणी की। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के एक फैसले का हवाला दिया, जिसमें नए विधि स्नातक के लिए न्यायिक सेवा परीक्षा में बैठने से पहले तीन साल का अनुभव होना अनिवार्य कर दिया गया था। उन्होंने कहा कि राज्यों और उच्च न्यायालयों से आंकड़े मांगे गए थे। इसमें पाया गया कि नए विधि स्नातक जिनके पास न्यायालय का कोई अनुभव या अनुभव नहीं था। पहले ही दिन कुर्सी उनके सिर पर चढ़ जाती थी और वे 40 वर्ष और 50 वर्ष के अनुभव वाले वकीलों को धमकाते या परेशान करते थे। सीजेआई ने कहा, ''न्यायाधीशों के रूप में हमें यह भी स्वीकार करना चाहिए कि जज और वकील दोनों ही न्याय के स्वर्णिम रथ के दो पहियों की तरह हैं। कोई भी श्रेष्ठ या कोई भी निम्न नहीं है। जब तक जज और वकील दोनों मिलकर काम नहीं करते, न्याय प्रशासन ठीक से काम नहीं कर सकता। मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि सभी वादी अदालत में इस विश्वास के साथ आते हैं कि उन्हें न्याय मिलेगा। उनके निर्णय को प्रभावित नहीं किया जाएगा। मैं सभी से आग्रह करता हूं कि वे इस जिम्मेदारी का सम्मान न केवल आधिकारिक स्थानों के भीतर, बल्कि बाहर भी करें। कई मायनों में हमारी भूमिकाएं एक नेता की तरह हैं जो हमारे द्वारा निर्धारित परिणामों के माध्यम से कई हजार नागरिकों के जीवन को आकार देंगे। उन्होंने न्याय वितरण प्रणाली में कैट और राज्य ट्रिब्यूनल के योगदान की सराहना की। अटॉर्नी जनरल आर. वेंकटरमणि ने भी कहा कि न्यायाधिकरण लंबित मुकदमों को कम करने में मदद करते हैं।

त्योहारी सीजन में...

से 1.08 करोड़ रुपये तक है। इसमें सरकारी कर्मचारियों को फ्लैट की कीमत का 25 प्रतिशत व सामान्य नागरिकों को 35 प्रतिशत भुगतान करने पर हायर पर्चेज एग्रीमेंट के तहत फ्लैट का कब्जा भी दिया जा रहा है। इसके अलावा कोई भी व्यक्ति किसी भी बहुमंजिला आवासीय योजना (सुलभ आवास एवं ईडब्ल्यूएस को छोड़कर) में एक से अधिक फ्लैट खरीद सकेगा। इन योजनाओं में उपलब्ध हैं फ्लैट गोमती नगर योजना, जानकीपुरम योजना, प्रियदर्शिनी योजना (सीतापुर रोड), अलीगंज योजना, कानपुर रोड योजना, देवपुर पारा योजना, शारदा नगर योजना

पहले बेटियां सुरक्षित...

हैं। इसके अलावा, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह


**उत्तर रेलवे**

**शुद्धि पत्र– 1**

**संख्या : 2025–ए.एम.वी–सी एंड डब्ल्यू ई निविदा–58** **दिनांक 20.09.2025**

**विषय** – निविदा प्रपत्र संख्या: 2025 – ए.एम.वी. – सी एंड डब्लू ईनिविदा – 58 का शुद्धि पत्र

**सन्दर्भ** – निविदा सूचना संख्या: 2025–ए.एम.वी.–सी एंड डब्लू ईनिविदा–58 दिनांक: 19.09.2025

खुलने की तिथि: 13.10.2025

**कार्य का नाम** – सप्लाई एन्ड इंस्टालेशन ऑफ 18 नंबर्स प्री–फैब्रिकेटेड केबिन्स इन कैरिज वर्कशॉप, आलमबाग, लखनऊ।

उपरोक्त निविदा के सन्दर्भ में निविदा में निम्नलिखित परिवर्तन किया गया है।

| क्रम सं. | विवरण | परिवर्तन |
|---|---|---|
| 1 | Detailed Scope of work | Detailed Scope of work की Clause 5(II)3 परिवर्तित कर दी गयी है तथा Clause 5(II)9 जोड़ दी गयी है। |

अन्य सभी नियम और शर्तें अपरिवर्तित रहेंगी। शुद्धिपत्र वेबसाइट www.ireps.gov.in पर Upload कर दिया गया है। 2901/25

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**

**ई–निविदा सूचना**

**निविदा सूचना सं. 2025–ए.एम.वी.–सी एंड डब्लू ईनिविदा–58** **दिनाँक 19.09.2025**

मुख्य कारखाना प्रबंधक, सवारी डिब्बा कारखाना, आलमबाग, लखनऊ निम्न कार्य के लिए ई–निविदा आमंत्रित करते हैं।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | सप्लाई एन्ड इंस्टालेशन ऑफ 18 नंबर्स प्री–फैब्रिकेटेड केबिन्स इन कैरिज वर्कशॉप, आलमबाग, लखनऊ |
| 2 | कार्यस्थल | सवारी डिब्बा कारखाना, आलमबाग, लखनऊ |
| 3 | अनुमानित लागत | रू. 49,42,548.00 मात्र |
| 4 | निविदा प्रपत्र का मूल्य | शून्य |
| 5 | बिड सिक्युरिटी | रू. 98,900/- मात्र |
| 6 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 03 माह। |
| 7 | निविदा जमा करने की तिथि एवं समय | दिनांक 13.10.2025 समय 15.00 बजे तक। |
| 8 | खुलने का समय | निविदा फार्म जमा होने के पश्चात निविदा को किसी भी समय खोला जायेगा। निविदाकर्ताओं को निविदा खुलने के दौरान उपस्थित रहने की आवश्यकता नहीं है। |
| 9 | कार्यालय जहां से निविदा प्रपत्र क्रय किया जा सकता है | निविदा सूचना एवं प्रपत्र का पूर्ण विवरण नियम व शर्तों सहित वेबसाइट www.ireps.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है। |
| 10 | वेबसाइट विवरण जहां निविदा का पूरा विवरण आदि देखा जा सकता है। | |

2900/25

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**

**ई ऑक्शन सूचना**

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक/पी0एस0, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई ऑक्शन से सम्बंधित सूचना।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ–उ०रे०–मण्डल– वाणिज्य/उ०रे० |
| नीलामी सूची सं०/ लॉट सं० | PARKING-LKO-AME-TW-172-25-1 (Parking Two-Wheeler) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 19.09.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 04.10.2025 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 04.10.2025 समय 10:30 बजे |
| नीलामी सूची सं०/ लॉट सं० | PARKING-LKO-NHH-TW-155-25-1 (Parking Mixed) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 19.09.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 04.10.2025 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 04.10.2025 समय 10:40 बजे |
| नीलामी का प्रकार | Close Ended |
| वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है | E- Auction Module of www.ireps.gov.in |

No: C/113-E-Auction Policy/2024/SKS Dt. .09.2025 2896/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# गोबर से अब हरित ऊर्ज़ा बनेगी दिल्ली : रेखा गुप्ता

■ नंगली डेयरी में बायोगैस प्लांट का मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने किया उद्घाटन
■ मुख्यमंत्री ने कहा 11 सालों में आपने गायों को लेकर कुछ क्यों नहीं किया

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नई दिल्ली। दिल्ली के लिए 200 टीडीपी क्षमता वाले पहले बायोगैस प्लांट का उद्घाटन नंगली डेयरी में शनिवार को दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर चल रहे सेवा पखवाड़े के अंतर्गत दिल्ली को यह ऐतिहासिक सौगात मिली है। इस दौरान सांसद कमलजीत सहरावत, कैबिनेट मंत्री आशीष सूद, महापौर राजा इकबाल सिंह, विधायक संदीप सेहरावत समेत अन्य लोग उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह बायोगैस प्लांट न केवल गोबर और डेयरी अपशिष्ट के प्रबंधन का स्थायी समाधान देगा बल्कि हजारों गौशालाओं और डेयरियों की समस्याओं का हल भी बनेगा। अब गोबर से हरित ऊर्ज़ा बनेगी। पर्यावरण स्वच्छ होगा, यमुना का प्रदूषण घटेगा और किसानों और पशुपालकों को भी सहारा मिलेगा। यह पहल प्रधानमंत्री के हरित ऊर्ज़ा अभियान को आगे बढ़ाते हुए दिल्ली को स्वच्छ, आत्मनिर्भर और हरित राजधानी बनाने की दिशा में एक निर्णायक कदम है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह प्लांट 2018 में शुरू होकर 2025 में जाकर पूरा हुआ। केंद्र सरकार ने इस बायोगैस प्लांट के 2018 में पैसे दिए, लेकिन आम आदमी पार्टी (आआपा) सरकार और तत्कालीन मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल इसे अपने कार्यकाल में पूरा ही नहीं कर पाएं। केजरीवाल हर बार काम न पूरा होने का आरोप केंद्र सरकार और प्रधानमंत्री मोदी पर लगाते रहे और दिल्ली के अपने कार्यकाल में कुछ नहीं किया। पिछली सरकारों के दौरान जो गोबर लोगों की परेशानी का सबब बना रहा, उसे हमारी सरकार ने धन कमाने का माध्यम बना दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि हर दिन हजारों टन गोबर दिल्ली की नालियों और नालों पर बहाकर जलजमाव और यमुना नदी को प्रदूषित करता रहा है, आज इस बायोगैस प्लांट के शुरू होने से इस समस्या का समाधान हो गया। यह प्लांट यमुना को स्वच्छ करने में मील का पत्थर साबित होगा।

# बिहार के मुख्यमंत्री ने विभिन्न योजनाओं का किया उद्घाटन

■ विज्ञान प्रदर्शनी बस को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पटना। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शनिवार को तारामंडल में आयोजित एक कार्यक्रम में विज्ञान प्रदर्शनी बस को हरी झंडी दिखाकर राज्य में भ्रमणशील विज्ञान प्रदर्श बस सेवा का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग की विभिन्न योजनाओं का रिमोट के माध्यम से उद्घाटन भी किया। कार्यक्रम के दौरान तारामंडल, पटना में एस्ट्रा पार्क के निर्माण कार्य का शुभारंभ एवं स्मारिका बिक्री केंद्र का उद्घाटन किया गया। साथ ही बिहार विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद (बिहार काउंसिल ऑन साइंस एंड टेक्नोलॉजी), पटना एवं बिहार अभियंत्रण विश्वविद्यालय, पटना के संयुक्त तत्वाधान में सिविल इंजीनियरिंग विभाग के अंतर्गत एमटेक (जियो इंफॉर्मेटिक्स) पाठ्यक्रम का बिहार रिमोट सेंसिंग एप्लीकेशन सेंटर, पटना में शुभारंभ किया गया। आज के कार्यक्रम में तारामंडल, पटना में टेलीस्कोप सहित ऑब्जर्वेटरी डोम के निर्माण के लिए बिहार काउंसिल ऑन साइंस एंड टेक्नोलॉजी तथा राष्ट्रीय विज्ञान संग्रहालय परिसर के बीच समझौता ज्ञापन संपन्न हुआ। साथ ही तारामंडला में इंटर्नशिप पोर्टल का शुभारंभ किया गया। इसके पश्चात मुख्यमंत्री ने वर्चुअल रियलिटी थियेटर का उद्घाटन किया। तारामंडल के मुख्य भवन में 5.6 करोड़ रूपये की लागत से वर्चुअल रियलिटी थियेटर की स्थापना की गयी है। उद्घाटन के पश्चात मुख्यमंत्री ने वर्चुअल रियलिटी थियेटर के संबंध में विस्तृत जानकारी ली और वहां बैठकर इसका अवलोकन किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि यह थियेटर अच्छा बना है। यहां आनेवाले विद्यार्थियों एवं लोगों को विज्ञान के साथ-साथ अन्य नयी जानकारियों का अनुभव होगा। मुख्यमंत्री ने बिहार अभियंत्रण विश्वविद्यालय के इंजीनियरिंग पास आउट छात्र-छात्राओं को डिग्री भी प्रदान की।

# संक्षिप्त समाचार

## मोदी की छत्रछाया में देश के सभी नागरिक सुरक्षित : अनिल विज

**चंडीगढ़।** हरियाणा के ऊर्ज़ा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा एच-1बी वीजा पर एक लाख डॉलर वार्षिक शुल्क लगाने के फैसले पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि चाहे कोई देश कुछ भी कदम उठा ले, लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का छाता देश के सभी नागरिकों पर है। उनके रहते किसी के कपड़े भीगेंगे नहीं। श्री विज ने मीडिया से बातचीत में कहा कि भारतीयों पर किसी प्रकार का कोई असर नहीं पड़ेगा क्योंकि मोदी जी सब देखते हैं और उन्होंने पूरे विश्व में भारतीयों का मान-सम्मान बढ़वाया है। इंडियन ओवरसीज कांग्रेस अध्यक्ष सैम पित्रोदा के बयान कि उन्हें पाकिस्तान, बांग्लादेश और नेपाल में घर जैसा महसूस होता है, पर प्रतिक्रिया देते हुए श्री विज ने कांग्रेस पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान कांग्रेस की औलाद है, इसलिए कांग्रेसियों में बार-बार पाकिस्तान के लिए प्यार उमड़ता है। श्री विज ने कहा कि आजादी की लड़ाई में कहीं भी दो राष्ट्र बनाने का एजेंडा नहीं था, मगर कांग्रेस ने धर्म के आधार पर देश का बंटवारा कराया। बंटवारे के दौरान लाखों लोग मारे गए और करोड़ों बेघर हुए। इसलिए कांग्रेस को खुद को सेक्युलर कहने का कोई अधिकार नहीं है।

## अमृतसर में छह किलो हेरोइन बरामद, एक तस्कर गिरफ्तार

**अमृतसर।** पंजाब में अमृतसर ग्रामीण पुलिस ने सीमा पार से मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले एक गिरोह का भंडाफोड़ किया और गुरु की वडाली, अमृतसर निवासी शंकर सिंह नामक एक ड्रग तस्कर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 6.286 किलोग्राम हेरोइन और चार लाख रुपए की ड्रग मनी बरामद की। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने शनिवार को बताया कि प्रारंभिक जाँच से पता चला है कि आरोपी विदेशी तस्करों के सीधे संपर्क में था। उन्होंने कहा कि अमृतसर ग्रामीण के लोपोके पुलिस थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई है। नेटवर्क के आगे-पीछे के संबंधों सहित पूरी सांठगांठ का पर्दाफाश करने के लिए जाँच जारी है।

## राज्यपाल कटारिया ने विश्वकर्मा मंदिर में मत्था टेका

**फगवाड़ा।** पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया ने शनिवार को फगवाड़ा स्थित श्री विश्वकर्मा मंदिर में मत्था टेका। मंदिर में मत्था टेकने के बाद, उन्होंने मंदिर प्रशासकों और समिति के पदाधिकारियों को संबोधित किया और ट्रस्ट द्वारा सामाजिक सेवाओं, विशेषकर स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में की जा रही सेवाओं की सराहना की। उन्होंने कहा कि श्रम के देवता भगवान विश्वकर्मा के संदेश के अनुरूप, यह स्थान दशकों से जरूरतमंद लोगों को सर्वोत्तम स्वास्थ्य सुविधायें प्रदान कर रहा है, जो हमारे समाज के लिए एक मिसाल है। ट्रस्ट प्रशासकों ने श्री कटारिया का सम्मान भी किया। इससे पहले, उपायुक्त अमित कुमार पांचाल और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गौरव तुरा ने श्री कटारिया का स्वागत किया। इस मौके पर अतिरिक्त उपायुक्त फगवाड़ा डॉ. अक्षिता गुप्ता, एसडीएम जशनजीत सिंह, एसपी गुरप्रीत सिंह और एसडीएम जशनजीत सिंह मौजूद रहे।

## दरभंगा पुलिस कार्यालय में जनसुनवाई छह फरियादियों की समस्याएं सुनी गईं

**दरभंगा।** वरीय पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) दरभंगा ने शनिवार को अपने कार्यालय कक्ष में आयोजित जनसुनवाई में आम नागरिकों की शिकायतें सुनीं और त्वरित कार्रवाई का आश्वासन दिया। जनसुनवाई के दौरान कुल छह फरियादियों की समस्याएं सुनी गईं, जिनमें नगर पुलिस अधीक्षक से जुड़ी 1, विश्वविद्यालय थाना 1, अंचलाधिकारी व थानाध्यक्ष पतोर 1, अंचलाधिकारी व थानाध्यक्ष केवटी 1, थानाध्यक्ष केवटी 1 तथा थानाध्यक्ष कमतौल 1 मामला शामिल रहा। एसएसपी ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रत्येक शिकायत का समाधान वैधानिक प्रक्रिया के तहत सात दिनों के भीतर सुनिश्चित किया जाए। साथ ही पिछली जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतों की प्रगति की समीक्षा कर समयबद्ध कार्रवाई का पालन करने की हिदायत दी। पुलिस प्रशासन के अनुसार, आमजन की समस्याओं का शीघ्र समाधान सुनिश्चित करने के लिए यह जनसुनवाई प्रक्रिया नियमित रूप से जारी रहेगी।

## देसंविवि में हिमालय पर्यावरण संवाद कार्यक्रम पर्यावरण संतुलन के सुझाए उपाय

**हरिद्वार।** पर्यावरण, वन एवं जलवायु मंत्री भूपेन्द्र यादव ने कहा कि धरती भोजन, ऊर्ज़ा से लेकर प्राणी मात्र की समस्त आवश्यकताओं को पूरी करती हैं। धरती व पर्यावरण को बचाये रखने के लिए हमारा विजन क्लियर होना चाहिए। गायत्री परिवार का विजन विज्ञान और अध्यात्म के समन्वय से समाज व राष्ट्र का विकास करना है। वे 4225 वृक्षों की छाया में बसे देवसंस्कृति विश्वविद्यालय में आयोजित हिमालय पर्यावरण संवाद कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि जब हम ईश्वरीय उपहारों एवं प्रकृति का सम्मान करना भूल जाते हैं, तभी विभिन्न समस्याएं खड़ी होती है। प्राणिमात्र द्वारा उपयोग किये जाने वाले प्रत्येक संसाधनों का मूल स्रोत धरती ही है। संवाद कार्यक्रम के अध्यक्ष व देसंविवि के प्रतिकुलपति डॉ चिन्मय पण्ड्या ने कहा कि भारत की भूमि देवों की भूमि है। भारत हमारी माता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान स्थिति से उबरने के लिए हमें उनसे अपनेपन के साथ जुडना होगा। तभी भारत समृद्ध होगा और पर्यावरण का संतुलन होगा। बताया कि देवसंस्कृति विश्वविद्यालय व शांतिकुंज कई दशकों से जीरो कार्बन फूटप्रिंट क्षेत्र है। गायत्री परिवार विगत कई दशकों से इस दिशा में कार्य कर रहा है। विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय हरित अधिकरण के न्यायाधीश अफरोज अहमद ने कहा कि मुझे गायत्री परिवार के कई कार्यक्रमों में शामिल होने का मौका मिला है। आचार्यश्री के विचारों में महान व्यक्तित्व गढने का सूत्र भरा है। न्यायाधीश ने कहा कि पर्यावरण संतुलन हेतु प्राकृतिक संसाधनों का उपभोग नहीं, सदुपयोग करना चाहिए। भारतीय नदी परिषद् के अध्यक्ष रमन कांत ने पौराणिक ग्रंथों के विभिन्न उदाहरणों के माध्यम से पर्यावरणीय संतुलन बनाये रखने के साथ ही भौतिक विकास करने की वकालत की। राष्ट्रीय नदी परिषद् के सलाहकार श्री मनु गौड़ ने कहा कि प्राकृतिक आपदाओं से बचने के लिए पर्यावरण को बचाये रखना आवश्यक है। इससे पूर्व अतिथियों ने प्रज्ञेश्वर महादेव मंदिर में पूजा अर्चना कर हिमालय और पर्यावरण को बचाये रखने हेतु विशेष प्रार्थना की। साथ ही वीर सैनिकों की याद में बने शौर्य दीवार पर अपनी भावांजलि अर्पित की। डॉ पण्ड्या एवं केन्द्रीय मंत्री श्री यादव सहित अतिथियों ने विभिन्न पत्रिकाओं का विमोचन किया। इस अवसर पर कुलपति शरद पारधी, व्यवस्थापक योगेन्द्र गिरि, जिला प्रशासन के अनेक अधिकारीगण, देसंविवि व शांतिकुंज परिवार सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# डीयू के सौ वर्ष के सफर का दस्तावेज 'द यूनिवर्सिटी ऑफ दिल्ली' का विमोचन

कैनविज टाइम्स संवाददाता




नई दिल्ली। दिल्ली विश्वविद्यालय ने अपने सौ साल के गौरवशाली इतिहास, चुनौतियों और उपलब्धियों को दर्ज करने वाली पुस्तक ह्लद यूनिवर्सिटी ऑफ दिल्ली- ए कोम्प्रहेंसिव अकाउंट ऑफ इट्स रिलायंस, नॉलेज, लीडरशिप एंड ग्रोथह्न का शुक्रवार शाम को लोकार्पण किया। कन्वेंशन हॉल में आयोजित कार्यक्रम में शिक्षा, विज्ञान और साहित्य जगत की कई जानी-मानी हस्तियां मौजूद रहीं।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि अपनी स्थापना के समय धन और पदाधिकारियों की कमी जैसी ऐतिहासिक बाधाओं के बावजूद डीयू ने अपने दायरे और प्रभाव का लगातार विस्तार किया है। उन्होंने बताया कि 1922 में विश्वविद्यालय को जहां मात्र 25,000 रुपये का वार्षिक सरकारी अनुदान मिलता था, वहीं राशि आज बढ़कर एक हजार करोड़ रुपये से अधिक हो गई है। उन्होंने कहा कि यह न सिर्फ दिल्ली विश्वविद्यालय की प्रगति बल्कि राष्ट्र के इस संस्थान पर विश्वास का प्रमाण है। प्रो. सिंह ने कहा कि विश्वविद्यालय ने शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता स्थापित करने के साथ-साथ राष्ट्रीय स्वतंत्रता आंदोलन और स्वतंत्र भारत में देशभक्ति की भावना को पोषित करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने संस्थागत चुनौतियों जैसे टकराव, कुप्रबंधन और संसाधनों की कमी से निपटने में नेतृत्व की अहमियत पर भी जोर दिया। लोकार्पण समारोह में राष्ट्रीय विज्ञान अकादमी के फ़ेलो और सीएसआईआर-एनआईएसटीएडीएस के पूर्व निदेशक प्रो. अशोक जैन, प्रख्यात लेखिका एवं जयपुर साहित्य महोत्सव की सह-संस्थापक डॉ. नमिता गोखले, साउथ कैंपस निदेशक प्रो. रजनी अब्बी, डीन ऑफ कॉलेजेज प्रो. बलराम पाणि, रजिस्ट्रार डॉ. विकास गुप्ता और सांस्कृतिक परिषद के चेयरपर्सन एवं पीआरओ अनूप लाठर सहित अनेक विद्वान, लेखक और छात्र शामिल हुए। समारोह के दौरान आयोजित पैनल चर्चा में प्रख्यात वैज्ञानिक प्रो. अशोक जैन ने कहा कि स्थापना के शुरुआती वर्षों से ही डीयू ने विज्ञान और शोध को प्राथमिकता दी। उन्होंने बताया कि क्वांटम भौतिकी, खगोल भौतिकी, रसायन विज्ञान और जीव विज्ञान में शुरुआती शोध पहल विश्वविद्यालय की वैज्ञानिक सोच का प्रमाण हैं। उन्होंने 1997 में सूचना विज्ञान और संचार संस्थान की स्थापना को डीयू की ऐतिहासिक पहल बताया। पुस्तक की लेखिका प्रो. मनीषा चौधरी ने कहा कि पुस्तक लिखने के पीछे उनकी प्रेरणा विश्वविद्यालय के सौ साल के सफर को दस्तावेज के रूप में पेश करना था। इस पुस्तक में विश्वविद्यालय के प्रथम कुलपति हरि सिंह गौर (1922-1926) से लेकर वर्तमान कुलपति प्रो. योगेश सिंह तक की यात्रा को समेटा गया है। साथ ही स्कूल ऑफ ओपन लर्निंग, गैर-कॉलेजिएट महिला शिक्षा बोर्ड और घटक महाविद्यालयों की स्थापना की कहानियां भी विस्तार से शामिल की गई हैं।

# दिल्ली के स्कूलों को बम धमकियों पर केजरीवाल ने सरकार पर बोला तीखा हमला

नई दिल्ली। दिल्ली के स्कूलों को लगातार मिल रही बम धमकियों को लेकर आम आदमी पार्टी (आआपा) के राष्ट्रीय संयोजक और पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शनिवार को सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि अभिभावकों, बच्चों और स्कूल प्रशासन में दहशत है। अरविंद केजरीवाल ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा है कि ह्लदिल्ली के स्कूलों को बार-बार बम धमकी मिल रही हैं। हर तरफ अफरा-तफरी हो जाती है, स्कूलों की छुट्टी होती है, बच्चों और अभिभावकों में डर फैलता है लेकिन एक साल से न कोई पकड़ा गया, न कोई कार्रवाई हुई। चार इंजन वाली सरकार राजधानी की सुरक्षा तक नहीं संभाल पा रही। माता-पिता रोज डर में जी रहे हैं। आखिर ये सब कब खत्म होगा? केजरीवाल ने 'चार इंजन' वाली सरकार को कानून-व्यवस्था बनाए रखने में पूरी तरह विफल बताया। उन्होंने कहा कि दिल्ली की जनता और उनके बच्चे असुरक्षित महसूस कर रहे हैं।

# पंजाब के राज्यपाल ने बाढ़ पीड़ितों के लिए राहत सामग्री के सात ट्रकों को दिखाई हरी झंडी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

जालंधर। पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया ने शनिवार को जालंधर स्थित बाबा मोहन दास आश्रम से बाढ़ प्रभावित परिवारों के लिए राहत सामग्री के सात ट्रकों को हरी झंडी दिखाई। उनके साथ पंजाब पर्यटन एवं सांस्कृतिक मामलों के विभाग के सलाहकार दीपक बाली, उपायुक्त डॉ. हिमांशु अग्रवाल, पुलिस आयुक्त धनप्रीत कौर और आध्यात्मिक गुरु मां सोमा देवी जी भी मौजूद थीं। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि हाल ही में आयी बाढ़ से पंजाब सबसे बुरी तरह प्रभावित राज्यों में से एक था, लेकिन ज़रूरतमंदों की मदद करने में पंजाबियों की अदम्य भावना ने मानवता की सेवा में एक नया मानदंड स्थापित किया है। उन्होंने कहा कि इस आपदा के दौरान पंजाब में उन्होंने जो अभूतपूर्व एकता और सेवा भावना देखी, वह देश में कहीं भी बेजोड़ है। उन्होंने कहा, मानवता का एक विशाल सागर बाढ़ पीड़ितों के समर्थन में एक साथ खड़ा था, जिससे उन्हें इस प्राकृतिक आपदा से उबरने में मदद मिली। राज्यपाल ने बाबा मोहन दास ट्रस्ट के योगदान की विशेष रूप से सराहना की, जिसने प्रभावित गांवों के लिए राहत सामग्री के सात ट्रक भेजे। उन्होंने कहा कि ट्रस्ट हमेशा से ही मानवीय सेवा में अग्रणी रहा है, साथ ही शिक्षा और धर्म के क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण योगदान देता रहा है। इससे पहले, जालंधर जिला प्रशासन ने आश्रम पहुंचने पर राज्यपाल का स्वागत किया। बाद में, उन्होंने आध्यात्मिक स्थल पर भी पूजा-अर्चना की।

# इस बार नवरात्रि में हाथी पर सवार होकर आ रहीं मां दुर्गा

कैनविज टाइम्स संवाददाता




हरिद्वार। मा शक्ति की आराधना का पर्व नवरात्र इस बार 22 नवम्बर से आरंभ हो रहे हैं। सनातन धर्म में नवरात्रि का विशेष महत्व है। इस बार एक नवरात्र अधिक होगा। चतुर्थी तिथि में वृद्धि के चलते नवरात्रि इस बार दस दिन के होंगे। इन नवरात्रि में मां दुर्गा हाथी पर सवार होकर आएंगी, जो की शुभ माना जाता है। 22 सितम्बर से 1 अक्टूबर तक चलने वाले नवरात्र पर्व को लेकर ज्योतिषियों के अनुसार, हाथी पर सवार माता दुर्गा का आगमन सुख, समृद्धि और उन्नति का प्रतीक है। यह संकेत देता है कि देश और घर में धन-धान्य की कोई कमी नहीं रहेगी। ऐसे अवसर पर घटस्थापना और पूजा का शुभ मुहूर्त अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है। इस साल प्रतिपदा तिथि 22 सितंबर को रात 01: 23 बजे से 23 सितंबर को 02: 55 बजे तक रहेगा। घटस्थापना का शुभ मुहूर्त सुबह 06: 09 से 08: 06 बजे तक है। इसके अतिरिक्त अभिजित मुहूर्त सुबह 11.49 से दोपहर 12.38 तक रहेगा। घटस्थापना की कुल अवधि लगभग 49 मिनट की है। ज्योतिष के मुताबिक मां दुर्गा को हाथी पर सवार होकर धरा पर आना न केवल व्यक्तिगत जीवन में समृद्धि और सुख का संकेत देता है, बल्कि समाज और देश में भी स्थिरता और खुशहाली का प्रतीक होता है। इन नवरात्र में 22 सितंबर प्रतिपदा, 23 सितंबर द्वितीया, 24 सितंबर तृतीया, 26 व 27 सितंबर चतुर्थी, 27 सितंबर पंचमी, 28 सितंबर षष्ठी, 29 सितंबर महा सप्तमी, 30 सितंबर महा अष्टमी व 1 अक्टूबर को महा नवमी मनायी जाएगी, जबकि 2 अक्टूबर विजयादशमी पर्व का आयोजन होगा। इस बार कलश स्थापना के समय 22 सितंबर को प्रातःकाल से शाम 07.59 बजे तक शुक्ल योग रहेगा, जिसके बाद ब्रह्म योग शुरू होगा। शुक्ल योग को कार्यसिद्धि और मंगलकारी योग माना जाता है। ऐसे में इस समय किए गए कलश स्थापना और मां दुर्गा के आह्वान को विशेष फलदायी बताया गया है। नवरात्रि के पहले दिन मां शैलपुत्री की पूजा की जाती है, जो पर्वत की पुत्री और नवदुर्गा का प्रथम रूप हैं। शारदीय नवरात्र को लेकर अभी से बाजारों में रौनक दिखायी देने लगी है। पजा सामग्री के बाजार सजने लगे हैं। इसके साथ ही मां दुर्गा की प्रतिमाएं भी जगह-जगह बिक्री के लिए सजी हुई हैं।

# बिहार विधानसभा चुनाव : सारण जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने की कोषांगों की बैठक

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पटना। बिहार में सारण जिला के निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी अमन समीर की अध्यक्षता में शनिवार को समाहरणालय सभागार में सभी कोषांगों के वरीय पदाधिकारियों एवं नोडल पदाधिकारियों की समीक्षा बैठक हुई, जिसमें आगामी विधानसभा चुनाव से संबंधित आववश्यक सुझाव और निर्देश दिए गए। निर्वाचन कार्य को व्यवस्थित एवं सुगम तरीके से कराने के लिये जिला स्तर पर कुल 22 कोषांग गठित किए गए हैं। बैठक में कार्मिक, प्रशिक्षण, इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (इवीएम), बज्रगृह, सामग्री, विधि-व्यवस्था, आदर्श आचार संहिता, मतपत्र, डाक मतपत्र, नाम निर्देशन, प्रेक्षक, मीडिया, कंप्यूटरीकरण, साइबर सुरक्षा, शिकायत निवारण, संचार , सिंगल विंडो, स्वीप, निर्वाचन कोषांग आदि की पावरपॉइंट प्रेजेंटेशन (पीपीटी) के माध्यम से कार्य योजना की समीक्षा की गयी और आवश्यक निर्देश दिए गए। बैठक में बताया गया कि कार्मिक कोषांग की ओर से कार्मिकों का डेटाबेस तैयार कर इसका पुनःसत्यापन कर लिया गया है। कार्मिकों के प्रथम नियुक्ति पत्र निकालने के लिये सभी तैयारी समय सीमा के अनुरूप सुनिश्चित करने को कहा गया। चिकित्सीय आधार पर चुनाव कर्तव्य से मुक्ति के लिये प्राप्त आवेदनों पर निर्णय लेने के लिये आवेदक का स्वास्थ्य परीक्षण मेडिकल बोर्ड द्वारा किया जायेगा। अपर समाहर्त्ता की अध्यक्षता में चिकित्सा मण्डल गठित किया जायेगा। प्रशिक्षण कोषांग के नोडल पदाधिकारी सह जिला शिक्षा पदाधिकारी ने बताया कि कार्मिकों के प्रशिक्षण के लिए 10 प्रशिक्षण स्थल चिन्हित किये गये हैं। प्रथम प्रशिक्षण 5 से 11 अक्टूबर के बीच संभावित है। सभी पीठासीन पदाधिकारी एवं पी-वन को ईवीएम का हैंड्स ऑन प्रशिक्षण दिया जायेगा। इसके लिये सभी प्रशिक्षण स्थल पर अलग से व्यवस्था रहेगी। सभी प्रशिक्षण स्थल पर चिकित्सा दल भी तैनात रहेगा।




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - **राकेश कुमार पाण्डेय** कार्यकारी सम्पादक* - **अरशद सईद खान** स्टेट हेड - **संदीप मिश्रा**

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।

समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063